www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रांची, बुधवार, 31 अगस्त 2022, भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2079 वर्ष-08 अंक-137 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये
रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖
3 | राजधानी
5 | झारखंड
6 | अभिव्यक्ति
7 | झारखंड

//-- सुविचार --//

अगर आप अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं, तो लोगों के मन की नहीं, अपने मन की सुनो...!!

सूर्योदय

उदय : 5.30 प्रातः
अस्त : 6.08 संध्या

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	23.0
जमशेदपुर	35.0	26.0
रामगढ़	32.4	25.1
डालटनगंज	34.0	25.0

सियासी अनिश्चितता के बीच सत्ताधारी दल के विधायक छत्तीसगढ़ शिफ्ट

31 विधायक व सभी मंत्री पहुंचे रायपुर

- कांग्रेस के सभी मंत्रियों समेत 12 विधायक और जेएमएम के 19 विधायक रायपुर पहुंचे
- कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारी भी साथ गये

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड में कायम राजनीतिक अनिश्चितता के बीच सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों का कुनबा कड़ी सुरक्षा के बीच चार्टर्ड विमान से रायपुर के मेफेयर रिसोर्ट पहुंच गया है। रांची से रायपुर गये विधायकों के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है, लेकिन बताया गया है कि 31 यूपीए विधायक और मंत्री रायपुर पहुंचे हैं। इनमें कांग्रेस के चार मंत्री रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख समेत 12 विधायक शामिल हैं। कांग्रेस के शेष 6 विधायकों में तीन विधायक निलंबित हैं और कोलकाता हाईकोर्ट ने उन्हें 3 महीने कोलकाता में ही रहने का आदेश दिया है, जबकि विधायक प्रदीप यादव की तबीयत खराब बतायी गयी है, वहीं मातृत्व अवकाश के कारण ममता देवी भी रायपुर नहीं गयीं। वहीं कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह भी नहीं गये।

जेएमएम के 30 में से 19 विधायक रायपुर गये हैं। इस तरह से कुल 31 विधायक और मंत्री रायपुर गये हैं। रायपुर नहीं हाने वालों में सीएम हेमंत सोरेन के अलावा मंत्री मिथिलेश ठाकुर, जगरनाथ महतो, जोबा मांझी, चंपई सोरेन और हफीजुल हसन अंसारी शामिल हैं। लेकिन जेएमएम विधायक सविता महतो, लोबिन हेम्ब्रम, दीपक बिरुआ और बसंत सोरेन भी रायपुर नहीं गये हैं, जबकि जेएमएम के रवींद्रनाथ महतो स्पीकर हैं, इसलिए वे प्रत्यक्ष राजनीति से दूर हैं। खास बात यह है कि सरकार में आरजेडी के इकलौते विधायक और मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी रायपुर नहीं गये हैं।

विशेष विमान से रांची से दिल्ली जाने वालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रभारी अविनाश पांडेय, उनके पीए संतोष पांडेय और राहुल प्रताप सिंह के अलावा मंत्रियों और विधायकों के कुल छह पीए गये हैं। जबकि रायपुर गये अलग-अलग पार्टियों के पीए और पदाधिकारियों की सख्या भी 10 है। जानकारी के अनुसार 1 सितंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक की वजह से कोरम पूरा करने के लिए शेष मंत्रियों को रोका गया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद विधायकों को रायपुर शिफ्ट करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। मुख्यमंत्री सहित उनके कैबिनेट में शामिल ज्यादातर मंत्री रांची में ही रुके है। सीएम ने आगामी 1 सितंबर को रांची में कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है,जिसमें ताजा राजनीतिक हालात के मद्देनजर अहम फैसले लिये जा सकते है।

दबंगों ने मदरसे की जमीन बताकर मुसहर परिवारों को किया बेघर

50 महादलित सदस्यों के घर उजाड़े, गांव से जबरन बाहर निकाला

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड में पलामू जिले के पांडू प्रखंड की कुजरुकला पंचायत के अल्पसंख्यक बहुल मुरूममातू गांव में लगभग 4 दशक से मिट्टी और खपरैल के घर में रह रहे करीब 50 लोगों को दबंगों ने बेघर कर दिया है। लगभग चार दशक से गांव में रह रहे 50 मुसहर सदस्यों के घरों को तोड़ डाला गया। दबंगों ने मदरसे की जमीन बता कर इन परिवारों को हटा दिया और उन्हें गांव से जबरन निकाल दिया गया।

बताया गया है कि दबंगों ने सोमवार को अचानक समूह बनाकर टोंगरी पहाड़ी के निकट रह रहे मुसहरों के कच्चे घर और झोपड़ियों पर हमला बोल दिया। इस दौरान कई घर तोड़ दिये गये। बाद में डरे-सहमे लोग स्थानीय 50 लोग पांडू थाना पहुंचे और पुलिस से इंसाफ की गुहार लगायी। गांव और जमीन से बेदखल किये जाने के बाद महादलित समुदाय के ये लोग अब अपने आशियाने के लिए भटक रहे हैं। घर तोड़े जाने के बाद इन परिवारों ने ट्रक और अन्य वाहनों पर अपने सामान रखकर आसपास के रिश्तेदारों और अन्य ठिकानों की तलाश में जुटे हैं। वहीं बारिश के मौसम में इन्हें बेखर किये जाने से उनकी मुश्किलें काफी बढ़ गयी है। घर से बेघर किये गये लोगों का दावा है कि 40 साल पहले सर्वे में भी यह गैर मजरूआ भूखंड उनके नाम पर्चा में दर्ज है।

घर उजाड़ने और मारपीट करने वालों पर मामला दर्ज

जहां वे बेघर हुए वहीं बसेंगे : एसडीएम

घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार को एसडीएम राजेश साह और एसडीपीओ सुरजीत कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है। आरोपितों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पांडु थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरुमातु गांव में दलित समुदाय के कुछ लोगों को उजाड़ने का मामला तूल न पकड़े, इसके लिए सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह और एसडीपीओ सुजीत कुमार सहित जिले के अधिकारियों की टीम कैम्प कर रही है।

कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराया

जानकारी के अनुसार मदरसे की जमीन पर महादलितों का परिवार लंबे से रह रहा था। सोमवार को कुछ लोग आए और पीड़ितों से जबरन कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिया। साथ ही उनके साथ मारपीट की गयी। महादलितों ने कहा है कि उन सभी को मारा-पीटा गया और जबरन गांव से बेदखल कर दिया गया है। साथ ही जेसीबी चलाकर जमीन को समतल कर दिया गया। मारपीट की घटना में कई बुजुर्ग और महिलाएं घायल हो गए।

राज्यपाल ने पलामू डीसी से मांगी रिपोर्ट

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने मंगलवार को पलामू जिले के पांडु थाना क्षेत्र के मुरुमातु गांव में कुछ समुदाय विशेष के लोगों की ओर से कथित लगभग 50 महादलित परिवारों के घर ध्वस्त कर बेघर करने की खबर पर अपनी चिंता प्रकट की है। राज्यपाल ने घटना का संज्ञान लेते हुए पलामू के उपायुक्त को सम्पूर्ण घटना के संदर्भ में दो दिनों के अंदर एक विस्तृत जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

दस्तावेज का अवलोकन हो रहा है : एसडीपीओ

एसडीपीओ सुजीत कुमार ने बताया कि जो बातें सामने आई हैं उसके अनुसार मामला जमीन से जुड़ा हुआ है। कागजात का अवलोकन किया जा रहा है। उम्मीद है मामले को सलटाया जाएगा। एसडीएम राजेश कुमार शाह ने बताया कि घटना स्थल का मुआयना करने पर घर उजड़ने की घटना सही है। जो भी इस घटना के जिम्मेवार व्यक्ति हैं सभी पर मामला दर्ज कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि जहां पर उजड़ा गया है वहां उन सभी को बसाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उजड़े लोगों कब लिए अनाज की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही खाली सरकारी जमीन पर स्थाई बंदोबस्ती की जाएगी।

गिरिडीह में स्वाइन फ्लू के दो मरीज मिले

गिरिडीह। जिले के गांडेय व जमुआ प्रखंड में स्वाइन फ्लू के दो मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। दोनों मरीज प्रवासी मजदूर हैं। रांची के रिम्स में वायरोलॉजी लैब से स्वाइन फ्लू की पुष्टि के बाद दोनों का इलाज चल रहा है। सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि जमुआ प्रखंड निवासी मरीज परिवार के छह सदस्यों का सैंपल 29 अगस्त को लिया गया। सैंपलों को जांच के लिए रिम्स वायरोलॉजी लैब भेजा गया है। महामारी नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आशीष मोहन सिन्हा ने बताया कि मरीज के परिवार वालों और पड़ोसियों का सर्वे किया जा रहा है। सर्दी, खांसी बुखार से पीड़ित व्यक्ति की तलाश जारी है।

सीएस ने बताया कि स्वाइन फ्लू के दो मरीजों मिलने के साथ ही रैपिड रिस्पांस टीम को एक्टिव रहने का निर्देश दिया गया है। कोरोना काल में इस टीम का गठन किया गया था। जिला मुख्यालय के अलावा जिले के सभी प्रखंडों में भी टीम का गठन किया गया है। शिकायत मिलने पर टीम तुरंत पहुंचेगी। सर्दी, खांसी या बुखार से पीड़ित मरीज तत्काल चिकित्सा केंद्र पहुंचकर स्वाइन फ्लू जांच कराएं।

चतरा मामला. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया निर्देश

एसिड अटैक पीड़ित बच्ची एयर लिफ्ट कर शिफ्ट होगी दिल्ली

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रिम्स सुप्रीटेंडेंट के नेतृत्व में गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उक्त निर्णय लिया है। बच्ची को जल्द से जल्द दिल्ली शिफ्ट करने की प्रक्रिया उपायुक्त रांची ने शुरू कर दी है।

मिलेगी सहयोग राशि

इस मामले में उपायुक्त चतरा अबू इमरान ने बताया कि पीड़ित बच्ची के परिजनों को एक लाख रुपए की सहयोग राशि उपलब्ध करायी जा रही है। उक्त राशि से संबंधित चेक रिम्स में इलाजरत बच्ची के परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं दूसरी ओर, इस जघन्य कांड में शामिल आरोपी संदीप भारती को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर अग्रेतर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो बच्ची पर 5 अगस्त 2022 को हमला हुआ था। इसके बाद से उसका इलाज रिम्स हो हो रहा है। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने बच्ची के बेहतर इलाज का निर्णय लिया है।

शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकी ढेर

शोपियां : शोपियां जिले के नागबल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार शाम शुरू हुई मुठभेड़ में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। मारे गए तीनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन से संबंधित हैं। ये तीनों आतंकी स्थानीय थे। सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में अन्य आतंकियों की संभावना के चलते अभियान जारी रखा है। एडीजीपी कश्मीर ने कहा कि शोपियां मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकी लश्कर के स्थानीय आतंकी थे जिनकी पहचान दानिश खुर्शीद भट, तनवीर वानी और तौसीफ भट के रूप में हुई है। ये तीनों कई आतंकी हमलों में शामिल थे। आतंकी दानिश शोपियां में युवाओं की आतंकी रैंकों में भर्ती करने में शामिल था।

झारखंड का राजनीतिक माहौल गर्म, सत्ताधारी दल के साथ विपक्ष भी अतिसक्रिय

सियासी अनिश्चितता व अपराध के चलते सुर्खियों में झारखंड

रांची। झारखंड आजकल विभिन्न कारणों से सुर्खियों में है। एक ओर जहां राज्य की सियासत में अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं अंकिता हत्याकांड राज्य की दिन-ब-दिन बिगड़ती कानून व्यवस्था की वास्तविकता बयां करती है। इस बीच चतरा में एकतरफा प्यार में एक किशोरी पर एसिड अटैक की वारदात का खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं, दुमका में दलित उत्पीड़न की घटना ने सूबे को और भी बदनाम कर दिया है।

पहले बात करते हैं राज्य की राजनीति की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लाभ के पद के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता जानी तय मानी जा रही है। इस बाबत भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल को अपना मंतव्य भेज दिया है। राज्यपाल ने भी अपनी संस्तुति दे दी है। कभी भी इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है।

इस द्वंद्व के बीच सियासी हलचल बढ़ गई है। यूपीए के दल राज्यपाल से बार-बार आग्रह कर रहे हैं कि स्थिति साफ की जाये लेकिन असमंजस बरकरार है। फिलहाल, मुख्यमंत्री सोरेन और यूपीए के विधायक इस मामले के हर पहलुओं पर बार-बार मंथन कर रहे हैं। सोरेन पार्टी विधायकों के लगातार संपर्क में हैं। हार्स ट्रेडिंग के भय से सभी विधायकों को एक जगह सुरक्षित रखा जा रहा है। सभी विधायकों को छत्तीसगढ़ के रायपुर ले जाया गया है।

दुमका की घटना से बवाल

झारखंड की इस सियासी हलचल के बीच दुमका में अंकिता हत्याकांड ने और भी आग लगा दी है। दुमका जिले में 23 अगस्त को 12वीं की छात्रा अंकिता सिंह पेट्रोल डालकर जला दी गयी। रिम्स में इलाज के दौरान पांचवें दिन उसकी मौत हो गयी। राज्य की यह आग पूरे देश में फैल गई। झारखंड हाई कोर्ट ने आज इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भी रांची पहुंची और बुधवार को पीड़ित परिजनों से बातचीत करेगी।

चतरा में एसिड अटैक

दुमका की आग अभी थमी नहीं कि चतरा जिले में भी किशोरी पर एसिड अटैक की वारदात का खुलासा हुआ है। घटना बीते चार अगस्त की है। एकतरफा प्यार में संदीप ने काजल पर तेजाब फेंक दिया। हालत नाजुक में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री भी पीड़ित को देखने आज रिम्स पहुंचे। मंत्री ने जरूरत पड़ने पर काजल को एयरलिफ्ट करने की बात कही है। पीड़ित के परिजनों ने अंकिता के जैसे ही त्वरित न्याय की मांग की है।

पलामू में दबंगई

अभी यह सब बवाल चल ही रहा है कि पलामू जिले में एक समुदाय विशेष के लोगों ने महादलित समाज के 50 घरों पर बुलडोजर चलवा दिया है। इन लोगों के साथ मारपीट भी हुई है। सभी पीड़ित आशियाने की तलाश में दर-ब-दर भटक रहे हैं। हालांकि, जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज करा दिया है। साथ ही पीड़ितों को दोबारा बसाने की कवायद भी शुरू कर दी है।

बाबूलाल के दलबदल मामले में सुनवाई पूरी

रांची। झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) से भाजपा में गये बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में झारखंड विधानसभा के न्यायाधिकरण में आज सुनवाई पूरी हो गयी है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है।

विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में मंगलवार को दलबदल मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता द्वारा बार-बार गवाहों को पेश करने की मांग को न्यायाधिकरण ने खारिज कर दिया। न्यायाधिकरण की ओर से साफ कहा गया कि जिन आठ बिन्दुओं को कोर्ट ने पूर्व में निर्धारित कर रखा है, उस पर बात करें।

इसका बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि उन्हें संवैधानिक प्रावधानों को रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने न्यायाधिकरण के समक्ष बार-बार प्रोपोज्ड इश्यू और साक्ष्य को रखने की मांग की। श्री मरांडी के अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि दल बदल मामले में एक ही तरह के सात मामले हैं, लेकिन सिर्फ श्री मरांडी के मामले में तेजी है,जबकि प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के मामले पर कुछ नहीं हो रहा है। यह आधा और अपूर्ण सुनवाई के आधार पर फैसला देने की तैयारी न्यायोचित नहीं है।

न्यायाधिकरण ने सभी बिन्दुओं को सुनने के बाद श्री मरांडी की सदस्यता से जुड़े मामले पर आदेश सुरक्षित रख लिया है और कभी भी इस पर विधानसभा अध्यक्ष अपना फैसला सुना सकते है। ये चार मामले राजकुमार यादव बनाम बाबूलाल मरांडी, भूषण तिर्की बनाम बाबूलाल मरांडी, दीपिका पांडेय सिंह बनाम बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव व बंधु तिर्की बनाम बाबूलाल मरांडी है।

विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में 1 सितंबर को कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप के मामले में सुनवाई होगी। इसके अलावा विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के मामले में भी इसी दिन सुनवाई होगी।

सीएम हेमंत सोरेन समेत 9 विधायकों की सदस्यता पर मंडरा रहे हैं संकट के बादल

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में फैसले की सभी को प्रतीक्षा है। लेकिन उनके साथ ही आठ अन्य विधायकों की विधानसभा सदस्यता को रद्द करने का मसला स्पीकर के न्यायाधिकरण, भारत निर्वाचन आयोग और राज्यपाल के समक्ष विचाराधीन है। सीएम हेमंत सोरेन की तरह की खनन पट्टा लीज मामले में उनके छोटे भाई और दुमका के जेएमएम विधायक बसंत सोरेन का मामला भी भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष विचाराधीन है। जबकि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के लाभ के पद मामले में याचिका दायर कर उनकी सदस्यता रद्द करने का आग्रह किया गया।

दूसरी तरफ सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को कोलकाता में भारी कैश के साथ गिरफ्तारी हुई है। अब कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की ओर से उन तीनों की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने को लेकर स्पीकर से आग्रह किया गया है। इस मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में एक सितंबर को सुनवाई होने वाली है।

इधर, बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की विधानसभा सदस्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर भी सुनवाई चल रही है।

प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की सदस्यता को भी चुनौती दी गयी थी। बाद में आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले के कारण उनकी सदस्यता खत्म हो गयी। प्रदीप यादव की सदस्यता पर अब भी संकट के बादल मंडरा रहे है। वहीं बीजेपी विधायक समरीलाल की सदस्यता जाति प्रमाण पत्र के कारण संकट में पड़ी है। समरीलाल वर्ष 2019 के चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित कांके विधानसभा सीट से चुनाव जीत कर आये हैं, लेकिन वे मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले है। इसे लेकर उनकी सदस्यता को चुनौती दी गयी है।

एक नजर

अविलंब गिरफ्तार किया जाये सीमा पात्रा को : नायक

रांची : गुमला की बेटी आदिवासी मेड सुनीता खाखा के साथ अमानवीय पाशविक अत्याचार करने वाली रिटायर्ड आईएएस महेश्वर पात्रा की पत्नी और भाजपा नेत्री सीमा पात्रा को एससी एसटी एक्ट के तहत एवं विभिन्न भारतीय दंड विधान की धारा को लगाकर अविलंब गिरफ्तारी की जाए अन्यथा उनके घर को घेराबंदी अशोकनगर में की जाएगी, जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पर होगी। उपरोक्त बातें झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष- सह- हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने एक विज्ञप्ति जारी कर मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि भाजपा नेत्री सीमा पात्रा ने मानवता को शर्मसार किया है और आदिवासी बेटी पर जुल्म का इंतहा पार किया है, जो माफी योग्य नहीं है जिसकी जितनी निंदा किया जाय कम है। इस अमानवीय पाशविक अत्याचार एवं व्यवहार करने से उनके अपने पुत्र आयुष्मान पात्रा ने जब विरोध किया और उसने मां से ऐसा अमानवीय अत्याचार नहीं करने को कहा तो सीमा पात्रा ने उल्टे उसे मानसिक रोगी करार देते हुए रिनपास में भर्ती कर दिया। आयुष्मान पात्रा अभी भी रिनपास में भर्ती है, जो इस बात को दर्शाता है कि भाजपा नेता सीमा पात्रा एक निहायत ही अपराधिक षड्यंत्रकारी शातिर मानसिकता की महिला है।

तेजप्रताप पहुंचे रांची, एयरपोर्ट पर स्वागत

रांची। बिहार सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेजप्रताप यादव दो दिवसीय झारखंड दौरे पर मंगलवार को रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राजद कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। तेजप्रताप यादव से पत्रकारों ने सवाल पूछे लेकिन उन्होंने उसका कुछ जवाब नहीं दिया। वह सीधे गाड़ी में सवार होकर राजकीय अतिथिशाला के लिए रवाना हो गए।

नाबालिग से यौन शोषण के दोषी को 10 साल की सजा

रांची। पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से यौन शोषण मामले के दोषी सैयद नदीम उर्फ सोनू को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इससे पूर्व अदालत ने सैयद नदीम को 22 अगस्त को दोषी ठहराया था। इस मामले में अभियोजन की ओर से आठ लोगों की गवाही दर्ज कराई गई थी। उल्लेखनीय है कि सैयद नदीम के खिलाफ यौन शोषण को लेकर पीड़िता ने कांके थाना में 27 जनवरी, 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके दूसरे दिन ही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से आरोपित जेल में ही है।

सीमा पात्रा मामले में राज्यपाल ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने अशोक नगर, रांची स्थित रोड नंबर एक की निवासी व सेवानिवृत्त भाप्रसे के पधाधिकारी की पत्नी सीमा पात्रा द्वारा घर में काम करनेवाली युवती सुनीता के साथ अत्यंत अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किए जाने की खबर का संज्ञान लेते हुए और अपनी नाराजगी जताते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक से पूछा है कि अब तक पुलिस द्वारा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कोई क्यों कार्रवाई नहीं की गई है। राज्यपाल महोदय ने पुलिस की शिथिलता पर भी अपनी गंभीर चिंता प्रकट की है।

मोमबत्ती गैंग अंकिता मामले में चुप क्यों है : सीपी सिंह

रांची। राज्य के पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने दुमका की अंकिता हत्याकांड पर हेमंत सरकार को खूब खरी- खोटी सुनाई है। बीजेपी विधायक ने कहा कि जब एक बेटी जिंदगी के लिए तड़प रही थी, दूसरी तरफ सरकार सत्ता बचाने के लिए पिकनिक पर गई हुई थी। सीपी सिंह ने अंकिता हत्याकांड पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिन्दू की बेटी को जिंदा जलाकर मुस्लिम समुदाय के युवक ने मार डाला और मोमबत्ती गैंग चुप बैठे रहे, चोर तबरेज हत्याकांड पर आंसू बहानेवाले आज चुप बैठे हैं. यदि किसी मुस्लिम बेटी के साथ इस तरह की घटना होती तो मामला दुमका, रांची होते हुए सीधे यूरोप तक पहुंच जाता। उन्होंने कहा, मुस्लिम समुदाय का युवक जो चोरी के आरोप में मॉब लिंचिंग का शिकार हुआ, उसके लिए न केवल राज्य, बल्कि देश के सदन तक बहस हुई, विदेशों में भी हाय-तौबा मचाया गया। झारखंड को मोमबत्ती गैंग वालों ने बदनाम किया। लेकिन अब जब एक मुस्लिम युवक ने हिन्दू बच्ची को जिंदा जलाकर मार दिया, तब मोमबत्ती गैंग चुप बैठी है, आखिर क्यों?

ईडी ने विशाल चौधरी से की पूछताछ

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को रांची स्थित एयरपोर्ट रोड कार्यालय में कई आईएएस अधिकारियों के करीबी विशाल चौधरी से पूछताछ की। ईडी ने विशाल चौधरी को अवैध खनन और मनरेगा घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था। इससे पूर्व ईडी ने बीते 24 मई को रांची स्थित उसके परिसरों पर छापा मारा था। छापेमारी के बाद वह मौके से गायब हो गया था। छापेमारी के दौरान विशाल चौधरी ने अपना मोबाइल फोन कूड़ेदान में फेंक दिया था, जिसे बाद में ईडी अधिकारियों ने सुरक्षित बरामद कर लिया था। विशाल की स्वास्थ्य, कौशल विकास के साथ-साथ उत्पाद शुल्क और शराबबंदी जैसे कई राज्य प्रायोजित क्षेत्रों में उसकी विशेष व्यावसायिक रुचि रही है। साल 2012 में उसने विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (वीएफआरईएस) की स्थापना की थी। जल्द ही झारखंड कौशल विकास मिशन का भागीदार बन गया और हर साल झारखंड के 3000 युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के लिए एमओयू भी किया था। विशाल चौधरी की पत्नी श्वेता, भाई त्रिवेणी चौधरी की वयम इंफो सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, वयम इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एफजीएस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और अन्य जैसी कई अन्य कंपनियां हैं जो उनके परिवार से जुड़ी हुई हैं।

संक्षिप्त

झारखंड कैबिनेट की बैठक एक सितंबर को

रांची। झारखंड में सियासी हलचल के बीच 1 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा आज आधिकारिक रूप से यह जाकनारी दी गयी है कि मंत्रिपरिषद की बैठक रांची में गुरुवार 01 सितंबर को अपराह्न 4.00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी तीज की दी बधाई

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने अखंड सौभाग्य एवं आस्था का पावन पर्व हरतालिका तीज की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने मंगलवार को सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संकल्प और सिद्धि का पवित्र व्रत हरतालिका तीज के अवसर पर सभी माताओं-बहनों एवं उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

यूपीए विधायकों से भरी बस छज्जे से टकरायी

रांची। झारखंड के विधायक रायपुर के लिए बिरसा मुंडा मुंडा एयरपोर्ट से प्रस्थान कर गये। जब विधायकों को बस से एयरपोर्ट के पिछले गेट से अंदर ले जाया जा रहा था, उस वक्त विधायकों से भरी बस गेट के छज्जे से टकरा गयी। इससे बस का शीशा चकनाचूर हो गया। हालांकि, सभी विधायक सुरक्षित हैं।

कोल इंडिया लिमिटेड की बैठक में शामिल हुए डॉ अरुण उरांव

रांची। कोल इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ अरुण उरांव मंगलवार को कोलकाता स्थित कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्यालय में आयोजित 48वीं वार्षिक बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में शेयरहोल्डर्स ने महारत्न कंपनी के शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। डॉ अरुण उरांव ने कहा कि देश की ऊर्जा जरूरतों से जुड़ी चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए हम सभी तैयार हैं।

हाईकोर्ट ने अंकिता मामले में लिया स्वतः संज्ञान

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने दुमका की अंकिता को जलाकर मारने की घटना में स्वतः संज्ञान लिया है और इस मामले में डीजीपी से जवाब मांगा है। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ रवि रंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने महाधिवक्ता को राज्य के डीजपी को बुलाने का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद डीजीपी अदालत में उपस्थित हुए। जबकि गृह सचिव के अवकाश पर होने के कारण उनके अधिकारी अदालत में उपस्थित हुए। अदालत ने डीजीपी से पूछा कि पीड़िता के परिजन को क्या पर्याप्त सुरक्षा दी गयी है। अदालत ने अब तक ऐसे मामले से निपटने के लिए उठाये गये कदम के बारे में भी जानकारी मांगी। अदालत ने पीड़िता के परिजनों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि दुमका की अंकिता को 23 अगस्त को एक सिरफिरे युवक ने खिड़की से पेट्रोल छिड़कर आग के हवाले कर दिया था, इलाज के क्रम में पीड़िता की 28अगस्त को रांची में मौत हो गयी। जिसके बाद राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता पीड़ित परिवार को दी गयी है। वहीं राज्यपाल ने विवेकानुदान मद से 2 लाख रुपये की सहायता देने की बात कही है। वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे और अन्य की ओर से क्राउड फंडिंग के माध्यम से 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराने की बात कही गयी है।

दिल्ली रैली की तैयारी में जुटी कांग्रेस

रांची। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ आगामी 4 सितंबर को कांग्रेस की ओर से नई दिल्ली में रैली आयोजित कर आंदोलन का बिगुल फूंकने का निर्णय लिया गया है। इस रैली में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता भी दिल्ली जाएंगे। इस सिलसिले में रांची में वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सरकारी आवास पर कांग्रेस जनों के कार्यकर्त्ता कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में महंगाई पर हल्ला बोल रैली की सफलता पर चर्चा की गयी। इस बैठक में उपस्थित झारखंड कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू समेत अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस संगठन सशक्तीकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने बताया कि झारखंड से कांग्रेसजनों के दिल्ली पहुंचने का सिलसिला 2 सितंबर से ही शुरू हो जाएगा और उसी दिन शाम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में कांग्रेसजनों की बैठक होगी। जिसमें 4 सितंबर को होने वाली रैली में झारखंड से दिल्ली पहुंचने वाले कार्यकत्ताओं के ठहरने और खाने-पीने समेत अन्य इंतजाम को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड से दिल्ली जाने वाले कांग्रेस कार्यकर्त्ता रैली में अलग ही अंदाज में नजर आएंगे। बैनर-पोस्टर के साथ दिल्ली रैली में शामिल कांग्रेस कार्यकर्त्ता महंगाई की भयावहता को दशार्ने का काम करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि कहा कि दिल्ली में रैली में शामिल होने के लिए कोर ग्रुप की ओर से तीन नंबर जारी किये गये थे,जिस पर लगातार लोग संपर्क कर रहे है। देवघर, दुमका, बोकारो, धनबाद, चतरा, लातेहार, पलामू , खूंटी, लोहरदगा, गुमला , सिमडेगा और रांची समेत अन्य जिलों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता विभिन्न ट्रेनों के माध्यम से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि दिल्ली रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भी कार्यकर्ताओं को आवश्यक सहायता करनी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि महंगाई ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है, महंगाई और बेरोजागरी से आमजन त्रस्त है, इस कारण दिल्ली में आयोजित होने वाली हल्ला बोल रैली की सफलता को लेकर पार्टी कार्यकत्ताओं में खासा उत्साह है।

सीमा पात्रा पर गिरफ्तारी की लटकी तलवार

रांची। रिटायर्ड आईएएस की पत्नी और भाजपा नेत्री सीमा पात्रा पर अपने घर में लंबे समय तक एक दिव्यांग घरेलू नौकर को बंधक बनाये जाने के मामले में रांची के अरगोड़ा थाना में आईपीसी की धारा सहित एससी-एसटी के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला प्रकाश में आने के बाद बीजपी द्वारा सीमा पात्रा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। वहीं उनकी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

रांची के अशोक नगर स्थित रोड नंबर एक में रहने वाली बीजपी नेत्री सीमा पात्रा के ऊपर आईपीसी की धारा 323/ 325/ 346 और 374 लगाया गया है. वहीं एससी- एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। मामले की जांच के लिये हटिया डीएसपी राजा मित्रा को केस का आईओ बनाया गया है। उन पर अपने आवास पर लंबे समय से एक युवती को बंधक बनाकर रखने का आरोप है। जिसे पुलिस ने मुक्त करा लिया है।

आरोप है कि सीमा पात्रा के घर बीते आठ साल से घरेलू कामकाज के लिए रखी गयी युवती को लंबे समय से बुरी तरह प्रताड़ित किया जा रहा था। उसे घर से बाहर तक नहीं निकलने दिया जा रहा था। घर में बंधक बनी दिव्यांग युवती ने किसी प्रकार मोबाइल पर विवेक आनंद बास्के नामक एक सरकारी कर्मचारी को मैसेज भेजकर अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के बारे में जानकारी दी थी.। उन्हीं की सूचना पर अरगोड़ा थाने में शिकायत दर्ज की गयी थ।. सीमा पात्रा पूर्व आईएएस महेश्वर पात्रा की पत्नी हैं। इस मामले में सीमा पात्रा की बेटी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया जा सकता है।

इधर, पीड़िता सुनीता को रेस्क्यू कराने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उसका रिम्स में इलाज किया जा रहा है। पीड़िता सुनीता की सुरक्षा व्यवस्था में दो महिला सुरक्षाकर्मियों को लगाया गया है। मेडिकल फिट होने के बाद पीड़िता सुनीता को कोर्ट में प्रोड्यूस किया जाएगा। जिसके बाद 164 का बयान दर्ज किया जाएगा। पीड़िता के 164 के तहत बयान दर्ज करने के बाद रिटायर्ड आईएएस की पत्नी सीमा पात्रा की मुश्किलें बढ़ सकती है और पुलिस सीमा पात्रा को किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकती है।

राज्य में राष्ट्रीय पोषण माह एक से 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा

रांची। पूरे राज्य में राष्ट्रीय पोषण माह एक से 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा। इस पूरे महीने में पोषण को एक जन आंदोलन एवं जन भागीदारी का रूप दिए जाने की योजना है। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन के द्वारा सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

अपने ही विधायकों पर मुख्यमंत्री को भरोसा नहीं : सुदेश महतो

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने मंगलवार को कहा कि झामुमो गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को अपने ही मंत्रियों और विधायकों पर भरोसा नहीं है या फिर सत्तारूढ़ दलों के मंत्रियों और विधायकों के बीच वे खुद विश्वास खो चुके हैं। यह कितना हास्यास्पद लगता है कि पूर्ण बहुमत की सरकार के मुखिया अपने मंत्रियों और विधायकों को छिपते-छुपाते फ्लाइट पर चढ़ा कर दूसरे राज्य में भेज रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का कहना है कि यह सब रणनीति के तहत किया जा रहा है लेकिन सरकार में जो हालात बने हैं, उससे यह साफ प्रतीत होता है कि वे कमजोर शासक साबित हुए हैं और अपने ही मंत्रियों, विधायकों को कटघरे में खड़े कर रहे हैं। राज्य कई समस्याओं और मुश्किलों से घिरा है। शासन के कामकाज को छोड़कर सरकार राजनीतिक प्रहसन में जुटी है। यह जनादेश का अपमान भी है।

कुपोषण से जंग में मनरेगा बनेगा हथियार : राजेश्वरी बी

रांची। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साथ संपत्ति सृजन की दोहरी मंशा से राज्य में शुरू की गई मनरेगा की योजनाओं के दायरे में और विस्तार किया गया है। अब मनरेगा को रोजगार सृजन के साथ कुपोषण जैसी समस्या से निपटने का कारगर हथियार बनाया गया है। वह आज कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, जेएसएलपीएस एवं मनरेगा को जोड़ कर संचालित दीदी बाड़ी योजना से संबंधित बैठक में बोल रही थीं।

मनरेगा आयुक्त ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत दीदी बाड़ी योजना के माध्यम से इस पर पहल की जा रही है। बैठक में पपीता, नींबू, आंवला और कटहल मोरिंगा की खेती ग्रामीण परिवारों के साथ करने पर चर्चा की गई। मनरेगा और कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के साथ राज्य में पपीता, नींबू, आंवला और कटहल मोरिंगा की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा एवं संबंधित विषय पर विस्तार से बात हुई।

उक्त बैठक में उपनिदेशक उद्यान निदेशालय श्री राजेंद्र किशोर, अपर निदेशक कृषि निदेशालय बीव एनव त्रिपाठी व अन्य शामिल थे।

सियासत. झारखंड की राजनीतिक अनिश्चितता के बादल छंटने का इंतजार

एक सितंबर को बुलायी गयी कैबिनेट की बैठक

रांची। झारखंड में सियासी अनिश्चितता का माहौल थमता नजर नहीं आ रहा है। सीएम हेमंत सोरेन के लाभ के पद मामले में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चिट्ठी के माध्यम से अपना मंतव्य राजभवन को उपलब्ध करा दिया गया हैं। लेकिन राजभवन की ओर से इस मसले पर अब तक कुछ भी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। ऐसे में राज्यपाल क्या फैसला लेंगे, कब तक निर्णय लेंगे, उनके आदेश से झारखंड की राजनीति में किस तरह का बदलाव आएगा, इन सारे मसलों पर सिर्फ अनुमान ही लगाया जा रहा है।

राज्यपाल का पद एक संवैधानिक पद होता है और जिस तरह से सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में बीजेपी नेताओं ने उनके पास शिकायत दर्ज करायी गयी थी, उसके संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्यपाल रमेश बैस ने भारत निर्वाचन आयोग से परामर्श मांगा था। चुनाव आयोग ने भी तीन महीने से अधिक समय तक सुनवाई पूरी कर अपनी अनुशंसा राज्यपाल को भेज दी है। परंतु ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मसला भी कानून और संविधान की विभिन्न धाराओं से जुड़ा है। ऐसे में तब तक कोई फैसला लिखित रूप से और आधिकारिक रूप से नहीं आ जाता है, तब तक उस पर पर पूवार्नुमान लगाने का भी कोई फायदा नहीं हैं। वहीं जिस तरह से किसी अदालत या न्यायाधिकरण को निश्चित अवधि में अथवा तुरंत फैसला सुनाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, उसी तरह से इस मामले में भी राज्यपाल या चुनाव आयोग पर राजनीतिक दबाव डालना उचित नहीं होगा।

कैबिनेट की बैठक पर होगी सबकी नजर

इधर, राज्य में जारी राजनीतिक अनिश्चतता के माहौल के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने 1 सितंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गयी है, हालांकि यह बैठक हो पाएगी या उससे पहले ही राज्यपाल की अनुशंसा पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सीएम के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी, यह किसी के लिए बता पाना संभव नहीं हैं। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह चाहते है कि वे अंत-अंत समय तक लोकलुभावन और अपनी पार्टी के चुनावी वायदे के अनुरूप विभिन्न मसलों पर फैसला लें। यही कारण है कि पिछले सप्ताह की बैठक में भी झारखंड कैबिनेट की बैठक में 50 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पद सृजन, सिपाहियों के लिए क्षतिपूर्ति अवकाश, आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए मानदेय में बढ़ोत्तरी समेत कई अन्य लोकलुभावन फैसले लिये। अगली बैठक में भी इसी तरह के फैसले लिये जाने की संभावना हैं। हालांकि कैबिनेट की बैठक 30 अगस्त को ही बुलाने की तैयारी थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इसे 1 सितंबर तक के लिए टाला गया है।

फैसले में विलंब से बिखराव की आशंका बनी

इधर, राजभवन या चुनाव आयोग की ओर से सीएम के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में फैसले में जितना विलंब हो रहा है,उससे यूपीए गठबंधन में बिखराव की आशंका उत्पन्न हो रही है। यही कारण है कि कल सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद यूपीए विधायकों ने साझा प्रेस कांफ्रेंस कर राज्यपाल से शीघ्र फैसला सुनाने की मांग करते हुए कहा कि विलंब होने से हॉर्स ट्रेडिंग को हवा मिल रही है।

बीजेपी की नजर कांग्रेस व जेएमएम के विधायकों पर

दूसरी तरफ बीजेपी भी इस संकट का फायदा उठाने की कोशिश है। पहले से ही चर्चा है कि कांग्रेस के कई विधायक बीजेपी से संपर्क में है और इन्हीं सब अटकलों के बीच कोलकाता से कांग्रेस के 3 विधायक भारी कैश के साथ पकड़े गये थे, लेकिन बीजेपी के रणनीतिकारों का मानना है कि जब तक कांग्रेस के 18 में से 11 विधायक एक साथ नहीं आ जाते है, तब तक पार्टी में टूट से फायदा नहीं होने वाला है। इसके अलावा फिर से बहुमत परीक्षण की स्थिति में जेएमएम के भी कुछ विधायकों के भी बीजेपी के पाले में जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। इन्हीं सब कारणों से सीएम हेमंत सोरेन लगातार यूपीए विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश कर रहे हैं।

ईडी की कार्रवाई से भी सत्तापक्ष में खलबली

प्रवर्त्तन निदेशालय की ओर से हाल के दिनों में जिस तरह से सीएम के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा को गिरफ्तार किया गया, उसके बाद उनके प्रेस सलाहाकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से पूछताछ की गयी। वहीं सत्ता में रसूख रखने प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी को गिरफ्तार किया गया, इससे सत्तापक्ष में भी खलबली मची है और आने वाले समय में इस बात भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि सत्ताशीर्ष में कई अन्य लोगों तक ईडी पहुंच सकती हैं। यही कारण है कि अभी सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल कई विधायक और मंत्रियों ने भी अंदर ही अंदर बीजेपी से अपनी नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी है। वहीं सीएम हेमंत सोरेन के लाभ के पद मामले में विलंब होने से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए परिस्थितियों को संभावना और मुश्किल होता जाएगा।

महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान व बदहाल : आभा सिन्हा

रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान एवं बदहाल है। साथ ही महंगाई और बेरोजगारी के लिए केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि पिछले आठ वर्षों में मोदी सरकार का रिकॉर्ड 2014 से 2022 के बीच एलपीजी की कीमतों में 410 रुपये से 1053 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की है जो कि 156 प्रतिशत की वृद्धि है। केंद्र सरकार के पिछले आठ साल के शासन में पेट्रोल की कीमत 71 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 95-112 प्रति लीटर (लगभग 40 प्रतिशत वृद्धि), डीजल 55 रुपये प्रति लीटर से 90-100 रुपये प्रति लीटर (75 प्रतिशत वृद्धि) सरसों का तेल 90 रुपये प्रति किलो से 200 रुपये प्रति किलो की वृद्धि (122 प्रतिशत) और गेहूं का आटा 22 रुपये प्रति किलो से 35-40 रुपये प्रति किलो हो गया इसमें 81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सुखदेव नगर इलाके में मजदूर की हत्या

धमेंद्र यादव के रूप में हुई मृतक की पहचान

करम चौक स्थित किराये के घर में रहता था मृतक

पुलिस के अनुसार शराबी प्रवृति का था मृतक

डंडा व भोथड़े हथियार से हत्या करने की आशंका

वरीय संवाददाता

रांचीः सुखदेव नगर थाना अंतर्गत करम चौक स्थित एक घर से एक 30 वर्षीय व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद की है। मृतक की पहचान लातेहार के बालूमाथ का रहनेवाला धमेंद्र यादव के रुप में की गई है। घटना सोमवार दोपहर करीब तीन बजे की है। मंगलवार को शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मृतक के शरीर पर जख्म का निशान पाया गया है। वहीं मृतक के मुंह में पलंग की लकड़ी का टुकड़ा भी डाला हुआ मिला है। आशंका है कि अपराधियों ने किसी भोथड़े हथियार या डंडा से मारकर हत्या की है। पुलिस अनुसंधान में जानकारी मिली कि मृतक मजदूर था,जो शराबी प्रवृति का था। करम चौक स्थित किराये के घर में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। कुछ दिन पूर्व ही मृतक की पत्नी मायके गई है। घटना की सूचना मृतक के परिवार को दी गई है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

कोचबोंग में पत्थर खदान से 70 वर्षीय व्यक्ति का शव व बाइक बरामद

देर रात असंतुलित होकर बाइक सहित खदान में गिरने की आशंका

खरसीदाग ओपी क्षेत्र की घटना

कस्टु बड़ाईक के रुप में की गई मृतक की पहचान

वरीय संवाददाता

रांचीः खरसीदाग ओपी पुलिस ने मंगलवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर कोचबोंग वाले रास्ते में स्थित पत्थर खदान से एक 70 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद की है। मृतक सिर में हेलमेट पहना हुआ था,जिससे घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने खदान में बाइक डूबने की आशंका जताते हुये मृतक की बाइक को भी खदान से खोज निकाला। मृतक के पॉकेट से बरामद आधार व वोटर कार्ड से उसकी पहचान कोचबोंग ,महुआटोली में रहनेवाले कस्टु बड़ाईक के रुप में की गई है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार मृतक मूल रुप से डोरडा थाना क्षेत्र के डिबडीह का रहनेवाला है,जो वर्तमान में कोचबोंग स्थित अपने घर में रह रहा था।

पुलिस व ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि मृतक सोमवार रात अपनी बाइक से कोचबोंग स्थित घर जा रहा होगा कि इसी दौरान असंतुलित होने पर वह बाइक सहित खदान में गिर गया होगा। रात होने के कारण किसी ने उसकी आवाज भी नही सूनी होगी,जिसके कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रांची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–साधना सिंह, उम्र–22 वर्ष, साथ में सुपुत्री–02 वर्ष,रंग–सांवली, ऊँचाई–5 फीट,
पहनावा–छिटदार काला–पीला रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला साधना सिंह, साथ में सुपुत्री, पति–अभिमन्यु सिंह कबड़ा कला, थाना–हैदनगर, जिला–पलामू , वर्तमान पता– न्यू खटंगा, गली नं0–06 थाना–खेलगाँव, जिला–राँची जो दिनांक–30.07.2022 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में खेलगाँव थाना सनहा सं0–11/2022 दिनांक–01.08.2022 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी, खेलगाँव, राँची। – 8987790607

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 276754 Police(22-23).D

1500 किलो शराब नष्ट, भट्ठी ध्वस्त

वरीय संवाददाता

रांचीः नामकुम थाना की पुलिस ने मंगलवार गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये लदनापीढ़ी गांव के जंगली इलाकों में मफियाओं द्वारा चलायी जा रही अवैध देशी शराब की भट्टियों को ध्वस्त की है। इस अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों ने 15 सौ किलो जावा महुवा शराब ,ड्रम सहित अन्य सामानों को नष्ट की है। वहीं पुलिससिया कार्रवाई की भनक लगते ही मौके पर से शराब माफिया भाग निकलने में सफल रहे।

गौरतलब है कि नामकुम थाना की पुलिस अवैध शराब के खिलाफ विगत तीन दिनों से हेसापीढ़ी,उलातु सहित अन्य गांव में लगातार अभियान चला रही है। अबतक करीब चार हजार किलो जावा महुआ को पुलिस नष्ट कर चुकी है। इस अभियान में नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी, अनिमेष शांतिकारी,रणजीत कुमार, रवि केशरी, वाईपी सिंह,प्रभात राज,राजेश राय सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल है।

हथियार दिखाकर गैस एजेंसी कर्मी से लूट

1.20 लाख रु. की लूट
बाइक सवार थे अपराधी

वरीय संवाददाता

रांचीः कांके थाना अंतर्गत सीआईपी के समीप सिमरटोली में बाइक सवार अपराधियों ने देवी गैस एजेंसी के कर्मचारी से पिस्टल दिखाकर एक लाख बीस हजार रुपये की लूट की है। घटना मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे की है। इस संबंध में एजेंसी के कर्मचारी पिंटू के द्वारा अज्ञात अपराधियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन करते हुये अपराधियों की तलाश में जुटी है। गैस एजेंसी के कर्मचारी के अनुसार बाइक सवार अपराधियों ने लूट की घटना के दौरान हथियार से फायरिंग भी की है। वहीं लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी अंदर ही अंदर रिंग रोड की तरफ भाग निकले।

समाहरणालय, खूँटी
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)
Email: - mesokhunti@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 वर्ष 2022–23

वित्तीय वर्ष 2022–23 में कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुदा में नवनिर्मित विद्यालय एवं छात्रावास भवनों में प्रभारी अपर राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, झारखण्ड, रांची द्वारा निर्गत एडवाईजरी के अनुसार अग्नि सुरक्षा यंत्र (Fire Safety) अधिष्ठापन हेतु दिनांक 08.09.2022 को 1.30 बजे अपराह्न तक निबंधित एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी में उक्त तिथि को निर्धारित समय तक प्राप्त की जाएगी एवं प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराह्न 2:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ट में जिला क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। न्यूनतम दर एवं गुणवत्ता पर स्वीकृत निविदादाता को अग्नि सुरक्षा यंत्र (Fire Safety) अधिष्ठापन कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर करनी होगी। निविदा की वित्तीय बीड का दर एडवाईजरी के अनुरुप होगा। एडवाईजरी के द्वारा प्राप्त सुझाव की छायाप्रति एवं निविदा की शर्तें खूँटी जिले के वेबसाईट www.khunti.nic.in एवं आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 276796 (District)22-23*D

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री राधा अष्टमी महोत्सव 4 को

वरीय संवाददाता



रांचीः एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के सदस्यों की एक बैठक मंगलवार को शिवगंज,हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से 4 सितंबर को संस्था के निर्माणाधीन कृष्ण प्रणामी मंदिर,पुंदाग में श्री राधा अष्टमी महोत्सव मानाने का निर्णय लिया गया है। संस्था के द्वारा पहली बार श्री राधा अष्टमी का भव्य कार्यक्रम की जायेगी,जिसमें भजन संकीर्तन व नृत्य नाटिका का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को राधा कृष्ण रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया जायेगा। कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत राधा महरानी के भजन पर नृत्य नाटिका व भजनों के माध्यम से बहुत ही सुंदर रुप से किया जायेगा। भजन मंडली के साथ भजनों का मधुर गायन संस्था के मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया,सिता शर्मा सहित अन्य रास मंडली के भजन गायन में साथ देंगे। वहीं इसके अलावे श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में दोपहर साढ़े बारह बजे से 46वाँ अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण भी किया जायेगा।

ऑटो चालकों ने नगर आयुक्त का पुतला फूंका

हटिया मार्ग में सिटी राईड बसों की संख्या कम करने की मांग

वरीय संवाददाता

रांचीः झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक दिनेश सोनी के नेतृत्व में मंगलवार को रांची नगर निगम कार्यालय के समक्ष नगर आयुक्त शशि रंजन व सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह का पुतला दहन किया गया। मौके पर महासंघ के दिनेश सोनी ने कहा कि रांची नगर निगम के द्वारा हटिया मार्ग पर मनमानी ढंग से सिटी राईड बसों का परिचालन कराया जा रहा है। सिटी राईड बसों की संख्या को कम करने के लिये महासंघ ने अधिकारियों से कई बार गुहार लगायी लेकिन ऑटो चालकों की इस समस्या पर अबतक किसी प्रकार की पहल नही की गई है। ऑटो चालकों के द्वारा मांग पूरी करने के लिये विगत दिनों हटिया मार्ग में दो दिवसीय ऑटो बंद व चांदनी चौक ,हटिया को जाम भी किया लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। वर्तमान में हटिया मार्ग में चलने वाले ऑटो चालकों की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। ऑटो की किश्त से दूर अपने परिवार का भरण पोषण भी ठीक से नही कर पा रहें हैं। इस पुतला दहन कार्यक्रम में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राम कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव रामाशंकर सिंह, सीएनजी एलपीजी ऑटो चालक महासंघ के तबरेज अहमद, रंजय कुमार सिंह, भोला सिंह, एमडी जुम्मन, बृजेश कुमार सिंह, गोलू शर्मा, केदार कुमार, विकास साहु, मुंशी कुमार, मनीष कुमार, दीपू कुमार, विकास कुमार, राकेश चौधरी, तस्लीम शाह, पवन कुमार, महेंद्र कुमार, मोहन कुमार, बिहारी कुमार, राकेश कुमार , सूरज कुमार, मकड़ी राजू, रोहित सोनी, ओम प्रकाश साहू सहित अन्य ऑटो चालक शामिल थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

सूचना

माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा Legal Aid Defense Counsel System (LADCS) के लिए निम्नांकित पदों पर अनुबंध पर नियुक्ति हेतु दिनांक : 05/09/2022 को शाम 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या
1.	Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel	1 (एक)
2.	Assistant Legal Aid Defense Counsel	1 (दो)

इच्छुक उम्मीदवार दिनांक : 05/09/2022 को शाम 05:00 बजे तक विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक अथवा हाथों हाथ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी (योग्यता, मानदेय एवं अन्य सेवा शर्तें आदि) माननीय झालसा, रांची के वेबसाइट: https://www.jhalsa.org/ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

आदेशानुसार
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 276750 (Law) 22-23 (D)

एसबीयू में नेशनल कांफ्रेंस 13-14 अक्तूबर को

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग द्वारा आगामी 13-14 अक्टूबर 2022 को इमर्जिंग ट्रेंड्स इन इन्नोवेटिव एंड सस्टेनेबल बिजनेस प्रैक्टिसेज थीम पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस निमित्त आज विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, कन्फ्रेंस के कन्वेनर सह कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार, को कन्वेनर सह कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ पूजा मिश्रा, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक श्री अजय कुमार, पर्सनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर श्री प्रवीण कुमार आदि लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से नेशनल कांफ्रेंस ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कांफ्रेंस के शत प्रतिशत सफलता की टिप्स देते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी है तथा ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के सभी सदस्यों को टीम भावना के साथ परस्पर कार्य विभाजन कर कार्य करने की प्रेरणा दी है। नेशनल कांफ्रेंस के कन्वेनर डॉ संदीप कुमार ने शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं शिक्षाविदों को अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने का अपील करते हुए बताया कि कांफ्रेंस के लिए एब्स्ट्रेक्ट आगामी 12 सितम्बर तक तथा फुल रिसर्च आर्टिकल 22 सितंबर तक आमंत्रित किए गए हैं। जो भी शोधार्थी, प्राध्यापक व शिक्षाविद रिसर्च पेपर प्रजेंट करना चाहते हैं, वे उक्त अवधि तक निर्धारित फॉर्मेट में फुल पेपर अवश्य भेजें। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। उन्होंने यह भी बताया कि चयनित रिसर्च पेपर का प्रकाशन मंथन एसबीयू जर्नल-ऑफ कॉमर्स, मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज में किया जाएगा। उक्त अवसर पर कॉमर्स और मैनेजमेंट के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।

कुम्हार टोली व मधुकम से दो मटकाबाज गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांचीः सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने मटका खेलाने के आरोप में दो मटकाबाज निशांत सिंह(कुम्हार टोली,राजाहाता गली) और गांधी साव (मधुकम रोड नंबर पांच) को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। इस संबंध में सुखदेव नगर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुम्हार टोली व मधुकम रोड नंबर पांच में अवैध मटका का संचालन हो रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने छापामारी करते हुये दो मटकाबाज निशांत सिंह और गांधी साव को गिरफ्तार की है। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि मटका खेल का संचालन आनंद वर्मा (इंद्रपुरी रोड नंबर-10) के द्वारा किया जा रहा है,जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापामारी कर रही है।

District Legal Services Authotity, Gumla
E-mail- dlsagml38@gmail.com

No. 02/LADCS/2022 — Dated 29th day of August, 2022

Notice No. 2 contractual engagement of Assistant legal aid defense counsels

Applications are invited from the eligible lawyers having requisite qualification for the contractual full time engagement for the posts of Assistant legal aid defense counsels in the legal aid defense counsel system in the District Legal Services Authority, Gumla. The duly filed application form along with self attested copies of documents must be addressed to the **Secretary, District legal Services Authorities, Civil Court, Gumla**. Application may be submitted either through speed post or in person in envelope which must reach in the office of the Secretary, DLSA, Gumla, on or before 5th September, 2022 by 17:00 hours. Any application received after due date and time shall not be considered.

1. Number of vacancy :- 2
2. Honorarium :- ₹35,000/-
3. Qualification :-
* Practice in criminal law from 0 to 3 years.
* Good oral and written communication skills.
* Thorough understanding of ethical duties of defense counsel.
* Ability to work effectively and efficiently with others.
* Excellent writing and research skills.
* IT Knowledge with high proficiency in work.

4. The scheme of engagement along with application may be downloaded from the official website of civil court Gumla https://districts.ecourts.gov.in/gumla
5. The selection would be on the basis of performance in the interview which will be held on date to be announced later and it would be available in the website of DLSA, Gumla.
6. The shortlisted candidates shall be called for interview individually through E-mail address provided by them and, if any candidate does not receive the admit card, he/she may contact the secretary, DLSA, Gumla, at least two days before the scheduled date of interview.

Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.

Secretary
Sd/-
District Legal Services Authority, Gumla

PR 276733 Law(22-23)#D

एसआईटी ने महज आठ घंटे में हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी को धर-दबोचा

चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म, गला दबाकर हत्या

वरीय संवाददाता

रांचीः चाईबासा के पाण्ड्राशाली ओपी क्षेत्र की पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम उनचुड़ी के टोडांगसाल के झाड़ियों में मंगलवार सुबह एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव बरामद की है। नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुये चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर के नेतृत्व में एसआईटी गठित की,जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये महज आठ घंटे में ही हत्याकांड का खुलासा करते हुये घटना को अंजाम देनेवाले युवक विजय सिंह बानरा को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी युवक मृतका का चचेरा भाई है,जो पाण्ड्राशाली ओपी क्षेत्र के उनचुड़ी गांव का रहनेवाला है।

इस संबंध में चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नाबलिग सोमवार को दोपहर आरोपी अभियुक्त के घर में खाना खाकर बकरी चराने के लिये निकली थी। आरोपी नाबालिग का चचेरा भाई है। नाबालिग के निकलने के बाद आरोपी भी उसके पीछे-पीछे निकला था और फिर झाड़ियों में उसके साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या कर दी थी। देर रात तक नाबालिग के घर नही लौटने पर मंगलवार सुबह जब उसकी खोजबीन की गई तो नाबालिग का शव बरामद किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से मृतका के कपड़ा और टुटा हुआ एक चप्पल बरामद की थी। पुलिस ने जब छानबीन की तो चप्पल मृतका के चचेरा भाई विजय सिंह बानरा का निकला। पुलिस ने फौरन ही जब आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली। एसआईटी में दिलीप खलखो (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर), प्रवीण कुमार (पुनि, सदर अंचल), पंकज कुमार (प्रभारी, पाण्ड्राशाली ओपी) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

जगरनाथपुर थाना क्षेत्र से पिस्टल और भारी मात्रा में गोली के साथ एक गिरफ्तार

रांची। पुलिस ने जगरनाथपुर थाना क्षेत्र से भारी में मात्रा में गोली और पिस्टल के साथ सत्यम कुमार नामक हथियार तस्कर को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक पिस्टल और लगभग 100 राउंड गोली बरामद किया है। पूरा मामला हथियार तस्करी से जुड़ा बताया जा रहा है। इससे पूर्व 28 अगस्त को रांची पुलिस की टीम ने जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से एक युवक को दौड़ा कर पकड़ा था। उसके पास से दो देसी कट्टा बरामद हुआ था। उसी के निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है।

झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–05/2022–23 — तिथि :– 30.08.2022

1	विभाग का नाम	पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची
2	विज्ञापनकर्ता का नाम	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची
3	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	02.09.2022 को 12:00 बजे अपराह्न में
4	प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय	07.09.2022 को 02:00 बजे अपराह्न में
5	प्री–बीड मिटिंग का स्थान	अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची।
6	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय	13.09.2022 को 05:00 बजे अपराह्न में
7	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान	14.09.2022 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची
8	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय	15.09.2022 को 3:00 बजे अपराह्न में
9	तकनीकी बीड खोलने का स्थान	अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची।
10	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर	0651–2490904, 9304882229
11	ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या	0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787

क्रम सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer with all required accessories for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub-Station (Old) Rukka under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi.	82,04,082.00	1,64,100.00	10,000.00 (Non-refundable)	Four months

नोटः–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निविदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR 276739 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

नरकोपी में आदिवासी नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी धराया

पीड़िता के बयान पर आरोपी के खिलाफ नरकोपी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज

पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा

बेड़ो : नरकोपी थाना क्षेत्र के सेरो गांव में एक युवक ने घर में घुसकर एक 15 साल की एक नाबालिक आदिवासी लड़की के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। यह घटना रविवार कि सुबह करीब 10:00 बजे की है। वहीं नरकोपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के आरोपी 26 वर्षीय सहरूद्दीन अंसारी उर्फ रिखू पिता रबुल अंसारी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में भुक्तभोगी लड़की के बयान पर आरोपी सहरूद्दीन अंसारी के खिलाफ नरकोपी थाना में एक नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गहराई से मामले की तहकीकात कर रही है। इधर घटना के संदर्भ में नरकोपी थाना प्रभारी अविनाश हेंब्रम ने बताया कि रविवार को सुबह वह लड़की नहाने के लिए निकट के खेत स्थित एक कुएं की ओर गई थी। इसी दौरान अचानक तेज वर्षा शुरू हो गई। वहीं वर्षा से बचने के लिए वह लड़की निकट के पेड़ के नीचे जा पहुंची। इसी दौरान उसने देखा कि गांव का ही एक युवक सहरूद्दीन अंसारी पेड़ की ओर आने लगा। इसके बाद वह लड़की उस युवक से बचने और अपना पिंड छुड़ाने के लिए घर की ओर तेजी से भागकर घर पहुंची। इस दौरान उसके घर के सभी सदस्य काम से बाहर गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था। इसी बीच वह युवक भी उसका पीछा करता हुआ उसके घर तक जा पहुंचा। साथ ही अचानक उसके सामने आकर खड़ा हो गया। इससे वह लड़की काफी भयभीत हो गई। साथ ही युवक की मंशा को भांपकर वह उसके चंगुल से बचने के लिए पुनः घर से निकलकर आंगन की ओर पहुंच गई। इसके बाद वह युवक भी वहां आ धमका। इसके बाद उस युवक ने उस लड़की के कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान लड़की ने गिड़गिड़ाते हुए युवक से बचने के लिए मिन्नतें किया। इसके वावजूद उस युवक ने पाशविकता की हद को पार कर बारिश में भींगते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

इसके बाद इसकी भनक जब गांव वालों को लगी तो वे एकजुट होने लगे। साथ ही आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद इसकी सूचना नरकोपी पुलिस को दी गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही नरकोपी थाना प्रभारी अविनाश हेंब्रम ने सदल बल मौके पर पहुंचकर आरोपी सहरूद्दीन अंसारी उर्फ रिखू को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद नरकोपी पुलिस ने सोमवार को आरोपी सहरूद्दीन अंसारी उर्फ रिखू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर घटना के बाद मंगलवार की दोपहर को घटना की जानकारी पाकर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने कार्यकताओं के साथ भुक्तभोगी परिवार के घर पहुंच कर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

हाथी ने खेत में लगी फसल किया बर्बाद

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत महरू गांव में सोमवार की देर रात करीब 11:00 बजे जंगली हाथी जंगल से निकलकर गांव की ओर आ धमके और महरू गांव निवासी सहबैत धान के खेत में लगे अदरक और मक्का के फसल को पूरी तरह रौंद कर बर्बाद कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने मशाल जलाकर जंगली हाथी को गांव की ओर से जंगल की ओर खदेड़ दिया। इधर महरू गांव में जंगली हाथी द्वारा फसल को बर्बाद किए जाने की सूचना के बाद समाजसेवी सह पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने मंगलवार की सुबह भुक्तभोगी के खेत पहुंचकर भुक्तभोगी परिवार को वन विभाग के द्वारा हर संभव मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर वार्ड सदस्य नेसार मीर, जगदीश महली समेत कई लोग मौजूद थे।

दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, एक रेफर

बेड़ो: बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग से नरकोपी जाने वाली सड़क पर मंगलवार की अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे बेसिक स्कूल के समीप दो बाइक सवारों की आमने-सामने टक्कर में दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। जिन्हें घायलों को मकुंदा गांव के सुशील मिंज,व पेयजलापूर्ति के मतिया महतो ने चारों घायलों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा काजल सिंह ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आशीष मिंज को रिम्स रेफर कर दिया।

सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु की कामना

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत पर 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर पति की लंबे आयु की कामना की। पति को किसी प्रकार की दुख तकलीफ न हो इसके लिए भगवान शिव व पार्वती से प्रार्थना की। भगवान शिव एवं मां पार्वती की हरितालिका की कथा सुनी। पूजा पाठ करने के बाद बुधवार की सुबह विसर्जन किया जाएगा। तीज को लेकर महिलाओं में उत्साह दिखा। तीज व्रत को लेकर महादानी मंदिर में महिलाओं की भीड़ उमड़ी यहां अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी द्वारा विधिवत पूजा कराया। पूजन के लिए महिलाओं के साथ युवतियों की भी सहभागिता रही। सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों में भी पूजा को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर चल रहा था। जो देर शाम तक जारी रहा। पतियों ने भी पूजन-अनुष्ठान में सहयोग करते हुए पूजा की आवश्यक तैयारियों में हाथ बंटाया।

आदिवासी मूलवासी एकता मंच का प्रदर्शन

अनगड़ा। अंचल कार्यालय अनगड़ा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को आदिवासी मूलवासी एकता मंच के बैनर तले ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। नेतृत्व मंच के अध्यक्ष रामपोदो महतो ने किया। ग्रामीण अपने हाथों में विभिन्न मांगों की लिखित पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे।

इससे पूर्व डाक बंगला अनगड़ा में सभी ग्रामीण एकत्रित होकर जुलुस की शक्ल में अंचल कार्यालय पहुंचे थे। धरना के बाद चुने हुए प्रतिनिधि द्वारा सात सूत्री मांग पत्र सीओ के नाम सीआई रमेश रविदास को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रुप से सेवा गारंटी अधिनियम का सख्ती से पालन करना,ऑनलाइन खाता नंबर ,प्लॉट नंबर और रकबा सुधारने के लिए ग्रामीण व किसानों से अवैध वसूली पर रोक, आम एवं खास गैरमजरूआ जमीन का बाहरी लोगों के नाम बंदोबस्ती पर रोक,मौजा राजाडेरा,थाना न०48, खाता न०275 के 11एकड़ 51 डिसमिल गैरमजरूवा जमीन पर अंचल कार्यालय द्वारा दिया गया कब्जा को अविलंब हटाया जाए, वृद्धा,विधवा पेंशन का लाभ व जाति,आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में कोताही बंद करने समेत अन्य मांगें शामिल है।

ज्ञापन के माध्यम से 20 सितंबर तक कार्य पद्धति में सुधार करने की मांग की गई है अन्यथा आगामी 22 सितंबर को हजारों प्रभावित लोगों के साथ, अंचल कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी किया जाएगा। मौके पर मंच के सचिव मुन्ना मुंडा, संयोजक सखीचंद महतो,दिनबंधु उराँव, किष्टो कुजूर, केशव करमाली, कमलेश पहान,अभय अमल तिर्की,समसाद अंसारी, तिवारी भोक्ता, बाबुराम महतो, ज्योति मुंडा समेत दर्जनों महिला- पुरुष उपस्थित थे।

13वीं राजकीय टाना भगत मुक्ति दिवस समारोह

बेड़ो: टाना भगत सादा जीवन उच्च विचार के हिमायती और अहिंसा के पुजारी हैं। टाना भगतों ने देश की आजादी के लिए जंगे आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उक्त बातें पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। वे अखिल भारतीय टाना भगत विकास परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को महादानी मैदान बेड़ो में आयोजित राजकीय टाना भगत 13 वां मुक्ति दिवस समारोह में बोल रहे थे। समारोह का उद्घाटन लोगों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया। इसके पूर्व टाना भगतों ने बेड़ो प्रखंड के खखसी टोली गांव में शहीदों के स्मारक स्थल व शिलालेख पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। वहीं प्रखंड मुख्यालय एवं महादानी मैदान बेड़ो में टाना भगत मुक्ति दिवस के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में तिरंगा झंडा एवं चरखा छाप झंडा का झंडोत्तोलन किया गया। समारोह में पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने टाना भगतों के समस्याओं के समाधान के लिए कमेटी बनाने और सम्मेलन करने का सुझाव दिया। उन्होंने शिक्षा के बगैर मानव समाज का समग्र विकास असंभव है। साथ ही हर संभव मदद करने की बात कही। वहीं पूर्व विधायक गंगा टाना भगत ने कहा कि सरकार की मंशा टाना भगतों के विकास के लिए साफ नहीं दिख रही है। साथ ही कार्यक्रमों में सरकार द्वारा सहयोग नहीं मिलने पर सरकार के विरुद्ध जमकर भंड़ास भी निकाला। समारोह को अपर समाहर्ता रांची राजेश कुमार बरवार बीडीओ डा प्रवीण कुमार, तुरिया टाना भगत ने संबोधित किया। संचालन सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय व रंथू टाना भगत ने किया मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू, अवनि कुमार झा मुखिया सुशांति भगत,कुंवारी खलखो,लक्ष्मी कोया, बुधराम बड़ा, सुनील कच्छप,मुन्ना बड़ाईक समेत काफी संख्या में लोहरदगा, रांची,गुमला, लातेहार जिले के सैंकड़ों टाना भगत समुदाय के महिला-पुरुष आदि मौजूद थे।

कमडे व चटकपुर पंचायत में सडक का शिलान्यास

रातू। प्रखंड के चटकपुर व कमडे में लगभग 30 लाख लागत से जिला योजना अनिरूद्ध कोष से बन रही सडक का मंगलवार को हटिया विधायक नवीन जयसवाल व रातू दक्षिणी जिला परिषद सदस्या मनीषा देवी ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया।इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणो को संबोधित करते हुए हटिया विधायक ने कहा कि सडके किसी भी गांव हो या शहर विकास की पोल खोल देती है।अगर सडक ठीक है तो आम जनता से लेकर आने जाने वाले सभी राहगीर खुशी-खुशी सडक में चलना पसंद करते है।अगर सडक खराब है तो विधायक मुखिया को गाली देते हुए जाते है।हटिया विधानसभा में सडक बनना बंद नही हुआ है लेकिन सरकार की जो स्थिति है उसमें हमको लड कर सडक निकलवाना है।मनीषा देवी ने अपने क्षेत्र के लोगो से कहा कि चुनाव के समय जो वादा हम लोगो ने किया है। हम हर एक वादा को पुरा करेगें। क्षेत्र में जल,सडक,शिक्षा,बिजली की समस्या को हम दुर करेगें।हमारा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में जनता सुखी हो।जनता के किसी भी दुख में काम आना मै पसंद करूंगी।मनीषा देवी ने कहा कि सुख में तो सभी जाते है लेकिन दुख में सब दुर रहते है।हमारा प्रयास रहेगा कि हम सबसे पहले दुख में जाकर दुखी को मदद करे।इससे पहले कमडे में 1070 फीट की सडक जिसकी लागत लगभग बीस लाख व चटकपुर में 800 फीट बनने वाली सडक की लागत लगभग दस लाख का उदघाटन किया गया।इस मौके पर विवेक सिंह राजपुत, मिथलेश कुमार, सुरेन्द्र कच्छप, विक्की लोहरा, दिनेश तिग्गा, हेमंत बडाईक, किशन कांशी, चिंटु मिश्रा सहित सैकडो ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

आजसू ने किया रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव

परीक्षा तिथि नहीं बढ़ी तो तालाबंदी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने ने पीजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा की तिथि को बढ़ाने को लेकर पीजी विभाग के छात्र छात्राओं के साथ अपनी पूर्व की मांग को लेकर आजसू के विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। घेराव करने वाले छात्र छात्राओं ने इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

मौके पर आजसू रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय पीजी विभाग के बहुत सारे विषयों का सिलेबस अबतक पूरी तरह से कंप्लीट नहीं हुआ है एवं कुछ विभागों में मिड सेम 2 की परीक्षा भी अबतक आयोजित नहीं हुई है। ऐसे में विश्वविद्यालय द्वारा अभी सेमेस्टर 2 परीक्षा कराना कदापि उचित नहीं है, विद्यार्थियों के लिए यह तानाशाही फरमान है जो आजसू कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल तिवारी ने कहा कि पाठ्यक्रम पूर्ण किए बिना परीक्षा लेना छात्र छात्राओं को अशिक्षा के अंधकार में धकेलने जैसा काम है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का रवाया हमेशा से विद्यार्थियों को लेकर नकारात्मक एवं विवादित रहा है जल्द ही विभाग को सुधारा नहीं गया था तो आजसू छात्रहित आंदोलन करने को बाध्य होगी।

मौके पर राहुल तिवारी, दीपक दुबे, सिमरन देवाता, निरंजन कुमार साहू, तोहिद खान, सुबन अनवर, डिसिल्वा सेठ, जानवी, रिंकी, श्वेता कुमारी, बबली कुमारी, अविनाश कुमार, आलोक कुमार, उत्तम कुमार, आदित्य कुमार, राज किस्कू, शुभम कुमार साहू, अभिषेक कुमार अमित बारा सूरज सेठ, अभिजीत कुमार, अरुण तिर्की, प्रवीण सोरेन, दीपक महतो, शुभेंदु भास्कर, सुष्मिता मुर्मू, दिलीप तिर्की, सौरभ मिश्रा, शोएब अंसारी, शकील अहमद, राज कुंदन खलको, सूरज प्रसाद, मोहम्मद नियाज अली, मिंटू कुमार, सुरेश राज सिंह, राज यादव, शशिकांत प्रसाद, नितिन सानू, आदर्श आनंद, सपन सिंह, समरेश पांडे, श्याम कुमार, अभिषेक, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद, फरहान, हर्षित कुमार, सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया चतरा एसिड अटैक की पीड़िता से मुलाकात, कहा

आरोपी पर होगी कड़ी कार्रवाई

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आज रांची रिम्स पहुंचकर चतरा में हुए एसिड अटैक के मामले हुए पीड़िता से मुलाकात की, मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित परिवार और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने रिम्स सुप्रिडेंटेंट डॉ हिरेन बिरुवा को निर्देश दिया कि पीड़ित के इलाज में कोई कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया है साथ ही कहा गया कि दवाई तक की व्यवस्था रिम्स प्रबंधन करें।

हर 12 घंटे में करें मेडिकल बुलेटिन जारी

इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने रिम्स सुप्रीटेंड के नेतृत्व में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया साथ ही निर्देश दिया कि हर 12 घंटे में मेडिकल बुलेटिन जारी करें। रांची डीसी से फोन पर की बात, जरूरत पड़े तो एयरलिफ्ट की व्यवस्था करें। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फोन कर डीसी रांची से बात की और यदि जरूरत पड़े तो पीड़ित को एयरलिफ्ट कर लें जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मेडिकल बोर्ड में रिम्स सुप्रीटेंडेंट डॉ हिरेन बिरुवा, सर्जरी विभाग के एचओडी नेत्र विभाग के अलावा बर्न विभाग के एचओडी शामिल रहेंगे।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल, रिम्स रेफर

मांडर. थाना क्षेत्र में फुसराटांड़ के निकट मंगलवार को बाइक से गिरकर ठाकुरगांव के कन्नौज गांव निवासी बाइक सवार छोटू उरांव 20 वर्ष सुमन उरांव 30 वर्ष व सोहराई उरांव 28 वर्ष घायल हो गये. तीनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है. घटना सुबह करीब साढ़े दस बजे की है. बताया जा रहा है कि तीनों युवक ब्राम्बे से मांडर की ओर आ रहे थे. इसी क्रम में तेज गति के कारण खुद ही सड़क पर गिरकर घायल हो गये.

इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से डेढ़ लाख के समान की चोरी

मांडर. मिशन नवांटांड़ स्थित राजा इलेक्ट्रॉनिक नामक दुकान में सोमवार की रात चोरी हुयी. बताया जा रहा है कि छत का एस्बेस्टस तोड़ दुकान के अंदर घुसे चोरों ने वहां से नगद के अलावा दो डेस्कटॉप कम्प्यूटर, दो प्रिंटर, बैटरी, बेचने के लिए रखे मोबाईल सहित करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली. दुकान के संचालक अकरम राजा के अनुसार उन्होंने चोरी की सूचना मांडर थाना को दे दी है.

सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल

चान्हो. एनएच 75 में पाटुक मोड़ के समीप मंगलवार को सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गये. घायलों में चान्हो के पतरातु निवासी अंजु देवी, देवकी देवी और शिवचरण महतो शामिल हैं. देवकी देवी और अंजू देवी को गंभीर चोट आई है जिन्हें रिम्स रेफर किया गया है. बताया जा रहा है कि शिवचरण महतो बाइक में अंजु देवी और देवकी देवी को लेकर बीजुपाड़ा से पतरातु जा रहा था. इसी क्रम में पाटूक मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया.

अवैध कोयला पदा पिकअप वैन जब्त

बुढ़मू : सोमवार रात में बुढ़मू पुलिस एवं वन विभाग टीम के संयुक्त प्रयास से थाना क्षेत्र के गेसवे गांव के पास से वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला लदा पिकअप वैन (जेएच03एएच 2039) को जप्त किया। जानकारी के अनुसार पुलिस व वन विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप वैन में अवैध कोयला लाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयास से पिकअप वैन को जप्त कर वन विभाग के द्वारा कोल अधिनियम के धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कार की चपेट में आने से मौत

बुढ़मू : बुढ़मू छापर मुख्य मार्ग में बदलूटा के पास ओमनी कार (बीआर 13सीओ 0444) की चपेट में आने से लोदेमबेड़ा निवासी रोमन मुंडा (24) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ओमनी कार उमेडंडा से छापर की ओर जा रही थी इसी दौरान लोदेमबेड़ा बदलूटा में राशन का सामान खरीदने जा रहे रोमन मुंडा को ओमनी ने चपेट में ले लिया और ओमनी कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गयी। सूचना पाकर 108 की टीम मौके पर पहुंची और रोमन मुंडा को सीएचसी बुढ़मू लेकर आयी जहां डॉक्टरों ने रोमन मुंडा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

सेना के जवान की इलाज के क्रम में मौत

मांडर. मुड़मा निवासी सेना के जवान हेमंत उरांव 56 वर्ष का सोमवार को असम के डिब्रुगढ़ स्थित अस्पताल में ईलाज के क्रम में निधन हो गया. बताया जा रहा है कि असम के तीनसुखिया में बीआरओ में तैनात हेमंत उरांव का ड्यूटी के दौरान अचानक बीमार हो गये थे. जिसके बाद उन्हें ईलाज के लिए डिब्रूगढ़ स्थित अस्पताल में भर्ती किया गया था. दिवंगत की पत्नी प्रमिला उरांव के अनुसार सोमवार की सुबह पांच बजे उनकी पति से बात हुयी थी. तब वे ठीक थे. इसके बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सूचना दी गयी कि हेमंत उरांव का निधन हो गया है. हेमंत उरांव उर्फ हेम्बो उरांव पिता स्व नत्थू उरांव का एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं. दिवंगत का पार्थिव शरीर मंगलवार को गांव लाये जाने की संभावना है.

29 लाभुकों के बीच सोनाली नस्ल की मुर्गी का वितरण

अनगड़ा। हेसातु गांव में मंगलवार को 29 लाभुकों के बीच सोनाली नस्ल की मुर्गी का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को 40 मुर्गी के अतिरिक्त दवा व दाना भी दिया गया है। लाभुकों के बीच मुर्गी का वितरण समाजसेवी किरण देवी ने किया। जेएसएलपीएस के जोहार परियोजना के तहत मुर्गी का वितरण किया गया है। इन लाभुकों को पूर्व में मुर्गी का शेड बनाने के लिए शीट व जाली का वितरण किया जा चुका है। किरण देवी ने बताया कि मुर्गी पालन कर महिलाएं अपने परिवार को स्वालंबी बना सकती है। इस मौके पर उर्मिला देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, नीलम कुमारी, संजू देवी, सरिता देवी, शोभा देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

सीओ को ज्ञापन सौंपकर चहारदीवारी हटाने की मांग

अनगड़ा। लुपुंग पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को अंचल पदाधिकारी पुष्पक रजक को ज्ञापन सौंपकर लुपुंग पंचायत सचिवालय की हो रही चहारदीवारी निर्माण कार्य को सड़क से थोड़ी दूरी पर करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक के द्वारा सड़क से सटाकर चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे लोगों को आनेजाने में काफी परेशानी हो रही है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य कुंती देवी, उपमुखिया शर्मिला कुमारी, गांधी महतो, लालसाय महतो, सुरेश महतो, अरूण महतो, धनीराम महतो आदि शामिल थे।

सीआईटी के दो छात्रों के निधन पर शोक सभा

अनगड़ा। सीआईटी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के दो छात्रों की अलग-अलग मामले में हुई मौत को लेकर मंगलवार को संस्थान में शोक सभा का आयोजन हुआ। शोक सभा के बाद सभी कक्षाएं स्थगित कर दी गई। मालूम हो की 2020 बैच में अध्यनरत हसनैन खान की मृत्यु इलाज के क्रम में रांची में हो गई । जबकि 2021 बैच में अध्यनरत बजरंग भगत की मौत अपने घर पर खाना बनाने के क्रम में गंभीर रूप से जल जाने के कारण हो गई। प्राचार्य डा. एनहरि बाबू व विभागाध्यक्ष प्रो अरशद उस्मानी ने गहरा शोक जताते हुए छात्रों की आकस्मिक मौत को संस्थान एवम परिवार वालों के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

अमन का चयन सीनियर नेशनल स्वीमिंग टीम में

अनगड़ा। सिकिदिरी के अमन जायसवाल चयन झारखंड की सीनियर नेशनल स्वीमिंग टीम सदस्य के रूप में हुआ। प्रतियोगिता छह से 10 सितंबर तक गुवाहाटी असम में आयोजित होगी। 26 अगस्त को धनबाद में आयोजित ट्रायल में अमन का चयन हुआ था। इधर अमन ने 28 अगस्त को लोहरदगा में आयोजित 300 मीटर तैराकी प्रतियोगिता का रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए थे। प्रतियोगिता का आयोजन राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने किया था। लोहरदगा के उपायुक्त डा. बाधमारे प्रसाद व एसपी आर रामकुमार ने अमन को पुरस्कृत किया था। अमन की इस सफलता पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, सुजीत कुमार सोनी, सत्यपाल राउत, रमन कुमार, पारसनाथ भोगता आदि ने बधाई दी है।

रांची में ट्रांसपोर्ट आरोग्यम केंद्र खुला

रांची: एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज (एचडीबीएफएस) ने रांची में ट्रक ड्राइवरों के लिए स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से एक ट्रांसपोर्ट आरोग्यम केंद्र स्थापित किया है। यह पहल ट्रक ड्राइवरों को सीमित जगह में लम्बे समय तक ड्राइविंग के कारण होने वाले मस्क्युलोस्केलेटल (हड्डियों और मांसपेशियां से जुड़ी) पीड़ा के निदान, उपचार और निवारण के उद्देश्य से आरम्भ की गई है। ट्रांसपोर्ट आरोग्यम केंद्र को एचडीबीएफएस द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत शुरू किया गया है। एचडीबीएफएस का ट्रांसपोर्ट आरोग्यम केंद्र कृषि मंडी, पंडरा में स्थित है। यह केंद्र फिजियो-केयर के अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ कर्मचारियों से सुसज्जित है। यहां एक समय में 10-15 लोगों के बैठने की क्षमता है। ट्रक ड्राइवरों को लम्बी कार्य अवधि के कारण जोड़ों, गर्दन, कन्धों और पीठ में अक्सर दर्द होता है और आरोग्यम केंद्र में उन्हें निःशुल्क फिजियो परामर्श एवं उपचार की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। ज्यादा से ज्यादा ट्रक ड्राइवरों को सेवा प्रदान करने के लिए फिजियोथेरेपिस्ट, डॉक्टर्स, पराचिकित्सीय कर्मचारी नियमित रूप से ट्रांसपोर्ट आरोग्यम के आस-पास के विश्राम स्थलों, पेट्रोल पम्पों और ट्रांसपोर्ट नगरों का दौरा करते हैं। इस अवसर पर एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के रीजनल मैनेजर - कमर्शियल व्हीकल्स बिजनेस, हरीश जोटवानी ने कहा कि एचडीबी की ट्रांसपोर्ट आरोग्यरम केंद्र से अभी तक 35 हजार से ज्यादा ट्रक ड्राइवरों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसके साथ हम अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से ट्रकिंग समुदाय की सेवा को लेकर वचनबद्ध हैं।

पुस्तकालय का सदुपयोग करें विद्यार्थी : डॉ मुकुल नारायण देव

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देश के आलोक में स्नातकोत्तर सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के सभी विभागों में कक्षा संचालन के लिए समय का निर्धारण किया गया है। दो पालियों में चलाई जाने वाली कक्षाओं में विद्यार्थियों को कोई असुविधा नहीं हो इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। कुलपति ने उपस्थित सभी सदस्यों से सुझाव मांगा और कहा कि समय के निर्धारण की वजह से अगर कोई परेशानी होती है तो उस संबंध में वह अपनी राय दें। कुलपति ने यह भी कहा कि समय संबंधी अधिसूचना जारी होने के बावजूद अगर कोई कठिनाई हो सकती है तो इसका व्यावहारिक निराकरण किया जाना चाहिए।

कुलपति डॉक्टर देव ने कहा कि पाठ्यक्रम समय पर पूरा करने का लक्ष्य रखें ताकि समय पर परीक्षा हो

और निश्चित अवधि में परीक्षाफल निकले तथा सत्र नियमित रहे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर 5 घंटे का ही रूटीन बनाकर पाठ्यक्रम पूरा कर ले तो और भी बेहतर होगा। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नए पाठ्यक्रम को अविलंब उपलब्ध कराने की बात भी कही गई।

कुलपति डॉक्टर देव ने कहा कि पुस्तकालय का लाभ विद्यार्थियों को उठाना चाहिए। उनके लिए आवश्यकता हुई तो बस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों को मुख्य द्वार से विभाग तक निशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहां। इसके साथ ही कहा कि २२-२३ बच्चों के लिए कैंपस में निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था अति शीघ्र की जाएगी।

डॉ इंद्रजीत कुमार ने नए पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि जिन कॉलेजों में सीटों से कम आवेदन प्राप्त हुआ है वहां पुनः चांसलर पोर्टल खोला जाएगा। बैठक में डॉ अशोक कुमार मंडल, डॉ किरण द्विवेदी, डॉ केदार सिंह ,डॉक्टर शारदा प्रसाद ,डॉ जे आर दास, डॉ मनोज कुमार, डॉक्टर आरपी राय, डॉक्टर अरुण भंडारी और डॉक्टर सरोज रंजन ने भी अपने विचार रखे। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर से पूर्व निर्धारित समय संबंधी अधिसूचना पर सहमति जताई।

मौके पर छात्रसंकायाध्यक्ष डॉ अंबर खातून, डॉ मिथिलेश, डॉक्टर मुख्तार आलम ,डॉ नमीता गुप्ता ,डॉ प्रणिता, डॉक्टर सरिता सिंह, डॉक्टर पी सी देवघरिया ,डॉ विमल कुमार मिश्र, डॉ विनोद रंजन, डॉक्टर जॉनी रूफीना तिर्की, प्रोफेसर फखरुद्दीन समेत कई विभागाध्यक्ष विभिन्न कॉलेज से आए प्राचार्य और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम विभाग के निदेशक गण उपस्थित थे।

नशा लॉटरी का

अवैध लॉटरी के चपेट में है पूरा शहर

युवा, मजदूर, स्टूडेंट दुकानदार पर छाया है लॉटरी का नशा

बबीता उपाध्याय/हजारीबाग: आजकल शहर में सुबह, दोपहर हो या शाम युवा, स्टूडेंट्स, मजदूर, दुकानदार सभी पर अवैध लॉटरी का नशा छाया रहता है। इनके जुबान पर बस लॉटरी के ड्रा की चर्चा रहती है। हर दिन लाखो रुपये का धंधा किया जा रहा है। लॉटरी के दलाल विशेषकर युवाओं को तुरंत पैसा कमाने का सपना दिखाकर अपने जाल में फंसा रहे हैं। यदा-कदा पुलिस प्रशासन द्वारा दिखावे के छापेमारी होती है। उसके बाद यह गोरखधंधा दुगने रफ़्तार से जारी हो जाता है।

प्रशासन पस्त, धंधेबाज मस्त

लॉटरी के कारोबार में शामिल शातिर खिलाड़ी लोगों को झांसा देने के लिए टिकट को बंगाल, नागालैंड, सिक्किम व मणिपुर का बताते हैं। जबकि हकीकत में इनकी छपाई लोकल स्तर पर हीं कंप्यूटर द्वारा की जाती है। लॉटरी के परिणामों को भी हर दिन निकाला जाता है। अगर बडे.पैमाने पर छापेमारी की जाए तो पूरे रैकेट का खुलासा हो सकता है। वैसे प्रशासन की सुस्ती को भी अवैध लॉटरी की पनपने की वजह मानी जा सकती है।

पुरे शहर में चल रहा गोरखधंधा

शहर में विशेषकर झंडा चौक, पेलावल, कचहरी के आस-पास, बंशीलाल चौक, डेली मार्केट, खाजा चौक, इंद्रपुरी चौक, बड़ा बाजार, बुच्चर टोली के गुमटियों के आस-पास लॉटरी के टिकटों की बिक्री की जाती है। साथ हीं आप जहां हैं वहां भी आपके पास टिकट पहुंच सकता है। इस कार्य में १० से १५ साल के बच्चो को शामिल किया गया है। बस एक फोन घुमाने की देर है। ये साइकिल, मोटर साइकिल व स्कूटी से लॉटरी का पूरा बंडल लेकर आपके पास पहुंच जाएंगे।

टिकट पर लिखा होता है कोड

शहर के अलग-अलग काउंटरों को तीन बड़े धंधेबाज टिकट उपलब्ध कराते हैं। सूत्रों ने बताया की बबलू गुप्ता, रिंकू खान व दीपू केशरी इस खेल के बड़े खिलाडी है। इन सबके इलाके बंटे हुए हैं। सूत्र बताते है कि हर टिकट पर एक कोड लिखा होता है। हर कोड का अलग-अलग संचालक होता है। सूत्रों के अनुसार डिअर लाटरी सीसी कोड का संचालक कोई बबलू खान है। एसआर कोडः पिंकू खान, एसएस कोडः शशि कुमार, आरजे कोडः राजेश कुमार, एसएम कोडः सोनू मेहता, बीबी कोडः बड़का बाबू, डीडी कोड : देवा, यूपी कोडः उपेंद्र प्रसाद, एसपी कोड : सोनू खान द्वारा संचालित करने की बात सामने आ रही है। गली-मोहल्ले में लॉटरी की बिक्री करने वाले को 5 से 8 फीसदी का कमीशन दिया जाता है। लॉटरी बेचने के वाले की एक दिन में लाखों रुपए की आमदनी होती है, एक दिन की होलसेलर की आमदनी 20 से 25 लाख रुपए बताई जाती है।

बेखौफ दलाल मैनेज करने का करते है प्रयास

किसी अखबार में खबर लगने पर मफिआओ द्वारा उस पत्रकार को संपर्क कर मैनेज करने का प्रयास किया जाता है। महिना बांधने की दुहाई देकर खबरों को रोकने का प्रयास होता है। जहां मैनेज नहीं होता वहां हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी जाती है। लॉटरी के कारोबारी पर प्रशासन द्वारा भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती है। सबसे बड़ी बात ये है की ये दलाल अगर पकडे भी जाए तो इन पर कमजोर धाराएं लगाई जाती है, जिसकी वजह से इन्हें चंद दिनों में हीं जमानत मिल जाती है और ये एक बार फिर अपने इस धंधे को आगे बढ़ाने में जुट जाते हैं।

मिलती है बंधी बंधाई रकम

शहर के कई सफेदपोशो को हर महीने तय की गयी राशि पहुचायी जाती है। कुछ पत्रकारों द्वारा सवाल उठाने पर पुलिस आश्चयचकित हो जाती है। पत्रकारों से ही जानकारी मांगी जाती है जबकि उन्हें सब पता होता है कि कौन और कैसे इस खेल को संचालित कर रहा है।

गुरुकुल खाता खुलवाने पर मिलेगा 50 लाख का दुर्घटना बीमा 30 गुना व्यक्तिगत ऋण की भी मिलेगी सुविधा : मुख्य प्रबंधक

बड़कागांव सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने की सहायक अध्यापकों के साथ बैठक मे गुरुकुल खाता की दी जानकारी। बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल की ओर से आदर्श विद्यालय बड़का गांव में सहायक अध्यापकों के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया के अहमद जलाल, मुख्य प्रबंधक लोन सेक्शन प्रशांत कुमार, अंचल प्रबंधक सैयद नकवी ,बड़कागांव शाखा प्रबंधक, गर्री कलां उप शाखा प्रबंधक, बादम शाखा प्रबंधक, केरेडारी शाखा प्रबंधक, मुख्य रूप से शामिल रहे। सहायक अध्यापक संघ की ओर से एकीकृत मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष चंदन मेहता, राज्य इकाई के विकास कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

बैठक में बैंक अधिकारियों के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के गुरुकुल खाता

से मिल रहे लाभ की जानकारी सहायक अध्यापकों को दी गई। सभी सहायक अध्यापकों से आग्रह किया गया कि सभी सहायक अध्यापक गुरुकुल खाता खुलवा ले ताकि बैंक ऑफ इंडिया से मिलने वाले लाभ तमाम सहायक अध्यापकों को प्राप्त हो सके। बैंक अधिकारियों के द्वारा बताया गया बैंक ऑफ इंडिया में अकाउंट खुलवाने पर निशुल्क 50 लाख तक का एक्सीडेंटल बेनिफिट की सुविधा दी जाएगी। सहायक अध्यापकों को मिलने वाले वेतन का 30 गुना पर्सनल लोन दिया जाएगा। बैंक ब्याज चेक सुविधा एवं डिमांड ड्राफ्ट सहित कई बैंकिंग सुविधा में रियायत दी जाएगी उक्त सारी सुविधाएं गुरुकुल अकाउंट खुलवाने से मिलेगी । अंचल अधिकारियों के द्वारा सभी शाखा प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र में अभिलंब शिविर लगाकर सहायक अध्यापकों का खाता खोलें जिससे सभी सहायक शिक्षक गुरुकुल स्कीम के तहत मिलने वाले लाभ को ले सकें। मौके पर उपस्थित थे।

बड़कागाँव प्रखंड इकाई के अवध किशोर यादव, गंगाधर लोहरा, संजय कुमार कुशवाहा, रंजीत प्रसाद सिंह, देव प्रकाश, खुर्शीद आलम, सुनील कुमार दास, कौलेश्वर कुमार महतो, राजेंद्र कुमार महतो, आदि शामिल हुए। तथा केरेडारी प्रखंड इकाई से प्रखंड कोषाध्यक्ष महेश राम, झनकू मिस्त्री, दिनेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार ठाकुर, विनोद कुमार ठाकुर, शैलेश कुमार साह, भीमसेन राम ,प्रहलाद कुमार साहू ,सुंदर लाल साहू, गजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार मिश्रा, कमलेश शर्मा एवं अन्य दर्जनों उपस्थित थे।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में यूजी, पीजी और डिप्लोमा कोर्सों में नामांकन जारी

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में यूजी, पीजी व सभी डिप्लोमा कोर्सों में सत्र 2022-23 के लिए नामांकन जारी है। उक्त जानकारी देते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि नामांकन ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यमों से ली जा रही है। उन्होंने बताया कि यूजी, पीजी व डिप्लोमा कोर्स के तहत 30 से अधिक विषयों की पढ़ाई विश्वविद्यालय में कराई जा रही है, जिसमें ऑनर्स, व्यवसायिक और मैनेजमेंट कोर्स शामिल हैं। बीए, एमए के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल व मनोविज्ञान ऑनर्स में विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। वहीं बीएससी व एमएससी के अंतर्गत फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बॉटनी व जुलॉजी में विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं। इसके अलावा बीलीब, एमलीब, डीसीए, पीजीडीसीए, एमबीए एक्जीक्यूटिव, पीजीडीआरडी, बीजेएमसी, एमजेएमसी व योगा में डिप्लोमा की पढ़ाई विद्यार्थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय से पूरी कर सकते हैं। वहीं व्यवसायिक कोर्सों में बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीपीए, एमपीए, बीएफए, एमएफए, एमए एजुकेशन, एमए इन योगा के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम व एमकॉम के लिए भी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आईसेक्ट विश्वविद्यालय में प्रदर्शन एवं ललित कला विभाग में संगीत, नृत्य और पेंटिंग के अलावा अब नए सत्र 2022 से नाट्य कला में भी स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा की पढ़ाई शुरू कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय कैंपस आकर या 8252299990, 8292846702, 8404884433 पर संपर्क कर नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

गरीबी उन्मूलन परियोजना के तहत नव चयनित कैडरों को मिली योजना निर्माण की जानकारी

चौपारणः प्रखंड जगदीशपुर पंचायत भवन परिसर में एक दिवसीय गैर आवासीय गांव गरीबी उन्मूलन परियोजना (वीपीआरपी) का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमे प्रशिक्षण कर्ता के द्वारा यह प्रशिक्षण प्रखंड के जेएसएलपीएस के गठित विभिन्न 6 संकुलों में 25 अगस्त से लगातार चलते आ रही थी। इस प्रशिक्षण में संकुल के नव चयनित ग्राम संगठन के नव चयनित सीआरपी, लाइवलीहुड, सीआरपी और जीपीडीपी फैसिलिटेटर, सीसी और पीआरपी ने भाग लिया। मौके पर प्रशिक्षक प्रखंड के बीपीएम मुकेश करमाली व एफटीसी डिकेश कुमार ने जेएसएलपीएस के कर्मियों को आजीविका सखी मंडल, ग्राम संगठन तथा ग्राम पंचायत स्तर पर योजना तैयार करने के बारे में जानकारी दिया,जो 29 अगस्त तक ट्रेनिंग पुरा किया गया जो की जुलाई माह से 2 ओक्टबुर तक योजनाओ का सर्वे ग्राम संगठन वीओ के दिदियो के कैडरो द्वारा किया जायेगा। मौके पर बीपीएम मुकेश करमाली ने कहा कि इस बार नवचयनित कैडरों को मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से योजना को इंट्री करना है। समय समय पर इस एप्लीकेशन के माध्यम से योजना का अनुश्रवण और निगरानी की जाएगी। वहीं दूसरी ओर एफटीसी डिकेश कुमार ने कहा कि ग्राम स्तर पर योजना तैयार कर ग्राम संगठन व पंचायत स्तर पर परामर्श किया जाएगा। साथ ही विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। सखी मंडल दीदी जो भी योजना बना रही है ज्यादा से ज्यादा योजनाएं का लाभ आप जन तक पहुच से जिसमे पंचायत के प्रतिनिधि के सहयोग से ग्राम सभा में शामिल होकर सभी योजनाएं का स्वकृति दिलाने मे पूर्ण सहयोग किया जाना है। जो ग्राम सभा में आए और उनका सीधा लाभ ले सकें। इस कड़ी में सखी मंडल के स्तर से लेकर संकुल संगठन तक योजनाओं का प्राथमिकीकरण और समेकन किया जाएगा। साथ ही सीएलएफ कॉन्सेप्ट सीडिंग के तहत सभी योजनाओं पर निगरानी रखी जाएगी। उक्त प्रशिक्षण में संकुल चौपारण के 6 संकुल संघटन मे दादपुर, बसरिया, करमा, पांडेयबारा, सेलहारा और चौपारण के लगभग सभी सक्रिय कैडर 400 सीआरपी, लाइवलीहुड सीआरपी और जीपीडीपी फैसिलिटेटर जैसे कैडर शामिल हुए।

मार्खम कॉलेज में स्वागत सह विदाई समारोह संपन्न

हजारीबागः मार्खम कॉलेज में शिक्षकों ने स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में जहां एक और सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढाकर, स्मृति चिन्ह एवं तोहफा देकर विदाई दी गई, वहीं दूसरी और नवागत शिक्षकों को पौधा युक्त गमला देखकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बतौर प्रभारी प्रसाद डॉ श्याम किशोर सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त होते, बल्कि निरंतर अनुभव की प्रखरता आती है। समारोह में नवागत शिक्षकों का सिलसिलेवार परिचय कराया गया। समारोह में नवागत शिक्षक डॉ संतोष कुमार रविदास एवं सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ तौहिद

अहमद ने कविता पाठ सुनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों में डॉ तौहिद समेत डॉ रामजी सिंह, डॉ दिगंबर पांडेय, डॉ एनके मेहता एवं राजेंद्र कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रोफेसर विनय अखौरी एवं सुबोध कुमार सिंह ने समारोह पर अपनी सहमति जताई। समारोह में नवागत शिक्षकों में डॉ सिंधु केरकेट्टा, अंतरा गुप्ता, अनुभा तिर्की ,अमृता एक्का, बलवंती कुमारी, कल्पना सी लकडा, लाडली कुमारी ,संतोष कुमार रविदास, डॉ संजय लकडा, काजल कुमारी एवं कनक रागिनी समेत शिक्षकों में मुख्य रूप से डॉ एडी सिंह, डा चंदन कुमार,डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ बीडी त्रिवेदी, डा एसके सिंह, नितिन नीरज समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

चौपारण बना पोडा कोयला धंधा का सेफ जोन, वन विभाग ने जप्त किया 165 बोरी पोडा कोयला

चौपारण : प्रखंड का कई क्षेत्र इन दिनों पोडा कोयला का सेफ जोन बना हुआ है। इस अवैध कारोबार में जहां एक राजनीतिक दल के युवा नेता सहित कई स्थानीय लोग संलिप्त हैं वहीं बरही, बरकट्ठा और बिहार के कई लोग भी इस कारोबार का मजा ले रहे हैं। हलांकि पुलिस प्रशासन को इसमें लगातार सफलता मिल रही है। हजारीबाग एसपी के निदेर्शानुसार बरही डीएसपी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में थाना प्रभारी शंभु नंद ईश्वर के द्वारा अपने पदाधिकारियों और पुलिस बल के साथ इधर लगातार पोडा लदा वाहन और चालक व तस्करों को पकड़कर जेल भेजा जा चुका है। उसी क्रम में 31 अगस्त को भी वन विभाग के द्वारा 165 बोरी पोडा कोयला जप्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए वनकर्मी पंकज कुमार ने बताया कि डीएफओ के आदेशानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि डीएफओ को गुप्त सुचना मिली कि चौपारण में जीटी रोड लोहावर स्थान के आगे वन सीमा में भारी मात्रा में पोडा कोयला जमा कर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। डीएफओ के आदेशानुसार उक्त स्थल पर पहुंचे तो मामला सही पाया गया। मौके पर थाना एएसआई सच्चिदानंद राय व पुलिस बल और वनरक्षी पंकज कुमार, अजीत कुमार गंझू की उपस्थिति में पोडा कोयला जप्त किया गया। मौके पर से तस्कर फरार हो गए।

गोला : गोली कांड के मामले में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित आठ को मिली तीन माह की सजा

हजारीबाग। व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के न्यायिक दंडाधिकारी सह एमएलए-एमपी कोर्ट मरियम हेम्ब्रम की अदालत ने रामगढ़ विधायक ममता देवी गोला कांड संख्या 64/2016 में तीन महिने की सजा सुनाई है। अदालत ने ममता देवी के अलावा मनोज कुजहर, राजू साव, दिलदार हुसैन, आदिल इनामी, अभिषेक सोनी, राजीव जायसवाल और बालेष्वर भगत को भादवि की 147 और 427 में तीन माह व धारा 341 में दोषी करार देते हुए एक माह की सजा सुनाई है। बताते चले कि 20.08.2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में आईपीएल कंपनी को बंद कराने को लेकर कंपनी के सामने ममता देवी के नेतृत्व नागरिक चेतना मंच के बैनर तले 150-200 संख्या में ग्रामीण बैठे थे। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गए और कंपनी के कार्य में बाधा डाला। जिसे लेकर कंपनी के सुपरवाईजर धीरेन्द्र कुमार प्रमाणिक के लिखित बयान पर गोला थाना में ममला दर्ज किया गया था।

कटकमसांडी में नमो फुटबॉल टूनामेंट-2022 का हुआ भव्य आगाज, क्षेत्र की 80 टीमें ले रही है भाग

उद्घाटन मैच अंबेडकर क्लब पबरा बनाम ब्लू बड्र्स क्लब खुटरा के बीच हुआ, मैच का आनंद लेने उमड़ा दर्शकों का सैलाब

हजारीबाग। कोरोना काल में दो वर्षों तक स्थगित रहने के बाद नमो फुटबॉल टूनामेंट- 2022 का एक नए स्वरुप में वर्तमान वर्ष भव्य शुरूआत कटकमदाग प्रखंड से विगत 28 अगस्त को हुआ था। खेल - खिलाड़ियों के उत्थान और ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के रोमांच को बढ़ाने के उद्देश्य से सदर विधायक मनीष जयस्वाल द्वारा आयोजित इस टूनामेंट के द्वितीय चरण का शुरूआत मंगलवार को कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कटकमसांडी स्टेडियम में हुआ। बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रुप में समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और विधिवत फीता काटकर, फुटबॉल में किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया। उद्घाटन होते ही पूरे मैदान में आतिशबाजी की गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। उद्घाटन से पूर्व कटकमसांडी पंहुचने पर सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित अन्य लोगों का कटकमसांडी हाई स्कूल मोड़ से ही गाजे- बाजे, ढ़ोल- तासे के साथ नृत्य- संगीत करती कटकमसांडी कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने पारंपारिक अंदाज में और +2 उच्च विद्यालय कटकमसांडी की छात्राओं ने पारंपरिक भेषभूषा में नृत्य संगीत के साथ और भाजपा कार्यकताओं एवं विधायक समर्थकों ने फूल- माला पहनाकर जबर्दस्त स्वागत किया। मैदान पर पंहुचने पर स्कूली बालिकाओं और खिलाड़ियों द्वारा स्कॉट सलामी एवं स्वागत गीत के साथ अभिनंदन किया। स्कूली छात्राओं द्वारा सामूहिक स्वागत गान ꣽमन की वीणा से गुजरती ध्वनि

मंगलम स्वागतम...से अभिनंदन किया गया तो वहीं नागपुरी और संथाली गीतों पर जब सामूहिक रुप से छात्राओं के पांव थिरके तो मैदान में समां बंध गया। स्थानीय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का भगवा अंग- वस्त्र भेंटकर और फूल माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। बेहतर कला के प्रदर्शन के लिए कस्तूरबा बालिका विद्यालय और प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी की बच्चियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

नमो फुटबॉल टूनामेंट-2022 कटकमसांडी का प्रथम मैच अंबेडकर क्लब पबरा बनाम ब्लू बड्र्स क्लब खुटरा के बीच हुआ शुरू हुआ। इस रोमांचक मैच का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों का सैलाब कटकमसांडी मैदान में उमड़ा। एक पखवाड़ा तक चलने वाले इस टूनामेंट में क्षेत्र के करीब 80 से अधिक टीमों के 1200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हो रहें हैं। टूनामेंट में शामिल होने वाले सभी टीमों को विधायक मनीष जायसवाल द्वारा रंग-बिरंगे आकर्षक नमो जर्सी और फुटबॉल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। टूनामेंट में निर्णायक की भूमिका में स्टेट पैनल के रेफरी शारीफुल्लाह उर्फ. गुड्डु, जिला स्तर के विकास कुमार, ओमकार रॉय, रंजित अग्रवाल, कार्तिक कुमार, साजन सिंह अपनी सेवा दे रहें हैं । उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो फुटबॉल टूनामेंट के आयोजन का एकमात्र उद्देश क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखार कर उन्हें बेहतर मंच प्रदान करना है। महज पांच वर्ष में नमो फुटबॉल टूनामेंट ने जो ख्यातिप्राप्त की है उसे वर्तमान वर्ष और वृहत्त स्वरूप देने की योजना है। इस बार सदर विधानसभा क्षेत्र के बाहर अन्य कई प्रखंड में भी इसका आयोजन किया जाएगा और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा नमो नमो फुटबॉल के माध्यम से क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति जुनून पैदा करना और खिलाड़ियों को खेल के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कटकमसांडी में पुल निर्माण का अनुसंसा पत्र भी सीओ को सौंपा और ग्रामीणों को सौगात दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि कटकमसांडी मैदान के जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने अपने विधायक निधि की राशि से 07 लाख रुपए भी उपलब्ध कराया है । उद्घाटन के अवसर पर विशेष रुप कटकमसांडी सीओ अनिल कुमार सिंह, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, प्रमुख संगीता देवी, उपप्रमुख ममता देवी, सेवानिवृत्त शिक्षक बद्री हजाम, कंडसार मुखिया रामकुमार मेहता, , सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता एवं फुटबॉल प्रेमी और दर्शक मौजूद रहें।

संपादकीय

पानी की कीमत समझें

भारत में अब लगभग प्रति वर्ष किसी क्षेत्र में बाढ़ तो उसी समय किसी क्षेत्र में सूखे का सामना करना पड़ता है। भारत में मानसून जून से सितंबर के बीच 80 फीसदी बारिश लाता है, जो बचपन से लेकर संस्कृति और वाणिज्य तक को आकार देता है। बारिश के स्तर में विविधता कोई नयी बात नहीं है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप इसकी तीव्रता नयी है। जलवायु परिवर्तन को पानी के माध्यम से सबसे अधिक गहराई से महसूस किया जाता है। उच्च तापमान के कारण सूखा, बाढ़ और बढ़ती वर्षा परिवर्तनशीलता होती है। ग्लोबल वार्मिंग में जरा-सी भी वृद्धि होने से पानी संबंधी जोखिम के तेज होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए पानी की बहुलता और संकट से जुड़ी चिंताएं नीतिगत चर्चा के केंद्र में हैं। वैज्ञानिक इस बात पर सहमत हैं कि मानसून में परिवर्तनशीलता में बदलाव जारी है और आगे भी रहेगा। भारत पहले से ही बारिश के दिनों में छोटे-छोटे अंतराल और कभी-कभी एक महीने के अंतराल पर लंबे सूखे का सामना करता रहा है। इसी वर्ष जून में असम सूखे से जूझ रहा था, लेकिन सप्ताह भर के भीतर ही वहां विनाशकारी बाढ़ आ गयी। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गयी है कि जलवायु परिवर्तन के साथ इस तरह के भयंकर जोखिमों की आशंका और अधिक होगी। पानी की बढ़ती परिवर्तनशीलता (अतिवृष्टि या अनावृष्टि) समुदायों पर भारी पड़ सकती है। अतिवृष्टि के कारण महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों, घरों को नुकसान पहुंचता है और पानी के किनारे रहने वाले लाखों लोगों की आजीविका बाधित होती है। नये आंकड़ों से पता चलता है कि 39 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जो बाढ़ से सीधे प्रभावित हैं। अति निर्धन लोगों के जीवन, जीविका और कल्याण पर बाढ़ का सबसे बुरा असर पड़ता है। पर धीमी गति से चलने वाला सूखा धीमी गति के दुख की तरह है, जो कंपनियों और शहर की उत्पादकता को बाधित कर सकता है, वनों के विनाश को बढ़ा सकता है और लोगों के स्वास्थ्य एवं कृषि प्रणालियों को नुकसान पहुंचा सकता है। अधिकांश देशों ने अपनी जलवायु परिवर्तन योजनाओं में अनुकूलन के लिए पानी को प्राथमिकता दी है। आईपीसीसी की ताजा रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि इन जलवायु परिवर्तन अनुकूलन रणनीतियों में से अधिकांश कृषि क्षेत्र को लक्षित करते हैं। इन सर्वव्यापी अनुकूलन रणनीतियों में से एक सिंचाई, रणनीतिक भंडार और फसलों पर पानी का अनुप्रयोग है। ये प्रयास फसलों को वर्षा की बढ़ती परिवर्तनशीलता और बढ़ी हुई गर्मी की कुछ कठिनाइयों और अनिश्चितताओं से बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। अब समय आ गया है कि पानी की कीमत और उसकी अहमियत को समझें। पानी की उपलब्धता, उपयोग पर एक रणनीति तय होनी चाहिए। जापान जैसे देशों की रणनीति को भी समझने की जरूरत है। भविष्य के लिए हमें पानी पर फोकस करना ही पड़ेगा।

सामयिकी

पाक को मदद में झिझके न भारत

डा. वेदप्रताप वैदिक

कल जैसे ही मैंने लिखा कि वर्तमान संकट में पाकिस्तान की मदद के लिए भारत को पहल करनी चाहिए, शाम तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान आ गया। मोदी ने पाकिस्तान के लोगों की तकलीफ के बारे में जैसी भावभीनी प्रतिक्रिया की है, वह सचमुच बड़ी मार्मिक थी। पाकिस्तान के कई नेताओं, पत्रकारों और समाजसेवियों ने मोदी के उस बयान की सराहना की है लेकिन पाकिस्तान की सरकार या उसके दिल्ली स्थित दूतावास ने अभी तक कोई इशारा भी नहीं किया है कि यदि भारत मदद की पेशकश करेगा तो वे उसे सहर्ष स्वीकार करेंगे। दुर्भाग्य है कि दोनों देशों के फौजी और राजनीतिक रिश्ते ऐसे विकट रहे हैं कि इस भयानक विभीषिका के दौरान भी वे एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते हैं। पाकिस्तान के कुछ उच्चस्तरीय और नामी-गिरामी नेताओं ने बातचीत में मुझसे कहा है कि यदि मोदी सरकार खुद मदद की पहल करेगी तो शहबाज सरकार को उसे स्वीकार करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हो सकता है कि शहबाज सरकार के विरोधी उसके खिलाफ अभियान चला दें। उनकी राय थी कि कुछ गैरसरकारी भारतीय संगठन मदद के लिए आगे आ जाएं तो बहुत अच्छा होगा। यूं भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी सेनापति जनरल कमर जावेद बाजवा भारत के प्रति पिछले दिनों नरमी का रुख अपनाते हुए लग रहे थे। वे भारत से बातचीत शुरू करने की संभावनाएं तलाश रहे थे। अभी-अभी पाकिस्तान के वित्तमंत्री मिफ्ता इस्माइल ने कहा है कि बाढ़ की वजह से हमारी फसलें नष्ट हो गई हैं। अब हमें भारत से सब्जियां और अनाज तुरंत आयात करने होंगे। पिछले तीन साल से भारत-पाकिस्तान व्यापार भी ठप पड़ा हुआ है। चीन के साथ गलवान घाटी में खूनी मुठभेड़ हुई है लेकिन इस बीच भारत-चीन व्यापार में अपूर्व बढ़ोतरी हुई है। पाकिस्तान के व्यापारी तो व्यापार के दरवाजे खुलवाना चाहते हैं लेकिन नेताओं और जनरलों को कौन समझाए? पाकिस्तानी फौज और पार्टियों में भी दो अलग-अलग राय वाले धड़े बन गए हैं। इस समय शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो यदि भारत से रिश्ते सुधारने की पहल करें तो इमरान खान भी उसका विरोध नहीं करेंगे। इमरान तो भारत से संबंध सुधारने की बात कई बार कह चुके हैं। जहां तक अनुच्छेद 370 और 35 ए को खत्म करने की बात है, पाकिस्तान ने उसका डटकर विरोध किया है लेकिन पिछले 3 साल में अब उसकी समझ में यह आ गया है कि इस बारे में अब कुछ नहीं किया जा सकता। यदि मोदी स्वयं भी शहबाज को फोन करके मदद भिजवाने के लिए कह दें तो उनका कुछ बिगड़नेवाला नहीं है। यदि शहबाज या कोई नेता उसका विरोध करेगा तो उसकी छवि पाकिस्तान की जनता के दिल में खराब ही होगी। यदि तालिबान की सरकारवाले अफगानिस्तान को भारत मदद भिजवा सकता है तो शहबाज शरीफ के पाकिस्तान को मदद भिजवाने में मोदी को झिझक क्यों होनी चाहिए? इस समय नेपाल, श्रीलंका और अफगानिस्तान को मदद भिजवाकर भारत ने जो पुण्य कमाया है, उससे भी बड़ा मानव-सेवा का पुण्य पाकिस्तान की विपदाग्रस्त जनता की सेवा से मिलगा।

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)

न्यायिक सुधारों का रोडमैप

विराग गुप्ता

देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं। वर्ष 2016 की एक रिपोर्ट के अनुसार, निचली अदालतों में मुकदमेबाजी से प्रति व्यक्ति औसतन 1,300 रुपये प्रतिदिन का नुकसान होता है।

गरीबी, भूख, असमानता और अर्थव्यवस्था में कमजोरी के लिए परंपरागत तौर पर नेताओं और अधिकारियों को कोसने का रिवाज है। पर प्रधानमंत्री, कानूनमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के बयानों के निहितार्थ को संजीदगी से समझा जाए, तो इसके लिए न्यायपालिका भी जिम्मेदार है। व्हाट्सऐप से फटाफट मैसेज, ऑनलाइन डिलीवरी और बैंकिंग के चुस्त सिस्टम के दौर में भी भारत की अदालतों में दामिनी फिल्म के तारीख पे तारीख का डायलॉग गूंज रहा है। देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं।

वर्ष 2016 की एक रिपोर्ट के अनुसार, निचली अदालतों में मुकदमेबाजी से प्रति व्यक्ति औसतन 1,300 रुपये प्रतिदिन का नुकसान होता है। समस्या का सरलीकरण करते हुए कानूनमंत्री किरण रिजिजू ने इसे जागरूक समाज की निशानी बताते हुए कहा है कि जज 50 मामले निपटाते हैं, तो 100 और मुकदमे आ जाते हैं। लेकिन नए मुकदमों पर ताबड़तोड़ सुनवाई और पुराने मामलों पर तारीख बढ़ना जागरूक समाज के बजाय न्यायिक व्यवस्था के पराभव की निशानी है। इसीलिए 139 देशों की रूल ऑफ लॉ के वैश्विक इंडेक्स में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से भारत 79वें पायदान पर है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 2.5 फीसदी मुकदमे लिए जाते हैं। लेकिन पीआईएल, मुकदमों और अपीलों में जजों द्वारा रूटीन नोटिस जारी करने के फैशन से समाज में मुकदमेबाजों का बड़ा वर्ग तैयार हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय के जज संजय किशन कौल के अनुसार, हर मुकदमे में अपील के उदार सिस्टम से मुकदमेबाजी को इसी तरीके से बढ़ावा देना जारी रहा, तो लंबित मामलों का अगले 500 वर्षों में भी निपटारा मुश्किल है। करोड़ों परिवारों, समाज और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस नासूर के सही इलाज के लिए जजों की संख्या बढ़ाने के सरल नुस्खे के बजाय मर्ज की तह तक जाना जरूरी है।

अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित

पहली बात यह कि संपन्न लोगों के मामलों के जल्द निपटारे के लिए कॉमर्शियल, इनसॉल्वेंसी और मध्यस्थता कानून के तहत विशेष कानून बन गए हैं। लेकिन आम जनता से जुड़े दीवानी, राजस्व और फौजदारी मामलों में मुकदमों के निपटारे के बजाय फाइलों की मोटाई बढ़ाने और तारीख देने पर ज्यादा जोर रहता है। संविधान के तहत जल्द और सुलभ न्याय मिलने के हक को सुनिश्चित करने के लिए कोरे आश्वासन के बजाय संसद से नए कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि विधि आयोग ने वर्ष 1987 में 120वीं रिपोर्ट में कहा था कि देश में प्रति 10 लाख लोगों पर 50 जज होने चाहिए। उसके बाद से न्यायिक व्यवस्था के हर मर्ज के लिए जजों की कमी की दुहाई दी जाती है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में वर्ष 1950 के कुल सात जजों की तुलना में अब 34 जज हो गए। इसके बावजूद फैसलों की दर का 43 फीसदी से घटकर 25 प्रतिशत होना चिंताजनक है। कॉलेजियम सिस्टम के तहत उच्च न्यायालय में सैकड़ों जजों की भर्ती पिछले एक साल में हो गई, लेकिन निचली अदालतों में जजों के 5,343 पद खाली हैं। इसलिए उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ जिला अदालतों में जजों के रिक्त पदों पर भर्ती करने और बुनियादी व्यवस्था ठीक करने के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे।

तीसरी बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंबित मामलों के जल्द निपटारे के साथ 3.5 लाख विचाराधीन कैदियों की रिहाई की बात कही है। लंबित मुकदमों में 70 फीसदी से ज्यादा मामले फौजदारी से जुड़े हैं। थानों में गलत एफआईआर दर्ज करने पर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती। संविधान और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुसार, बेल (जमानत) नियम है और जेल अपवाद। ट्रायल कोर्ट और जिला अदालतों के मजिस्ट्रेट रसूखदारों को बेल और गरीबों को जेल भेजने का रूटीन आदेश दे देते हैं। ऐसे मामलों में मजिस्ट्रेट के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना का मामला चले, तो फिर अदालतों को मुकदमों के बोझ के साथ-साथ जेलों को कैदियों की भीड़ से भी राहत मिलेगी।

चौथी बात यह कि संविधान के अनुच्छेद-14 और 39-ए के अनुसार, सभी लोग बराबर हैं और उन्हें समानता से न्याय मिलना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एम एन वेंकटचलैया ने मुकदमों को निश्चित समय सीमा पर निपटारे की बात कही थी। सर्वोच्च न्यायालय के ही पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के अनुसार, अदालतों में बड़ी कंपनियों, बड़े लोग और वरिष्ठ वकीलों से जुड़े मामलों में जल्द सुनवाई और फैसला होता है। इसलिए पुराने मुकदमों में तारीख देकर नये मामलों में जल्द फैसले की गलत व्यवस्था को बंद करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। पांचवां यह कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिले के बाद मामले की लिस्टिंग और बेंच के आवंटन के लिए मास्टर ऑफ रोस्टर के नाम पर मुख्य न्यायाधीश को सर्वाधिकार हासिल है। वर्ष 2018 में चार जजों ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस करके मुकदमों की मनमानी लिस्टिंग के खिलाफ तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्र के खिलाफ गंभीर आरोप लगाये थे। उसके बाद किसी भी मुख्य न्यायाधीश ने इन्हें सुधारने के लिए नियमों में जरूरी बदलाव नहीं करवाए।

सर्वोच्च न्यायालय के कई फैसलों से नौकरशाही और सरकारी व्यवस्था में सुधार हुआ है। पर चिराग तले अंधेरा की तर्ज पर सर्वोच्च न्यायालय में सुधारों की ठोस शुरुआत नहीं हो पा रही। नए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित ने जल्द न्याय और लोगों को विधिक सहायता के लिए कई बातें कही हैं, जिनसे नयी उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा है कि स्कूल के बच्चे जल्दी स्कूल जाते हैं, तो फिर अदालतें एक घंटे पहले क्यों नहीं शुरू हो सकतीं? सर्वोच्च न्यायालय में तो सिर्फ 71 हजार मुकदमे ही लंबित हैं। पर वहां के सिस्टम में ठोस सुधार शुरू हो, तो फिर पूरी न्यायिक व्यवस्था के सुधार को राष्ट्रीय आंदोलन की शक्ल दी जा सकती है। निचली अदालतों में मजिस्ट्रेट और जज चैंबर में बैठने के बजाय अदालतों में तारीख देने के बजाय जल्द फैसला करें, तो आम जनता को राहत के साथ देश की जीडीपी भी बढ़ सकती है।

इसलिए जरूरी है एकीकृत चिकित्सा प्रणाली

डा. विपिन कुमार

हमें जल्द ही वैश्विक विकृतियों से दूर होकर अपनी प्रकृति और सनातन संस्कृति की ओर लौटना होगा। आज पूरी दुनिया इसकी अहमियत समझने लगी है। यही कारण है कि लोगों ने प्राकृतिक कृषि प्रणाली को तेजी से अपनाना शुरू कर दिया है।

हाल के दशकों में संपूर्ण विश्व में योग का चलन तेजी से बढ़ा है। यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने का महत्वपूर्ण जरिया होने के साथ ही, आध्यात्मिक प्रगति के लिए भी जरूरी है। यह एक ऐसी विधा है, जिससे हमारी नैतिक शक्ति शाश्वत मूल्यों का विकास होता है। जब हम बात योग की कर रहे हों, तो वहां महर्षि पतंजलि का नाम लेना अनिवार्य है। महर्षि पतंजलि को योग का पितामह माना जाता है। उन्होंने न सिर्फ योग के 196 सूत्रों को सहेजा, बल्कि इसे धर्म और अंधविश्वास से बाहर निकालते हुए आम लोगों के लिए भी सहज बनाया। लेकिन समय के बहाव के साथ योग भारतीय जीवन शैली से गायब हो गया। 19वीं और 20वीं सदी के दौरान योग का फिर पदार्पण हुआ। इस कालखंड में योग को बढ़ावा देने में स्वामी विवेकानंद, परमहंस योगानंद, तिरुमलई कृष्णामाचार्य, स्वामी शिवानंद, आचार्य बीकेएस आयंगर जैसे महर्षियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लेकिन, आज जब जलवायु परिवर्तन से उभरती चुनौतियों और फसलों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण लोग अल्प आयु में ही कई बीमारियों का सामना कर रहे हैं, तो पूरी दुनिया में योग और आयुर्वेद की अनिवार्यता बढ़ गई है। मौजूदा समय में इसे एक नया वैश्विक आयाम देने में स्वामी रामदेव का

अभिन्न योगदान है। इस दिशा में पतंजलि आयुर्वेद, दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट, पतंजलि योगपीठ काम कर रहे हैं। साथ ही पूरे विश्व में प्राचीन भारतीय चिकित्सा व्यवस्था को लेकर नए विमर्श को जन्म दिया है। बीते साल बाबा रामदेव के एक बयान ने आयुर्वेद और एलोपैथ चिकिच्सा पद्धति के बीच नए विवाद को जन्म दिया। इस विवाद पर हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को नसीहत भी दी है।

वैश्विक स्वास्थ्य संकट के दौर में दुनिया ने भी आयुर्वेद, योग सहित हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्दति के महत्व को स्वीकारा है। इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट ने हमें एक बार फिर से प्राचीन चिकित्सा पद्दति आयुष (आयुर्वेद, योग, सिद्धा, यूनानी और होम्योपैथ) की ओर सोचने को मजबूर किया है। ऐतिहासिक तथ्य है कि भारत में योग और आयुर्वेद का इतिहास 5000 वर्ष से भी अधिक पुराना है। यह वास्तव में दीघार्यु के लिए संपूर्ण विश्व की सबसे प्राचीन प्रणाली है। इसमें शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य को स्थापित करने के लिए औषधि और दर्शन शास्त्र के विचार समाहित हैं।

अब भारत आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है । आगामी 25 वर्षों के दौरान वैश्विक महाशक्ति बनने के अपने संकल्पों को सिद्ध करने के लिए मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। इस वक्त तमाम देशवासियों को उन मूल्यों को भी पुनर्स्थापित करने में अपनी प्रतिबद्धता दिखानी होगी, जो हजारों वर्षों से हमारे जीवनशैली का हिस्सा रहे हैं। हमें अपने ऋषि-मुनियों के प्रतिपादित ज्ञान की उपेक्षा करना या इसे कमतर आंकने से बचना होगा। चिकित्सा में अपने प्राचीन मूल्यों को समाहित करने के साथ ही, हमें अपने कृषि कार्यों में भी खतरनाक रासायनों के अंधाधुंध इस्तेमाल से बचना होगा, क्योंकि यदि हमारी मिट्टी कुपोषित हो गई, तो हम इंसान इससे कैसे बच पाएंगे?

यही कारण है कि हमें जल्द ही वैश्विक विकृतियों से दूर होकर अपनी प्रकृति और सनातन संस्कृति की ओर लौटना होगा। आज पूरी दुनिया इसकी अहमियत समझने लगी है। यही कारण है कि लोगों ने प्राकृतिक कृषि प्रणाली को तेजी से अपनाना शुरू कर दिया है। इस तरह हमारी प्राकृतिक चिकित्सा की शुरूआत यहीं से हो जाती है। योग और आयुर्वेद असाध्य रोगों के इलाज में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में, भारत सरकार ने भी इसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति से जोड़ने और सम्पूर्ण विश्व में मान्यता दिलाने के लिए प्रयास किए हैं। इनमें राष्ट्रीय आयुष मिशन की स्थापना और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत सबसे उल्लेखनीय हैं। पतंजिल ने हमारी प्राचीन शिक्षाओं, शैलियों और पद्धतियों के बीच एक समन्वय स्थापित करते हुए एकीकृत चिकित्सा प्रणाली के लिए जो आधार तैयार किया है, उस पर भी आगे बढ़ा जा सकता है।

(लेखक, वरिष्ठ स्तंभकार हैं।)

षड्यंत्रों को समझिए, तैयारी कीजिये

संजय तिवारी

बुद्ध और महावीर के बाद तो जैसे भारत के लोग युद्ध ही भूल गए। अधिकार, दायित्व और शास्त्रों से विरत भारत के खंडित होने का यही काल है। इसी के बाद अब्राहमिक संप्रदायों का उदय भी होता है और वे घुसपैठ कर बार-बार भारत के अखंड भूभाग को खंडित करते हैं। बुद्ध के 500 वर्ष बाद ईसाई आते हैं। उनके 600 वर्ष बाद इस्लाम आता है। छठी शताब्दी के उत्तरार्ध से भारत पर इस्लामिक आक्रमण होने लगते हैं।

झारखंड में अंकिता के साथ जो भी हुआ, बहुत दुखद है। इससे भी ज्यादा दुखद अतिशय सहिष्णुता है। अर्थ और बाजार आधारित समाज में ये घटनाएं आश्चर्य नहीं, लेकिन विचलित करने वाली हैं। आखिर हम कितने और सहिष्णु बनें? क्या यह अतिशय सहिष्णुता हमें रहने देगी? कोई यह तो बताए कि मनुष्यता कहां है? और कितने सहिष्णु होना चाहते हैं? यह होता ही है। आर्थिक समृद्धि के बाद सामाजिक चिंता और सभ्यता में सहिष्णुता का प्रभाव अपने कार्य करने लगते हैं। समृद्ध सभ्यताओं को किसी वाह्य सभ्यता या घुसपैठ से बहुत चिंता नहीं होती। उनमें सभी के प्रति एक सहिष्णु भाव ही रहता है। मनुष्य और मनुष्य में समृद्ध सभ्यता भेद नहीं करती। इसीलिए ऐसी सभ्यताएं सर्वदा षड्यंत्रों से निश्चिन्त रहती हैं, लेकिन घुसपैठिये और षड्यंत्रकारी उन्हें निरंतर हानि पहुचाते रहते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्वयं भारत है।

प्राचीन भारत की समृद्धि और संतुष्टि ने भारतीयों को इतना निश्चिन्त कर दिया कि उनके मन में कभी यह भाव ही नहीं उत्पन्न हुआ कि कोई शक्ति उनकी समृद्धि को समाप्त कर एक दिन उन्हें ऐसे बिंदु पर लाकर खड़ा कर देगी जहां से पीछे देखने पर परिदृश्य लुटे-पिटे स्वरूप में दिखने लगेगा। सृष्टि के आरंभ से ऐसा हुआ भी है लेकिन तब अलग-अलग युगों में अलग-अलग नायकों ने इसे पुनः स्थापित भी किया। आज से पांच हजार वर्ष पूर्व का भारत भी अत्यंत समृद्ध था। सम्पूर्ण भौतिक सुखों से प्रत्येक नागरिक परिपूर्ण था। यह पूर्णता कितनी रही होगी, इसका अंदाज आप इस बात से लगा सकते हैं कि शासक परिवार में एक रानी को भरी सभा मे अवस्त्र करने पर भी समाज की कोई प्रतिक्रिया ही नहीं हुई। यह प्रमाणित करता है कि जनता को अपने राजा से कोई शिकायत थी ही नहीं। इसीलिए कौरव एवं पांडव के विभेद को जनता ने पारिवारिक विवाद माना और उसमें कोई जन क्रांति या प्रतिक्रिया ही नही हुई।

यह समृद्धि के कारण उपजी सहिष्णुता ही थी, जिसने महाभारत युद्ध के बाद से लगातार लगभग ढाई हजार साल तक सब कुछ वैसे ही चलने दिया जैसा कृष्ण नीतिगत रूप से निर्धारित कर गए थे। बुद्ध और महावीर के बाद तो जैसे भारत के

दुमका में तैनात जवान

लोग युद्ध ही भूल गए। अधिकार, दायित्व और शास्त्रों से विरत भारत के खंडित होने का यही काल है। इसी के बाद अब्राहमिक संप्रदायों का उदय भी होता है और वे घुसपैठ कर बार-बार भारत के अखंड भूभाग को खंडित करते हैं। बुद्ध के 500 वर्ष बाद ईसाई आते हैं। उनके 600 वर्ष बाद इस्लाम आता है। छठी शताब्दी के उत्तरार्ध से भारत पर इस्लामिक आक्रमण होने लगते हैं। 11वीं शताब्दी में मुहम्मद गोरी की लूटमार शुरू होती है। सत्रहवीं शताब्दी में अंग्रेज आते हैं और 1947 तक भारत को विभाजित कर चले जाते हैं। उनके बाद भारत मे भारतीय सरकारें आती हैं, लेकिन किसी कपोल कल्पित गंगा-जमुनी तहजीब के साथ।

समग्र भारत आज भी विश्व का सर्वाधिक सहिष्णु राष्ट्र है। यहां बहुसंख्यक समाज के विरुद्ध लगातार षड्यंत्र करने वालों को भरपूर सम्मान उपलब्ध है। विश्व इसे देख भी रहा है और समझ भी रहा है लेकिन अभी भी बहुत से बहुसंख्यकों को नहीं दिख रहा। प्राचीन इतिहास का एक एक पड़ाव यह प्रमाणित कर रहा है कि जब- जब सनातन हिन्दू शक्ति से सम्पन्न रहा है तब-तब भारत उन्नति के शिखर पर रहा है। भारत की आर्थिक शक्ति केवल हिन्दू शासकों के समय में ही विश्व मे शिखर पर स्थापित रही है। आज यदि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह कहते हैं कि हिंदुत्व और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं तो वे यह बात अपने गौरवशाली अतीत को पढ़ कर ही कहते हैं।

यह सहिष्णुता हम त्याग नहीं सकते लेकिन अपनी आस्था और अपने उच्च प्राचीन आदर्शों की बलि भी नहीं चढ़ा सकते। यदि इस सहिष्णुता के दुष्परिणाम हाल के वर्षों में देखना है तो यूरोप को देख लीजिए। जब एक खास वर्ग के लोग यूरोप में अंधाधुंध घुसपैठ हुई तो यूरोप को लगा कि बहुत सस्ता श्रम मिल रहा है। इन्हें आने दो । लेकिन जब इस घुसपैठ के भयंकर परिणाम निकलने शुरू हुए तो सारी समृद्धि और सहिष्णुता की चूलें हिल गईं। आज यूरोप की दशा किसी से छिपी नहीं है। हजारों वर्षों के घनघोर युद्धों में बड़े लड़ाके के रूप में स्थापित यूरोप की हालत पिछले सौ 150 वर्षों में बदतर हो गई है। सीरिया का उदाहरण सामने है। लंदन की सड़कों पर भी अब बार-बार नमाजियों के कारण रास्ते रोकने पड़ रहे हैं। मध्य एशिया की हालत तो सभी देख रहे हैं।

यह प्रमाणित तथ्य है कि समृद्धि के कारण लंबे समय की निश्चिंतता और सहिष्णुता किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे शक्तिशाली शत्रु के रूप में सामने आती है। भारत ने इसको सर्वाधिक झेला है। इसलिए भारत को ही सर्वाधिक सतर्क होने की आवश्यकता है। कारण यह है कि विश्व की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। छोटे देश बड़े-बड़े कर्ज में डूबे हैं। अमेरिका और यूरोप के बाजार त्राहि त्राहि कर रहे हैं। अभी कोविड में अमेरिका ने तीन ट्रिलियन डॉलर लोगों के खातों में डाले लेकिन मुद्रास्फीति को वह रोक नहीं पाया। यह स्थिति लगातार बिगड़ ही रही है, क्योंकि विश्व बाजार की हर कड़ी अपने-अपने क्षेत्र में ही टूट चुकी है। ऐसे में छोटे देशों की खराब हालत के लोगो के पलायन और दूसरे देशों में उनकी घुसपैठ बहुत चिंतित करने वाली है और खासतौर पर भारत जैसे राष्ट्र को बहुत तैयारियों की आवश्यकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

न्यूज गैलरी

हरिहरगंज प्रखंड में सादगी से मनाया गया तीज का त्यौहार

हरिहरगंज पलामू/तीज का त्योहार हरियाली व खुशहाली का प्रतीक है, जिसे हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सुहागिनों द्वारा उत्साहपूर्वक मंगलवार को मनाया जा रहा है। इस क्रम के तहत हरिहरगंज प्रखंड के डेमा, पूणाडीह, सियरभूका, अंबा, कटैया, खड़गपुर ,सुल्तानी, भगत तेंदुआ आदि गांवो में गांव की महिलाओं ने एकत्रित होकर खुशी भरे माहौल में तीज का त्योहार मनाया। इस मौके पर जहां महिलाओं ने पुरातन बोलियां, सुहाग के गीत गाकर तीज के त्योहार की खुशी को मिल कर सांझा किया। महिलाओं ने कहा कि तीज के त्योहार का हर सुहागिन को बड़े चाव के साथ इंतजार रहता है। कहा कि हमें ऐसे त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए। जिससे आपसी भाईचारक सांझ व प्यार के रिश्ते सदा के लिए मजबूत बने रहें। इस मौके पर कई महिलाएं एकत्रित हुई। ग्रामीण महिलाओं व कन्याओं ने सज धज कर अलग-अलग पहनावों में तीज समारोह में हिस्सा लिया व रौनकें लगाईं।

विशेष समुदाय के लोगों ने महादलित परिवार को गांव से जबरन निकाला

उंटारी रोड संवाददाता/पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरू कला पंचायत के मुरुमातु टोंगरी पहाड़ी के पास वर्षों से रह रहे महादलित परिवार (मुसहर)को मुस्लिम समाज के दबंगों ने मारपीट कर जबरन गांव से भगाया. जानकारी देते हुए जितेंद्र मुसहर ने कहा हम सभी लोग कई वर्षों से इसी जगह पर अपने पूरे परिवार के साथ रह रहे थे परंतु अचानक मुरुमातु निवासी राजन, इसरार मुखिया, मुख़्तार, रसूल, आदरु वार्ड सदस्य अन्य लोंगो के साथ घर पहुंचकर जबरन घर खाली करने का दबाव बनाने लगे. वहीं मुसहर परिवार के अन्य सदस्यों ने कहा कि मुरुमातु के सभी मुस्लिम ने मिलकर जबरन हम लोगों का सामान गाड़ी में भरकर हम लोगों को जंगल में ले जाकर छोड़ दिया, मुसर परिवार के लोगों ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा है कि जंगल में ले जाकर मारपीट भी की गई है एवं थाना जाने से भी जबरन रोका गया. वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया की उक्त जमीन हमारे पूर्वजों का है जिसका रसीद भी कटता है, जिसपर लगभग 8 माह पहले महा दलित परिवार के लोग कुछ दिनों के लिए रहना है ऐसा कहकर झोपड़ी लगाया था जिसे अभी हमलोगों ने सहमति से उन्हे दूसरे जगह बसने का व्यवस्था कर राजी खुशी से इन्हे यहाँ से जाने को कहा परंतु यह बात कैसे बिगड़ गयी पता नही है। मौके पर डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा इन सभी परिवारों के लिए उसी जगह पर पुर्नवास की व्यवस्था की जा रही है अभी फिलहाल वस्त्र प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू के द्वारा दिया गया है और खाने-पीने का भी व्यवस्था की जा रही है, इस मामले मे जो भी लोग दोषी हैं उन पर एफ आई आर दर्ज किया जा चुका है. फिलहाल मामला शांत है यह उम्मीद है कि आगे भी शांत ही रहेगा. वही सदर एसडीओ पलामू ने कहा की इन मुसर परिवारों का घर तोड़ दिया गया है पुनः उसी जगह पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ बसाया जाएगा बाकी जो भी लोग दोषी हैं उन पर नियम संगत करवाई की जाएगी.

दर्जनों आवास का किया जांच

नावा बाजार पलामू। नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा ने कंडा पंचायत के ताली गांव मे पीएम आवास एवं आवास प्लस योजना अंतर्गत 2019-20 और 2021-22 के दर्जनों आवास को मंगलवार को जांच किया। जांच के उपरांत पता चला कि आवास के कई लाभुकों ने प्रथम एवं द्वितीय किस्त लेने के बावजूद भी अभी तक आवास को पूर्व नहीं किया है। जिनका नाम सत्येंद्र सिंह, मुखेंदर सिंह,नंददेव महतो, कृष्णा राम, गणेश राम, सोना कुवर ,जमुना सिंह, आल्हा सिंह, नगीना सिंह के नाम शामिल है। इन सभी आवास लाभुकों को कई बार आवास पुर्ण करने के लिए सुचना भी दिया गया है। लेकिन इस मेसे कई लाभुकों दो से तीन साल बीत जाने के वाबजूद भी आवास को अभी तक पूर्ण नहीं किया। इस दौरान नावा बाजार प्रखड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा ने स्वयं स्थलीय जांच किया। जहां लाभुकों ने फिलहाल बालू के मंहगाई एवं समस्या को बताते हुए मोहलत मांगी। बीडीओ ने सभी आवास लाभुकों को एक माह के अंदर आवास पुर्ण करने का निर्देश दिया है। अन्यथा साटीफिकेट केस करते हुए सुद समेत सरकार को पैसा वसूल किया जाएगा। मौके पर विकास पाण्डेय, स्वयंसेवक मनीष कुमार सिंह, संजय पासवान समेत कई लाभुक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यकारिणी समिति के पहली बैठक कल

नावा बाजार पलामू। नावा बाजार सोहदाग खुर्द पंचायत कार्यकारिणी समिति के बैठक 1 सितंबर को पंचायत सचिवालय में होगी। यह आवश्यक जानकारी मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी दामोदर चौधरी ने दी । दामोदर चौधरी ने बताया कि कार्यकारिणी समिति के बैठक मुखिया कमला देवी के अध्यक्षता में होगी ।जिसमें उप मुखिया एवं सभी वार्ड सदस्यों को पंचायत सचिवालय के सभागार में 1 सितंबर को सुबह के 11 भाग लेना अनिवार्य है ।

मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी: दीक्षा कुमारी

पाटन पलामू/पाटन :नेहरू युवा केन्द्र पलामू अंतर्गत पाटन प्रखंड के ग्राम सिक्की कला मिडिल सह हाई स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बिभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें खो खो,कबड्डी,दौड़,पेंटिंग,भाला फेंक आदि खेल खेलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठश दीक्षा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मार्गदर्शक स्वरूप श्रीकांत तिवारी जी का योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवेक तिवारी, विद्यालय के शिक्षकगण , एवं बच्चों का योगदान रहा। अंततः सभी विजेताओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया। और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

भवनाथपुर के युवक की हिमाचल प्रदेश में मौत

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश काम करने गए कैलान पंचायत के कोनमंडरा निवासी पलटू वियार के पुत्र मुकेश वियार का शव गांव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से कोहराम मच गया। बता दें कि मुकेश 10 दिन पूर्व हिमाचल प्रदेश के बाला जी कंपनी में काम करने गया था। जहां सरिया सेटरिंग में काम करने के दौरान पहाड़ से पत्थर गिरने से उसे गंभीर चोट आयी थी। कंपनी के द्वारा उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद कंपनी ने पोस्टमार्टम कराने के बाद एम्बुलेंस से शव को घर पहुंचा दिया। शव पहुंचते ही गांव में परिजनों के चीत्कार से कोहराम मच गया। कैलान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रताप यादव, बीजेपी नेता अनिल चौबे, बीससूत्री सदस्य शशि दुबे, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, सुनील पाडेय, सुनील पासवान, राजेन्द्र यादव, अजीत यादव, दलु यादव, सर्वेष पासवान, उमेश वियार, उदय वियार आदि ने घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पारम्परिक तरीके से मना तीज पर्व

भवनाथपुर। प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं ने मंगलवार को निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु होने की कामना का पर्व तीज पारम्परिक तौर तरीके से मनाया। भगवान शिव की आराधना का पर्व तीज व्रत श्रद्धा के साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों के साथ-साथ अपने अपने घरों में सुहागिन महिलाओं ने भगवान शिव की भक्ति भाव के साथ आराधना की। महिलाओं ने पूजा अर्चना के साथ-साथ तीज व्रत कथा सुनी। भाद्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया को मनाया जाने वाले इस पर्व के दौरान शिव और पार्वती की पूजा-अर्चना की गयी। व्रती महिलाओं ने बताया कि यह पर्व दांपत्य और गृहस्थ जीवन के लिए बहुत ही खास है। महिलाएं अपनी पति की लम्बी उम्र के लिए उपवास के साथ पूजा पाठ करती हैं। टाउनशिप दुर्गा मंदिर, सिडी शिव मंदिर, भवनाथपुर दुर्गा मंदिर, बाजार दुर्गा मंदिर आदि जगहों पर श्रद्धा के साथ तीज मनाया गया।

गढ़वा में फूंका गया इस्लामिक जिहादियों और झारखंड सरकार का पुतला, दुर्गा वाहिनी ने लगाई आग

गढ़वा। दुमका की छात्रा अंकिता सिंह की इस्लामिक जिहादियों के हाथों की गई बर्बर हत्या के विरोध में गढ़वा आक्रोशित हो उठा। इस घटना के विरोध में विहिप एवं बजरंग दल ने इस्लामिक जिहादियों, लव जिहादियों और झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। दुर्गा वाहिनी की कार्यकताओं ने पुतला में आग लगाकर अपने प्रखर विरोध से सरकार को अवगत कराया। इस्लामिक जिहादियों ने दुमका की छात्रा अंकिता सिंह को पेट्रोल छिड़कर जिंदा जलाने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गयी थी। इसकी निर्मम और बर्बर हत्या की सूचना मिलते ही लोग आक्रोशित हो उठे। सोमवार की देर शाम इस निर्मम हत्या के विरोध में श्री रामलला मन्दिर से आक्रोश रैली निकली गयी। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रंका मोड़ पहुंची। जहां लव जिहादियों, इस्लाम जिहादियों और झारखण्ड सरकार का पुतला दहन किया गया।

मौके पर विहिप विभाग समन्वय प्रमुख डीपी सिंह ने कहा कि इस तरह का दुःसाहस हिन्दू समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने न्यायालय के फास्ट ट्रैक कोर्ट में इस मामले का त्वरित निष्पादन कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस मौके पर वीएचपी जिला अध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष श्यामा पांडेय, नगर मंत्री रवि दास, नगर सह मंत्री शुभम केशरी, जिला सह संयोजक शुभम चौबे, नगर मंडल संयोजक करन, योगी सेना प्रदेश अध्यक्ष विपुल दुबे, संतोष दूबे, उमेश कश्यप, वीएचपी ग्रामीण अध्यक्ष चन्दन स्वामी, मंत्री अंकित, संयोजक शिवम, कुंदन, रविकांत, मयंक, सूर्य प्रकाश सहित हिन्दू समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

4 सितंबर को चक्का जाम

हरिहरगंज पलामू

नगर पंचायत वासियों का शिष्टमंडल मंगलवार को छतरपुर एसडीओ कार्यालय पहुंचकर हरिहरगंज एनएच 98 शहरी क्षेत्र के जर्जर सड़क को जल्द मरम्मत कराने का मांग पत्र सौंपा है। जल्द मरम्मत नहीं कराए जाने पर एनएच 98 चक्का जाम करने का भी आवेदन दिया है। दिए आवेदन में कहां है कि शहरी क्षेत्र का मुख्य बाजार 0.5 किलोमीटर काफी जर्जर हो चुका है। सड़क में गड्ढे हो जाने के कारण धूल 24 घंटे उड़ते रहते हैं। जिससे सड़क के किनारे दुकानदार को कई तरह के बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिन समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सड़क निर्माण को लेकर पत्राचार किया गया था। परंतु अभी तक शासन-प्रशासन व ठेकेदार किसी ने भी संज्ञान नहीं लिया। नगर पंचायत वासियों ने कहा कि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो मजबूरन शहरवासी 4 सितंबर को हरिहरगंज एनएच 98 चक्का जाम करने को विवश होंगे जिसकी सारी जवाब देगी सरकार एवं प्रशासन की होगी। जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने बताया कि इस सड़क से प्रतिदिन काफी संख्या में बस, ट्रक समेत दो व चार पहिया वाहन आवागमन करते हैं। इन वाहनों के गुजरने के दौरान जर्जर एनएच 98 से उडने वाली धूल से राहगीर व दुकानदार को परेशानी हो रही है। लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका विपरित असर पड़ रहा है। कई लोग एलर्जी का शिकार हो रहे हैं, वहीं जिम्मेदार लोग आंखे मूंदे बैठे हैं। आलम यह है कि बड़े वाहनों के गुजरने के बाद कुछ देर तक उड़ती धूल के कारण कुछ दूरी तक कुछ भी नजर नहीं आता। शहरवासी मजबूरन सड़क जाम करने को बाध्य हो रहे हैं। मौके पर राजीव रंजन, राजकुमार पासवान, मृत्युंजय सिंह, जगन प्रसाद, मनीष कुमार, सिंह, विजय सिंह, दिनेश वर्मा, धीरज कुमार, मो मुबारक हुसैन, रामा शंकर प्रसाद, माखनलाल ,मनोज कुमार, शंकर सिंह, सुनील कुमार, विजय विश्वकर्मा ,चंदन प्रसाद ,संतोष प्रसाद, संजय सिंह, रंजन प्रसाद ,दिलशाद आलम, नासिर अंसारी, निसार आलम सहित काफी संख्या में लोगों ने सहमति देते हुए हस्ताक्षर बनाया।

भारत जोड़ो यात्रा की बैठक रांची में संपन्न

मेदिनीनगर पलामू/रांची स्थित पुराना विधानसभागार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी उपस्थित थे तथा यात्रा के संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय उपस्थित थे बैठक में प्रमुख रूप से दो मुद्दे पर विचार की गई 4 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महंगाई पर हल्ला बोल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड से कम से कम 5000 कांग्रेसी के भाग लेने की संभावना है तथा दूसरा 7 दिसंबर से होने वाली कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा में देश के कोने-कोने से कांग्रेसी पहुंचेंगे तथा उसी दिन श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में पदयात्रा की प्रणाम की जाएगी झारखंड कांग्रेस जन भी कन्याकुमारी में उपस्थिति दर्ज कराएंगे साथ ही साथ यह भी हमारी प्रभारी महोदय ने बताया कि जो प्रदेश से यात्रा नहीं गुजरेगी हुआ के हर जिले में भारत जोड़ो यात्रा जिला प्रखंड और पंचायतों में किया जाएगा इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने बताया कि पलामू जिला से कांग्रेस जन कम से कम सैकड़ों की संख्या में दिल्ली के कार्यक्रम में शामिल होंगे पलामू जिला के संयोजक श्री भीम कुमार ने भी संबोधन किया

फरार अभियुक्त के घर चिपकाया गया इश्तेहार

पांकी पलामू/पलामू पांकी न्यायालय के आदेश पर सतबरवा थाना कांड संख्या 151/20 में फरार अभियुक्त व पांकी थाना क्षेत्र के माड़न पंचायत केरकी गांव के गुडडू भुईया पिता कामेश्वर भुईयां के घर पर मगंलवार को पांकी पुलिस की मदद से सतबरवा पुलिस एसआई इंदर पासवान ने इश्तेहार चिपकाया। दरअसल, अप्राथमिकी अभियुक्त पर सतबरवा थाने में आर्म्स एक्ट अप्राथमिकी अभियुक्त पर दर्ज है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाने में कांड दर्ज होने के बाद से ही अप्राथमिकी अभियुक्त कानून की नजरों से फरार चल रहा है। इधर, कोर्ट ने पुलिस को अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने का आदेश दिया। इस कार्रवाई में सतबरवा थाना एसआई इंद्र पासवान, पांकी थाना एसआई रंजीत कुमार साथ में सशस्त्र बल शामिल थे।

खपरैल घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के अरसली उत्तरी ग्राम के खड़ार टोले में अचानक एक खपडे. के घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना की जानकारी अंचल को दिया गया है। हादसा दोपहर करीब तीन बजे की है। उस समय सभी परिवार खेत में गये हुए थे। जब तक उन्हें आग लगने का पता चला, तब तक आग की लपटों घर के कुछ हिस्से को चपेट में ले लिया। पड़ोसियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। भुक्तभोगी झरी वियार ने कहा कि हम सभी खेत पर गए। अचानक खबर मिली कि मेरे घर में आग लग गई है। तब तक ग्रामीण आग बुझा रहे थे। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है। घर में रखे कपड़े, बर्तन, तीन हजार नगद, बैंक पासबुक सहित 20 हजार की नुकसान हुई है। मौके पर समाजसेवी दयानन्द प्रजापति, निर्भय प्रजापति, उमेश वियार, राजनाथ वियार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

डीसी ने मृतक के आश्रितों को दिया मुआवजा राशि

गढ़वा। उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में वित्तीय वर्ष 2021-22 में हिट एंड रन मामले में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 25-25 हजार रुपये का मुआवजा राशि प्रदान किया। हिट एंड रन मामले में डीसी श्री घोलप ने कुल आठ मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि प्रदान किया। जिसमे मेराल थाना के मृतक स्व. सूर्यांश राज के आश्रित संगीता कुमारी, मझिआंव के स्व. अरविंद राम के आश्रित करमी देवी, रंका के स्व. सुरेश प्रसाद मेहता के आश्रित समुंद्री देवी, गढ़वा के स्व. चिंता देवी के आश्रित बैजनाथ महतो, मेराल के स्व. रमेश पाल के आश्रित गीता देवी, रंका के स्व. विजय प्रताप मेहता के आश्रित विकास कुमार, रंका के स्व. अर्चना तिवारी के आश्रित प्रकाश मणि एवं रंका थाना अंतर्गत ही स्व. राकेश कुमार के आश्रित प्रियंका कुमारी शामिल है। मौके पर मुख्य रुप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन उपस्थित थे।

हुसैनाबाद में प्लेस्कूल के प्रिंसिपल ने मासूम छात्र को लोहे के रॉड से दागा

बच्चा डरा हुआ अभिभावक को बताया आप बीती

हुसैनाबाद,पलामू/थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत मेन बजार स्टेट बैंक के बगल में लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल के प्रिंसीपल द्वारा स्कूल के छात्र को बेहरमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना को लेकर छात्र के पिता ने हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना में लिखित शिकायत की है. शिकायत में कहा है की मेरा बेटा अब्दुल समद लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जो शहर के एसबीआई बैंक के समीप है, क्लास युकेजी में पड़ता है,आज मंगलवार की सुबह स्कूल गया था,जब घर लौटा तो वह जोर जोर से अपना कमर पकड़ कर रोने लगा।और रोते रोते बताया की मुझे स्कूल के हेडसर शशिकेश कश्यप ने गर्म लोहे के रॉड से मेरे कमर के नीचे दो तीन जगह दाग दिए है।इस घटना के बाद मेरा बेटा दर्द से तड़पता रहा औ? काफी डरा सहमा हुआ है.इस सम्बंध में महिला थाना के एएसआई नंद राम ने बताया की लिखित शिकायत छात्र के अभिवावक द्वारा दी गई है।मामले की छानबीन शुरू कर दी है।दोषी प्रिंसीपल के खिलाफ करवाई की जायेगी।

सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी अंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को उपायुक्त के वेश्म में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें पलामू जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। डीडीसी ने बारी-बारी से सभी की समस्याएं सुनी तथा जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आयोजित जनता दरबार में जमीन विवाद, मुआवजा राशि, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन से संबंधित आवेदन आए जिसे डीडीसी के द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

एनएच-75 गढ़वा बाईपास निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका, कहा- जब तक मुआवजा नहीं तब तक काम नहीं

गढ़वा। गढ़वा में निर्माण हो रहे एनएच-75 बाईपास का कार्य खजुरी के ग्रामीणों ने रोक दिया। कहा जब तक मुआवजा नहीं मिल जाती तब तक कार्य नहीं होने देंगे। खजुरी के ग्रामीणों ने सोमवार को उपायुक्त को आवेदन देकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग खाता-75 प्लॉट-832 पर 1920 ई. से काबिज हैं और सभी प्रकार के कागजात हमलोगों लोग के पास है व 1922 ई. मे पलामू कोर्ट से डिग्री प्राप्त है। परंतु गढ़वा जिला प्रशासन टालमटोल कर प्रशासनिक भय दिखाकर काम कराना चाहती है। लेकिन ग्रामीण प्रषासन के इस भय से डरने वाले नहीं हैं। जब तक मुआवजा नहीं मिलती तब तक कार्य शुरू नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि कागजात अभी तक 50 से ज्यादा बार दिया जा चुका है। लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला। ज्ञात हो कि गढ़वा जिला प्रशासन को ग्राम खजुरी के हितबद्ध रैयतों के द्वारा रैयती भूमि होने के प्रमाण में पार्टीशन सूट सन 1/1920, सबजज पलामू के द्वारा दखल दहानि का प्रमाण पत्र, भूतपूर्व जमींदार द्वारा दाखिल रिटर्न, एआर केश नंबर, एम रोल जिसमे 200 लाभान्वित हितबद्ध रैयत हैं, सरकार के द्वारा प्राप्त सरकारी मालगुजारी रसीद, हाल सर्वे द्वारा प्राप्त है एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा वन क्षेत्र की भूमि नहीं होने का प्रमाण पत्र के साथ अनेकों बार कागजात दाखिल किया गया है। निर्माण कार्य रोकने वालों में रवि प्रकाश उर्फ लड्डू, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत दुबे, राजेंद्र दुबे, मदन कुमार ठाकुर, शंभू दुबे, हरि बिंद, रामाशंकर ठाकुर, हरि ओम प्रकाश, मनोज कुमार ठाकुर, अविनाश बिंद, एकलव्य बिंद, रंजन ठाकुर, लक्ष्मण दुबे, गोपाल प्रसाद गुप्ता, सुनील प्रसाद यादव, रामजी प्रसाद यादव, शशि साह, चिंता देवी, प्रमोद यादव, बहादुर शाह, राजेश कुमार, सुमेर दत्त दुबे, प्रताप कुमार पांडेय, गौरी शंकर बिंद, अमित कुमार गुप्ता, उपी कुंवर आदि का नाम शामिल है।

न्यूज गैलरी

मान्यता प्राप्त यूनियन की बैठक आज

रांची। आज मान्यता प्राप्त हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन की बैठक यूनियन कार्यालय में संध्या पांच बजे से होगी। बैठक में विशेष रूप से अभिभावक सह राष्ट्रीय सचिव सह हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री राणा संग्राम सिंह उपस्थित रहेंगे। बैठक में वेतन संबंधित समस्याओं से उत्पन्न वर्तमान हालात पर चर्चा होगी। इसकी जानकारी यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष कर्ण सिंह राठौर ने दी। श्री राठौर ने यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्यों से आग्रह किया है कि, वे बैठक में अवश्य शामिल हों।

सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल, रिम्स रेफर



नवप्रदेश, डोमचांचः थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब रोड मे बीती रात बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी पहचान दिलीप साव उम्र 40 पिता कन्हाई साव ग्राम डोमचांच के रूप में हुई है, मिली जानकारी के अनुसार अपनी मोटर साइकिल से ढाब की तरफ जाने के कार्म ढाब रोड मे अनियंत्रित होकर गिर जाने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, इसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से 108 का सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज करके मरीजों को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

सतगावां से बिहार जा रहे शराब लदे स्कॉर्पियो जब्त, दो गिरफ्तार

विनय शंकर वैध/नवप्रदेश, सतगावां थाना पुलिस सोमवार रात को पेट्रोलिंग के दौरान शराब लदे स्कॉर्पियो के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि में गश्ती के दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी ना 0 - BR27P3580 लदे 6 गैलन शराब लगभग 240लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब माफिया को गिरफ्तार किया। दोनों शराब माफिया स्कॉर्पियो गाड़ी से गिरिडीह के गावां क्षेत्र से शराब लेकर सतगावां के मीरगंज, पचौरी के रास्ते बिहार ले जाना था लेकिन पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी के रात में चेकिंग के दौरान मचमोह के पास वाहन चेकिंग के क्रम में पुलिस के द्वारा शराब लदे स्कॉर्पियो गाड़ी को पकड़ा गया। गिरफ्तार शराब माफिया का नाम संदीप कुमार पिता दीनदयाल चौहान ग्राम मेहंदीपुर पकरीबरावां नवादा बिहार का है साथ में चालक सह गाड़ी मालिक भी है दूसरा संजय चौहान जो संदीप कुमार का दोस्त और शराब तस्करी का साथि है। इस संबंध में सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य ने बताया कि उक्त दोनों शराब धंधेबाजों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। ज्ञात हो कि जब से बिहार में शराब बंदी कानून बना है,तब से शराब माफियाओं की चांदी हो गई है। सतगावां की सीमा बिहार के गोविंदपुर से सटा हुआ है, जिसके चलते शराब माफिया हमेशा शराब की तस्करी झारखंड से बिहार के लिए करते हैं। शराब माफिया का हौसला बुलंद हैं क्यों की आय दिन सतगावां के रास्ते बिहार शराब पार किया जा रहा,संयोग ही होता है। की कभी कभी शराब माफिया पुलिस की पकड़ में आता है। लिकिन कुछ माह से सतगावां पुलिस की पेट्रोलिंग के कारण आए दिन शराब माफिया पकड़ में आ रहे हैं।

योगीडीह पैक्स चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए संजय सिन्हा

नवप्रदेश, सतगावां: प्रखंड के योगीडीह पैक्स कार्यालय में मंगलवार को निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष संजय सिन्हा को बीसीओ सह चुनाव पर्यवेक्षक राजू रजक ने अध्यक्ष पद के लिए प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने 12 अन्य प्रबंध समिति के सदस्यों को भी प्रमाण पत्र दिए। मौके पर उपस्थित बीसीओ राजू रजक ने कहां कि जिला सहयोग समीति अंचल कोडरमा के आदेशानुसार आज योगीडीह पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध संजय सिन्हा व 12सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचन घोषित हुये। और सभी को प्रमाण पत्र दिया गया। उन्होंने सभी को अपने कार्य एवं दायित्व को सही तरीके से निभाने की अपील की है।साथ ही साथ इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।वहीं नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि मेरी जीत का श्रेय मेरे पिता श्रीकांत सिंह सभी संमानित सदस्य को जाता है। मै अपने कार्य एवं दायित्व का सही उपयोग करूंगा। मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष श्रीकांत सिंह, पहलाद सिंह, नरेश सिंह, पंकज सिंह, बबलू सिंह,दिवाकर सिंह, विनय सिंह,संतोष कुमार, गौरव सिंह,उत्तम कुमार, प्रभाकर सिंह, योगेंद्र सिंह, अमरेश सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सिंह, रंजीत सिंह उर्फ सीबीआई, अशोक सिंह, रितेश सिंह आदि उपस्थित थे।

गर्भवती महिला की मौत



विजय कुमार/नवप्रदेश, कोडरमा: चंदवारा थाना क्षेत्र ग्राम सरदारोडीह के रहने वाली पूनम देवी उम्र 22 साल पति बीरबल कुमार मेहता का मंगलवार को निधन हो गया जो 7 महीने गर्भ से थी। पति बीरबल कुमार मेहता के अनुसार पूनम देवी तीज के लिए उपवास की थी। संध्या 5:00 बजे अचानक से तबीयत बिगड़ गया तत्काल इन्हें परिजनों ने सदर अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोडरमा थाना को सूचना देने के बाद कोडरमा थाना के पुलिस मृत पूनम देवी के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गए। इधर मृतिका के पहले से दो बच्चे एक बेटी 3 साल कि है और एक बेटा डेढ़ साल का है। सदर अस्पताल पुलिस प्रभारी ने बताया कि मृतिका के पिता के बयान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जैन धर्म का दस दिवसीय पर्यूषण दशलक्षण महापर्व आज से प्रारंभ

आत्म कल्याण और आत्म शुद्धि का पर्व है दसलक्षण महापर्व- जैन महामुनी विशल्य सागर

भक्तजन इन दस दिनों तक सात्विक भोजन और एकासन करते हैं कई लोग

नवप्रदेश, झुमरी तिलैयाः जैन धर्म का पर्यूषण दशलक्षण महापर्व कल बुधवार से जैन संत मुनि श्री विशल्य सागर गुरुदेव के सानिध्य में दस दिनों तक बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव पूर्वक मनाया जाएगा, गुरुदेव के मुखारविंद से प्रतिदिन प्रातः महा विश्व शांतिधारा का पाठ लाखों मंत्रों के द्वारा किया जाएगा, इस महापर्व के दिनों में पूरे विश्व और भारतवर्ष के जैन धर्मावलंबी दस दिनों तक व्रत तप उपवास की साधना में लीन रहते हैं , तो दस दिनों तक बिना कुछ खाए पिए निर्जल उपवास करते हैं, प्रतिदिन प्रातः 4:00 बजे से ही महिलाएं, पुरुष, बच्चे मंदिर में धर्म साधना के लिए पहुंचने लगते हैं, डॉक्टर गली और पानी टंकी रोड जैन मंदिर को प्रकाश की रोशनी से सजाया गया है ,रात्रि में महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा

पूज्य गुरुदेव राजकीय अतिथि विशल्य सागर जी गुरुदेव ने आज अपनी अमृतवाणी में कहा कि जैन धर्म में पर्युषण पर्व का सर्वाधिक महत्व है भादो महीने मे मनाए जाने वाले यह महापर्व आत्म कल्याण और शुद्धि का पर्व है इन दिनों में मनुष्य अपनी सभी बुराइयों का अंत कर अपने जीवन का कल्याण कर सकता है जीवन को प्रकाश मय और नई दिशा प्रदान कर सकता है गुरुदेव ने पर्व का अर्थ समझाते हुए कहा कि पर्व शब्द में ढाई अक्षर है और यह ढाई अक्षर प्रेम ,संत ,धर्म, भक्ति, पुण्य ,आत्मा, श्रद्धा ,त्याग के वाचक है उत्तम क्षमा से प्रारंभ होने वाला यह पर्व धार्मिक आध्यात्मिक व सांस्कृतिक नव चेतना को जागृत करने में अपनी प्रथक भूमिका प्रदान करता है इस पर्व के समय प्रत्येक व्यक्ति के मन में एक धार्मिक संस्कार जागृत होते हैं जिससे व्यक्ति स्वयं के साथ अपने परिवार और राष्ट्र के निर्माण में महती भूमिका निभा सकता है यह सभी जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राजकुमार अजमेरा ने दी।

जिले में धूमधाम से मनी हरतालिका तीज व्रत

सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार हरतालिका तीज व्रत : रजनी बाला

पवन कुमार (प्रेम जी)

नवप्रदेश, कोडरमाः सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए उपवास रख हर्षोल्लास के साथ मनाया तीज व्रते सोमवार के संध्या 3:20 से ही तृतीया तिथि प्रारंभ हो गई थी, जोकि मंगलवार शाम 3:20 तक तृतीया तिथि रही विभिन्न समय पर सुहागिनों ने तीज पूजा की कुछ लोग सोमवार की रात्रि को कुछ मंगलवार की सुबह 8:00 बजे से पहले उसके बाद मंगलवार रात्रि तक तीज का पूजा चलता रहा। समाजसेवी रजनी बाला यादव अपने गांव की महिलाओं के साथ धूमधाम से नवादा बस्ती स्थित अपने आवास पर तीज की पूजा की उन्होंने बताया कि इस तीज में महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं। तीज की शाम के समय महिलाएं श्रृंगार करते हुए भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की पूजा करती हैं। हरतालिका तीज व्रत रखने और पूजा करने से सौभाग्य और सुख- समृद्धि की प्राप्ति होती है। व्रत करने से पति की लंबी आयु की प्राप्ति होती है। और उनकी यश की वृद्धि होती है, इसलिए यह त्यौहार सभी सुहागिनों के लिए अति महत्वपूर्ण है। मौके पर रश्मि बाला यादव, मनीषा देवी, पूजा देवी, अनीशा देवी, बेबी देवी, सुशीला देवी, एवं मनीषा देवी मौजूद रही।

मरकच्चो में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर

नवप्रदेश, मरकच्चोः प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित ग्राम जामू दरदाही, नावाडीह 1 समेत लगभग आधे दर्जन गांवों में गणेश महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण पर है। 31 अगस्त से 4 सितंबर तक गणेशोत्सव का त्यौहार मनाया जाएगा। बाल गणेश पूजा समिति जामु नदी पर के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष पंकज साव व सचिव तुलसी साव ने संयुक्त रूप से बताया कि 31 अगस्त को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके बाद 5 दिनों तक महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत बाल भोग, भंडारा, मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। मटका फोड़ प्रतियोगिता में विजेता टीम को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गणेश महोत्सव को लेकर पंडाल को आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में बाल क्लब जामु के सदस्य प्रमोद कुमार साव, सूरज कुमार साव, पूर्णानन्द साव, कुमार संजय कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार साव, अनिल कुमार साव, मंगर कुमार साव, दीपक कुमार साव, पप्पू कुमार साव समेत समिति के कई लोग लगे हैं।

डीसी आदित्य रंजन ने दिये कई दिशानिर्देश

सदर अस्पताल का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

नवप्रदेश, कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा सदर अस्पताल कोडरमा का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपायुक्त ने आयुष्मान वार्ड, इमरजेंसी यूनिट के साथ-साथ विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर मरीजों को दी जी रही सुविधाओं का जायजा लिये। उपायुक्त ने आयुष्मान वार्ड, में भर्ती मरीजों से बात चीत किये और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिये। मरीजों ने बताया कि हमलोगों का बेहतर तरीके से हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। डॉक्टर नियमित रूप से वार्ड में आकर हमलोगों का जांच करते हैं। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे रूम के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त अस्पताल में पार्किंग की उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर सिविल सर्जन, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डीडीएम, विनित अग्निहोत्री व अन्य मौजूद रहे।

डीडीसी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन समीक्षात्मक बैठक

नवप्रदेश, कोडरमा उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के क्रियान्वयन योजनाओं की जानकारी लेते हुए 15 सितंबर तक एसबीएस के सभी संवेदक को कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री चंद्रशेखर व अन्य मौजूद रहे।

जयनगर के सरकारी विद्यालय में घुसकर दो युवकों ने लहराया रिवाल्वर, दहशत

प्रतिनिधि नव प्रदेश

कोडरमाः जिले के जयनगर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार दोपहर लगभग 1:05 बजे दो अज्ञात युवक विद्यालय में रिवाल्वर के साथ प्रवेश कर गए और 11वीं कक्षा के बगल में जाकर हवा में पिस्टल चमकाने लगे। प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने दोनों युवकों को रिवाल्वर चमकाते हुए देखा तो उनसे पूछताछ की। युवकों ने बताया कि उन्हें अरबाज खान से मिलना है। जो 11वीं

कक्षा में पढ़ता है। और वह हमारा दोस्त है। फिर तुरंत रिवाल्वर को छुपाते हुए दोनों युवक भाग निकले। हालांकि, शिक्षकों ने दोनों युवकों को रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। उसके साथ छात्र जाकिर खान भी विद्यालय से फरार पाया गया। इधर विद्यालय में घटी इस घटना को लेकर शिक्षकों के साथ- साथ छात्र- छात्राएं भी काफी दहशत में हैं। मामले को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने जयनगर थाना को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर जयनगर पुलिस काफी गंभीरता दिखा रही है और शीघ्र ही पदार्फाश की बात कही है। दूसरी और प्रभारी प्रधानाध्यापक ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को 1 सितंबर को अभिभावकों के साथ उपस्थित होने को कहा है। उन्होंने कहा है कि अगर छात्र- छात्राएं ऐसा नहीं करते हैं तो अनिश्चितकाल के लिए कक्षा को स्थगित कर दिया जाएगा। उन्होंने कोडरमा एसपी कुमार गौरव को भी लिखित सूचना दिया है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

अधिकारियों को दिये कई दिशा निर्देश

नवप्रदेश, कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर/क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। इस दौरान उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

दुमका की घटना पर डोमचांच में फूटा लोगों का आक्रोश, मुख्य आरोपी शाहरुख का फूंका पुतला

हिन्दू संगठनों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन, दोषियों को फाँसी के फंदे में लटकाने की मांग

महादेव कुमार

नवप्रदेश, डोमचांचः दुमका की बेटी अंकिता की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को कालीमंडा से शहीद चौक होते हुए टैक्सी स्टैंड डोमचांच तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ओर हिन्दू संगठन के लोगो ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान लोगो ने अंकिता का बैनर लिए हुए झारखंड सरकार हाय हाय, झारखंड सरकार मुदार्बाद झारखंड सरकार तुष्टिकरण की राजनीति बंद करो आदि नारो के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए टैक्सी स्टैंड में आरोपी शाहरुख का पुतला फूंका गया। इस दौरान लोगो ने सरकार से आरोपी शाहरुख को तुरंत फांसी देने की मांग की। इस दौरान थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान जगह जगह अपने पुलिस बल की तैनाती किए थे। ताकि किसी प्रकार का विवाद ना हो,साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की नजर है। इस दौरान समाजसेवी बसंत मेहता ने कहा कि सरकार जो तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है ऐसी राजनीति करना बंद करें और अंकिता को न्याय दिलाने का काम करे। अंकिता सिंह के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाय। इस तरह के अपराध को देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।साथ ही

मृतिका के परिजनों को सरकार 1 करोड़ का मुवावजा दे। उन्होंने सरकार से मांग की है की शाहरुख जिसने सोए हुए अंकिता के ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था,ओर चार दिन इलाज के बाद अंकिता ने दर्द से चिल्लाते आखिरकर रिम्स में दम तोड़ दिया। ऐसे आरोपी को बक्सा नहीं जाय इस तरह के अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं जिला संयोजक वींरेंद्र कराटे ने कहा कि जिस निर्मम तरह से 23 अगस्त को दुमका की बेटी अंकिता जब अपने घर में सोई हुई थी। ओर उसी दौरान गांव के ही शाहरुख नाम का युवक अंकिता को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। ओर इलाज के दौरान अंकिता की मौत हो जाती है.ऐसे हत्यारों को तुरंत फांसी दिया जाए। ओर दिवयंगत अंकिता को न्याय दिलाया जाय।इस तरह से एक बेटी को अपने घर में जला देना आरोपियों का मनोबल बढ़ रहा है पुलिस इस पर सख्त कार्रवाई करें नहीं तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगा। अंकिता के मौत के बाद पूरे झारखंड में विभिन्न संगठनों के लोग अंकिता को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतर गए हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार भी कर लिया है। मौके पर प्रखंड संयोजक कृष्ण यादव, समाजसेवी शैलेंद्र कुमार सिंह, पवन गोस्वामी, बसंत मेहता, सुजीत मेहता, रामपुकार भारती, सुनील मेहता, नीरज कुमार, धीरेंद्र कुमार मेहता, रिंकू सिंह, रतन सिंह, रोशन सिंह, सुमित कुमार, बंटी कुमार, सौरभ सिंह, दीपक कुमार राम, अमित कुमार,कमलेश पांडेय, सूरज कुमार, उजाला, शुभम कुमार, संगम विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

बोकारो में मिथिलांचलवासियों के घर चौठ चन्द्र पूजा की रही धूम

चंद्रदेव से व्रतियों ने की निष्कलंकता और पारिवारिक समृद्धि की कामना

संवाददाता

बोकारो : बोकारो मे रहने वाले मिथिलांचलवासियों ने मंगलवार देरशाम श्रद्धा व उल्लास के साथ चौठचन्द्र पूजा संपन्न की। कला-संस्कृति की विशिष्टता के लिये प्रसिद्ध मिथिलांचल में कई पर्व-त्यौहार अनूठे ढ़ंग से मनाए जाते हैं। गणेश चतुर्थी यूं तो देश भर में उत्साह व निष्ठा के साथ मनाई जाती है, लेकिन मिथिलांचल के लोग इसे चौठचन्द्र (चौरचनि) पूजा के नाम से मनाते हैं। भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मिथिला के गांव-गांव के साथ-साथ जहां भी मैथिल रचते-बसते हैं, वहां चौठचन्द्र पावन श्रद्धा से मनाया जाता रहा है। मान्यता है कि जो यह पूजा संपन्न करते हैं, वे सदा धनवान, पुत्रवान व प्रसन्न रहते हैं।

खाली हाथ चंद्रमा देखने पर लगता है मिथ्या कलंक

जानकार बताते हैं आज के दिन चन्द्रमा को कलंक लगा था, किन्तु मिथिला में चन्द्रमा पूजा की परम्परा है। कहा जाता है कि इस दिन जो भी व्यक्ति चंद्रमा को खाली हाथ देखते हैं, उन्हें भी मिथ्या कलंक लगता है। जब भगवान श्रीकृष्ण पर स्यमन्त की मणि चोरी का मिथ्या कलंक लगा था तो हम और आप क्या हैं? भगवान कृष्ण ने नारदजी की प्रेरणा से इसी तिथि के गणेश व चन्द्रमा की पूजा की थी तो उन्हें कलंक से छुटकारा मिला था। इसलिये मिथिला में यह पूजा संपन्न कर फल, मिठाई लेकर चन्द्रदेव के दर्शन की परम्परा है।

सुबह से ही बनने लगते हैं नाना प्रकार के पकवान

मैथिलानी दिनभर निराहार रह पवित्रता के साथ सुबह से ही अच्छे-अच्छे व नाना प्रकार के पूड़ी-पकवान, छनुआ सोहारी (रोटी), चीनी पूड़ी, रंग-बिरंग के पिरुकिया (गुजिया), टिकरी आदि बनाते हैं। इन पकवानों के अलावा भांति-भांति के फल मधुर-मिठाई, नारियल, दही आदि से सजे डालों को सजाया जाता है। घर के आंगन में पिठार (पिसे चावल के घोल) से अरिपन (एक विशेष प्रकार की पारंपरिक अल्पना कलाकृति) बनाए जाते हैं। फिर उन पर सिन्दूर लगाया जाता है और उन्हीं पर सजी डालियों को रखा जाता है, साथ ही कलश स्थापित किया जाता है। उसके बाद चंदनयुक्त सिन्दूर, यज्ञोपवीत, अक्षत, फूल, फूल-माला, दूभ, बेलपत्र आदि से सुसज्जित पूजन-स्थल बनाने के बाद गणपत्यादि पंचदेवता भगवान विष्णु गौरी व चौठीचान की पूजा कर बारी-बारी से लोग पूड़ी, पकवान फल से सजी डालियां या फल लेकर विशिष्ट मंत्र के साथ चन्द्रदेव का दर्शन करते हैं। इसके बाद स्यमन्त की मणि, जाम्बवान पुत्र सुकुमार पर आधारित कथा ध्यानमग्न हो सुनने की परम्परा है। अंत में आरती कर विसर्जन के उपरांत मरर (केले के पत्ते) पर चढाये खीर-पूड़ी को घर के पुरुष सदस्य भांगते हैं और सभी सदस्य मिल-बांटकर प्रसाद खाते हैं।

एक नजर

पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल सहित बेरमो के विभिन्न थानों से लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का उदभेदन करने एवं दो दर्जन चोरी की बाइक बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को मंगलवार को गोविंदपुर सी पंचायत के मुखिया सहित लोगों ने माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर इंस्पेक्टर शैलेश कुमार चौहान, अनि विक्रांत मुंडा, अजय कुमार यादव, अमित कुमार सिंह, आशीष कुमार, सअनि अनूप नारायण सिंह, बिनोद मुंडा, राकेश कुमार सिंह के अलावा मुखिया विकास सिंह, सुनील पांडेय, तपन बनर्जी, नंदकिशोर सिंह, अनिल सिंह, मिथिलेश शर्मा, राम शरीक सिंह, नागेंद्र सिंह और विक्की उपस्थित थे।

करम महोत्सव मनाने को लेकर बैठक

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल गोविंदपुर इ पंचायत सचिवालय में करम महोत्सव मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन पंचायत के मुखिया विश्वनाथ महतो की अध्यक्षता में की गयी। इसमें में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। करम महोत्सव में पांच स्थान की टीम भाग लेगी। सभी टीम को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, उप मुखिया कोकिल महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नागेश्वर महतो, गणेश महतो, गीता देवी, केदार महतो, महेश महतो, राजा राम महतो, अर्जुन महतो, भानु प्रताप चौधरी, खूबलाल महतो, सुनील महतो, कृष्णा महतो, संजय महतो, पिंकी देवी, आशा देवी, उचित देवी, उषा देवी, भोला कुमार महतो सहित कई लोग शामिल हुए। बैठक का संचालन डॉ दशरथ महतो ने किया।

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक

25 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 1.38 लाख स्वीकृत

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में 25 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में परिवर्तित किये जाने के लिए 1.38 लाख रुपये व्यय की स्वीकृत दी गई।

बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सभी सदस्यों को जानकारी दी गई कि जिला में जल्द ही निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण जिले के युवक-युवतियों के लिए प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए एससीए मद से कंप्यूटर और टेबल का क्रय किया जा रहा है जबकि प्रशिक्षक की नियुक्ति संविदा के आधार पर की जायेगी। उसके मानदेय का भुगतान डीएमएफटी मद से किया जाएगा। इसके लिए संस्थान की संबद्धता नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (निलाईट) से प्राप्त किये जाने की तैयारी चल रही है।

शुरूआत में कुल 80 युवक-युवतियों का नामांकन होगा। पीटीजी, एसटी, एससी को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी प्रकार छात्र छात्राओं के जे ई ई/नीट की तैयारी के लिये कोचिंग की व्यवस्था किया जाना है, जिसमें मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। तकनीकी/प्रायोगिक/स्वास्थ्य व अन्य शिक्षण की तैयारी के लिए शिक्षकों एवं लैब डेमोन्स्ट्रेटर (साइंस) तथा प्रखंड में लाइब्रेरियन की संविदा आधारित नियुक्ति कर उनके मानदेय का भुगतान डीएमएफटी मद से किया जाएगा।

उपायुक्त द्वारा सभी सदस्यों को जानकारी दी गई कि जिला में डी एम एफ टी के कुल मद का 50 प्रतिशत राशि शिक्षा एवं स्वास्थ्य, 25 प्रतिशत राशि पथ/कनेक्टिविटी और 25 प्रतिशत राशि पेयजल व सिंचाई में व्यय किये जाने का निर्णय लिया गया है। पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार द्वारा जिला में युवाओं के लिए पुलिस या अन्य बल में भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित प्रशिक्षण और खेल से संबंधित प्रशिक्षण का प्रस्ताव दिया गया।

उपायुक्त द्वारा इस बिंदु पर बताया गया कि इसमें प्रशिक्षकों को डीएमएफटी मद से हायर किया जा सकता है। इससे संबंधित प्रखण्डों में शिविर आयोजित किये जा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा शहरी क्षेत्र में पावरगंज और बरवाटोली में पूर्व में लगाये गये ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम को पुनः ठीक करा कर कार्यशील करने और मिशन चौक में नया ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाये जाने का प्रस्ताव दिया गया।

गिरिडीह में पावर सब स्टेशन में आग से मची अफरा-तफरी

गिरिडीह : गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड मुख्यालय स्थित 33 केवीए पावर सब स्टेशन में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गयी। आग लगने के बाद धुआं का गुबार उठने लगा। इसे देख आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। अग्निशमन विभाग को आग बुझाने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार को दोपहर में अचानक 33 केवीए के ट्रांसफॉर्मर में आग लग गयी। आशंका जतायी जा रही है कि पावर स्टेशन में लगे ट्रांसफॉर्मर में तेल के रिसाव की वजह से आग लगी होगी। आग लगने के बाद पावर स्टेशन से धुंआ का गुबार उठा, जिसे दूर से ही देखा जा सकता था। पावर सब स्टेशन में लगी आग को देखकर आसपास के लोग उस तरफ भागे। काफी संख्या में लोग वहां जमा हो गये। पावर स्टेशन के कर्मियों से मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास पावर स्टेशन में फ्यूज उड़ने के बाद तेल का रिसाव हो गया और वहां पर आग लग गयी। कर्मियों ने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पावर स्टेशन के कर्मचारियों ने अपने स्तर से आग को बुझाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस दौरान बारिश भी हुई, लेकिन उससे भी आग नियंत्रित नहीं हो पाया। अग्निशमन विभाग को पावर सब स्टेशन में आग लगने की सूचना दे दी गयी है।

उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर लगा जनता दरबार

उप विकास आयुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, जल्द समाधान का दिया भरोसा

चतरा : समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंच उप विकास आयुक्त से मिल उन्हें समस्याएं सुनाया। उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए सभी शिकायतकताओं की बारी बारी से समस्याएं सुन, जल्द समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा। समस्याओं में मुख्य रूप से भूमि विवाद से संबंधित,राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आवास, समेत अन्य मामले शामिल है।

मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी संबन्धित पदाधिकारियों को शीघ्र समस्याओं का समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

गोड्डा में असामाजिक तत्वों ने तोड़ा दुर्गा प्रतिमा, जनाक्रोश

गोड्डा : जिला मुख्यालय के चपरासी टोला स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर बाबू पाड़ा मै स्थापित मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने से पूरे जिले में आक्रोश है। दुर्गा पूजा समिति बड़ी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष प्रीतम कुमार दुबे ने इस संबंध में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में अध्यक्ष ने कहा है कि रात में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंदिर परिसर की जांच की है तथा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इधर, घटना की जानकारी के बाद इसके विरोध में गोड्डा जिला मुख्यालय स्थित बाजारों को बंद करा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा एवं अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा ऋतुराज पूरे मामले पर स्थानीय लोगों से बातचीत कर रहे। प्रेस से बातचीत में पुलिस अधीक्षक ने बता कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वार्ता में भाजपा के राजेश झा, संतोष सिंह सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हैं।

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बोकारो के पांच पहलवानों का चयन

कुश्ती को बढ़ावा दे प्रशासन व बीएसएल प्रबंधन : धर्मवीर

संवाददाता

बोकारो : आगामी 01 सितंबर से 04 सितंबर तक कोच्चि केरला में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके लिए झारखंड टीम से राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु बोकारो के पांच पहलवानों का चयन किया गया है। खेलप्रेमियों ने इसे बोकारो के लिए गर्व की बात बताई है। चयनित खिलाड़ियों में ग्रीको रोमन कुश्ती में दीपक कुमार (63 किलोग्राम), मृत्युंजय नाथ चौधरी (72 किलोग्राम), मुकेश कुमार (77 किलोग्राम) तथा फ्री स्टाइल कुश्ती में रवि कुमार (65 किलोग्राम) और राजू कुमार 86 (किलोग्राम) शामिल हैं। इन सभी पांचों पहलवान खिलाड़ियों को बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष रणधीर कुमार ने केसरिया अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और फल-मूल खाद्य सामग्री प्रदान कर कोच्चि केरला के लिए शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि बोकारो में कुश्ती खेल में ढेर सारी सम्भावनाएं है और बोकारो के पहलवान खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए बोकारो का मान बढा रहे हैं। बोकारो के पहलवान खिलाड़ियों को उच्च कोटि के प्रशिक्षक एवं प्रोत्साहन की जरूरत है तथा प्रैक्टिस के लिए सभागार एवं मैट की जरूरत है।आज सभी प्रतिभागिऐ मैट गद्दा पर होती हैं और बोकारो में आज भी पहलवान मिट्टी पर ही प्रैक्टिस करते हैं। अगर बोकारो इस्पात प्रबंधन एवं जिला प्रशासन कुश्ती खेल एवं खिलाड़ियों पर ध्यान दें तो बोकारो से बहुत सारे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान खिलाड़ी बनेंगे।आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के सभी प्रतियोगिताओं में सबसे ज्यादा पदक कुश्ती में ही भारत को मिलता है और तिरंगे का सम्मान बढ़ता है। लेकिन, दुर्भाग्यवश बोकारो में आज तक कभी भी बोकारो इस्पात प्रबंधन एवं जिला प्रशासन के द्वारा बोकारो के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के पहलवान खिलाड़ियों को कोई प्रोत्साहन नहीं प्राप्त हुआ है और इस खेल के बढ़ावा के लिए कोई पहल नहीं की गई है।

गर्व और सम्मान से हर दिन फहराएं तिरंगा : नवीन जिंदल

रामगढ़ : नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाले फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एफएफओआई) ने आह्वान किया है कि प्रत्येक देशवासी पूरे गर्व और सम्मान के साथ हर दिन तिरंगा फहराएं। प्रतिदिन झंडा फहराते हुए हम उन स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी और हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया। हम प्रतिदिन झंडा फहराकर उन जांबाजों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करते हैं, जिन्होंने हमारी बेहद मूल्यवान स्वतंत्रता की रक्षा में राष्ट्र की सेवा करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने कहा कि देश के हर घर में तिरंगे को पहुंचते देखना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमें पूरे 365 दिन झंडा फहराना चाहिए क्योंकि ऐसा करना हमारा मौलिक अधिकार है। हमारा आदर्श वाक्य 'हर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगा' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन देशभक्ति का एक छोटा सा प्रतीकात्मक कार्य है। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम सभी तिरंगे से प्रेरित होकर इसके आदर्शों का पालन करें, अपने काम को अच्छी तरह से करने के लिए प्रतिबद्ध हों और एक बेहतर, मजबूत और खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल (रिटा.) अशीम कोहली ने इस अवसर पर कहा कि नवीन जिन्दल ने एक दशक लंबी लड़ाई लड़ी और प्रत्येक भारतीय को सम्मान और गर्व के साथ प्रतिदिन तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया।

चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में गणेश चतुर्थी पर बच्चों ने दिखाई देवों की महिमा

भगवान गणेश की तरह आज्ञाकारी बनें बच्चे : सूरज शर्मा

संवाददाता

बोकारो : चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की महिमा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रातः प्राइमरी प्रार्थना सभा मे कक्षा प्रेप से द्वितीय तक के छात्र छात्राओं की उपस्थिति में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर छोटे छोटे बच्चों के द्वारा भगवान गणेश की कहानी पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई। बच्चों के अपने कहानी में दशार्या कि कैसे भगवान अपने भक्तों को रास्ता दिखाते हैं एवं उनकी मदद करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी बच्चों, शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान गणेश बहुत ही ज्ञानी, आज्ञाकारी एवम अनुशासन प्रिय थे। कक्षा नर्सरी से द्वितीय के रुद्रांश सिंह, अरमान चटर्जी, नव्या कुमारी, आर्युष कुमार, आराध्याश्री, परिधि पांडेय, असलान अहमद, गर्व दीप, ध्रुव, अयाना आर्या एवं अनीश कुमार ने शानदार लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस लघु नाटिका को सफल बनाने में सरिता वर्मा, अल्पना सिंह एवं निशा शर्मा ने सफल भूमिका निभाई। इस अवसर पर सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा , संजीव सिंह , प्राइमरी विंग की सहायक अकादमिक पर्यवेक्षक सोमा झा के साथ साथ प्राइमरी ग्रुप की सभी शिक्षिकायें उपस्थित थीं।

बोकारो थर्मल में महिलाओं ने सुहाग की लंबी उम्र के लिए किया निर्जला तीज व्रत

बोकारो थर्मल : पति की लंबी आयु के लिए मंगलवार को बोकारो थर्मल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुहागन महिलाओं ने सुहाग से जुड़ा हरितालिका तीज का निर्जला व्रत पूजा अर्चना के साथ किया। इस पावन व्रत में भगवान शिव,माता गौरी,एवं श्री गणेश जी की विधि-विधान से पूजा साधना-आराधना कर व्रत की कथा सुनी गयी। महिलाओं ने तीज का व्रत निराहार एवं निर्जला उपवास के साथ किया। सुहाग के सौभाग्य की कामना के लिए महिलायें तीज का व्रत करती हैं.मान्यता है कि सबसे पहले इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था.इस व्रत में भगवान शिव-पार्वती के विवाह की कथा सुनने का काफी महत्व है। इसके पूर्व सोमवार को व्रती महिलाओं ने नहाय खाय की थी।

संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई की साधारण सभा आयोजित, कार्यकारिणी समिति का गठन

अमरजी सिन्हा अध्यक्ष व स्वरूप शेखर पांडेय बने मंत्री

संवाददाता

बोकारो : साहित्य व भारतीय कलाओं के प्रति समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई की वार्षिक साधारण सभा सेक्टर 5 स्थित श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित हुई। संस्कार भारती की ओर से प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित प्रांतीय कोषाध्यक्ष सह महिला प्रमुख श्रीमती सरबनी सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित इस साधारण सभा में सर्वसम्मति से बोकारो जिला कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन किया गया।

इस पुनर्गठित कार्यसमिति में इन्दु शेखर मिश्रा, कैप्टन आरसी यादव, अनिल कुमार गुप्ता व सुरेश नायर (संरक्षक मंडल), संजय कुमार चौधरी, संदीप कुमार तिवारी, अर्चना कुमारी, वासुदेवन नम्बुदरीपाद व प्रभा नायर (परामर्शदात्री समिति), अमरजी सिन्हा (अध्यक्ष), अजय तिवारी, अनुपा निधि, निमेश राठौर व विश्वजीत पात्रा (उपाध्यक्ष), स्वरूप शेखर पांडेय (मंत्री), पियूष गौरव व अर्चना चौधरी (सह मंत्री), पियूष रंजन दास (कोषाध्यक्ष), अरुण पाठक (साहित्य एवं मीडिया प्रमुख), संजीव मजुमदार (संगीत प्रमुख), रुपक पांडेय व विशाल पंडित (सह संगीत प्रमुख), रजनी पाढ़ी (नृत्य प्रमुख), सरयू गोस्वामी (चित्रकला प्रमुख), विशाल पंडित (सह चित्रकला प्रमुख), शशि कान्त शर्मा (कार्यशाला प्रमुख एवं सह मीडिया प्रमुख), रोली प्रियदर्शी (नाट्य कला प्रमुख), जीत घोषाल (लोक कला प्रमुख) चुने गए।

प्रारंभ में संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रांतीय प्रतिनिधि सरबनी सिन्हा ने नयी कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती अखिल भारतीय स्तर पर अपनी गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच भारतीय कला व संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगी हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई भविष्य में और बेहतर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। मंच संचालन संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई अध्यक्ष अमरजी सिन्हा ने किया।

कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम् गीत के समवेत गायन से हुआ। इस अवसर पर संस्कार भारती की प्रदेश नृत्य विधा प्रमुख अर्चना कुमारी, बोकारो जिला इकाई के पदाधिकारियों के अलावा शिवदयाल, राजेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

आदिवासी भाषा 'हो' को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को ले पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

संवाददाता

बोकारो : हो भाषा द्वितीय राजभाषा दिवस के अवसर पर आदिवासी भाषा हो को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग को लेकर आदिवासी हो समाज युवा महासभा बोकारो जिला इकाई की ओर से मंगलवार को प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूबे के मुख्यमंत्री को बोकारो डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इसका नेतृत्व समाजिक कार्यकर्ता योगो पुर्ती ने किया। मौके पर समाजसेवी रेंगो बिरूवा कहा कि भारत का संविधान ने आदिवासियों के भाषा, संस्कृति को संरक्षण का जिम्मा सरकार को सौंपा था, लेकिन आज इसको खत्म करने की षड्यंत्र रची जा रही है। श्री बिरूवा ने कहा कि हो भाषा, लिपि और संस्कृति की रक्षा के प्रयासों को तेज करने की जरूरत है। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य में वर्ष 2011 में 30 अगस्त को द्वितीय राज्य भाषा के रूप में हो भाषा को शामिल किया गया है, लेकिन आठवीं अनुसूची में हो भाषा को आज भी शामिल नहीं किया गया है। मौके पर अधिवक्ता कालीपद हेंब्रम, चंद्रकांत पुर्ती, सोनाराम गोडसोरा, फूलचंद सुरीन, अलका, पदमा पिंगुवा, संजय कुमार, सुरेश सोरेन, अंजू बोदरा, सोनाली पुर्ती, दीपक सवैया आदि शामिल थे।

बर्मिंघम टीम के सफर में एक अहम क्षण : एक्का

बेंगलुरु : बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का का मानना है कि यह पदक हासिल करना टीम के सफर में एक महत्वपूर्ण क्षण था। भारतीय टीम इस समय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंगलुरु कैंपस में प्रशिक्षण के लिये एकत्र हुई है, जिसमें एक्का भी शामिल हैं।

एक्का ने बर्मिंघम 2022 के पदक के बारे में कहा, 'हम निश्चित रूप से बर्मिंघम में फाइनल खेलना पसंद करते, लेकिन कांस्य जीतना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पोडियम पर खड़ा होना एक ऐसा पल है जिसे हम कभी नहीं भूल पाएंगे। यह पूरी टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है।'

भारतीय महिलाओं ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथा स्थान हासिल करने से लेकर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांसे का तमगा जीतने तक एक यादगार सफर किया है और अब उनका ध्यान स्पेन के वालेंसिया में 10 दिसंबर से होने वाले महिला हॉकी नेशन्स कप पर होगा। भारत की प्रमुख डिफेंस खिलाड़ी एक्का को उम्मीद है कि टीम आगे भी इसी प्रदर्शन को बनाए रख सकती है।

• राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक हासिल करना हमारे लिए बड़ी उपलब्धि

उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में लौटने पर कहा, 'हमने बर्मिंघम में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वह बीता हुआ समय है। हमने अच्छा ब्रेक लिया है और अब हमें मैदान पर वापस जाना है। मुझे यकीन है कि मुख्य कोच जेनेके शोपमैन हमारे पिछले प्रदर्शन का आकलन करेंगी और उसी के अनुसार शिविर में आने वाले दिनों की योजना बनाएंगी।'

उन्होंने कहा, 'हमें स्पेन में एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप में अच्छा प्रदर्शन करना है और इसके लिए तैयारी आज से शुरू हो रही है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन कठिन प्रशिक्षण और हमारे सत्रों के दौरान बार-बार सही चीजें करना ही एकलौता उपाय है।' स्पेन में एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में विजेताओं को एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में पदोन्नत किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 सीजन में अपने पहले अभियान में तीसरे स्थान पर रही थी।

एक्का ने कहा, 'स्पेन में हमारा उद्देश्य एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में प्रगति करना होगा और इसके लिए हमें नेशन्स कप जीतना होगा। हमारा लक्ष्य हमारे सामने है, अब यह हम पर निर्भर है कि हम सही दिशा में काम करें।'

एक नजर

झारखंड जिम्नास्टिक संघ के आठ जज, राष्ट्रीय क्वालीफाईड जज बने

रांची। 21 से 24 जुलाई 2022 को पुरी, ओडिशा में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 15वां नेशनल जज कोर्स की परीक्षा में झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कुल 8 परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। इनमें से जीतेन्द्र कुमार, दीपक कुमार साहु, विकास गोप, मोनू कुमार तथा अमित गोप ने मैग (पुरूष आर्टिस्टिक,जिम्नास्टिक) तथा 3 प्रतिभागी दीप कुमारी मांझी, हेमा कुमारी तथा शुभ्रा बनर्जी ने वैग (महिला आर्टिस्टिक, जिम्नास्टिक) की परीक्षा पास कर राष्ट्रीय निर्णायक बने। महिलाओं के इस कोर्स के संचालन में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक विशेश्वर नन्दी,चेयरमैन तथा अरुंधति पोद्दार कोर्स लीडर तथा पुरुष वर्ग में केएस थियारा, चेयरमैन, तथा अंतरराष्ट्रीय जज प्रवीण दागे एवं पवन भोइर थे। इनके राष्ट्रीय निर्णायक की परीक्षा पास करने पर झारखंड ऑलंपिक संघ एवं जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष आरके आनन्द, झारखंड ऑलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, झारखंड ऑलंपिक के महासचिव मधुकांत पाठक, शिवेन्द्र दूबे, अनिल जयसवाल, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के महासचिव निशिकांत, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, उपाध्यक्ष- तूलिका श्रीवास्तव, सचिव प्रशासन दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोविंद झा एवं अन्य सभी ने बधाई दी।

जापान ओपन के दूसरे दौर में प्रणय

ओसाका : एच एस प्रणय ने अपने प्रतिद्वंदी हांग कांग के एनजी का लॉन्ग एंगस के चोटिल होने के बाद मंगलवार को जापान ओपन के दूसरे दौर में जगह बनायी। प्रणय मैच के पहले गेम में 11-10 से आगे चल रहे थे, तभी एनजी चोट के कारण रिटायर हो गये। प्रणय अब दूसरे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू का सामना करेंगे। दूसरी ओर, अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम की महिला युगल जोड़ी कोरिया की बैक हा ना और ली यु लिम से 15-21, 09-21 से हारकर बाहर हो गयीं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के विजेता लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और साइना नेहवाल बुधवार को अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। एमआर अर्जुन एवं ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी और त्रिशा जॉली एवं गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी बुधवार को ही अपना पहला मैच खेलेगी। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण साइना नेहवाल महिला एकल में भारत की एकलौती प्रतिनिधि होंगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 के महिला एकल फाइनल के दौरान सिंधु के टखने में चोट लग गयी थी। सिंधु ने इस मैच में कनाडा की मिशेल ली को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हुए मिशेल मार्श

कैनबरा : ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श टखने की चोट के कारण जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। मार्श के बाहर होने पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि मिचेल का बाहर होना हारना निराशाजनक है, लेकिन आगामी टी20 विश्व कप के लिए फिटनेस सर्वोपरि है, जहां टीम को उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। मार्श को रविवार को टाउन्सविले में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान चोट लगी थी। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीता था। मार्श अब वापस घर लौटेंगे, भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए उनके उपलब्ध होने की संभावना है, जो 21 सितंबर से शुरू होगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस मार्श की जगह अब ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल होंगे। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरा एकदिनी बुधवार को टाउन्सविले में खेला जाएगा। सीरीज का आखिरी मैच 3 सितंबर को खेला जाएगा। इंगलिस वर्तमान में लंदन स्पिरिट का हिस्सा हैं, जो द हंड्रेड 2022 के फाइनल में जगह बनाने के लिए होड़ में हैं। वह ग्लेन मैक्सवेल के स्थान पर स्पिरिट में शामिल हुए थे और राष्ट्रीय टीम में बुलाए जाने से पहले केवल एक मैच खेला था।

एशियाई पुरुष अंडर-20 वॉलीबॉल चैम्पियनशिप

भारत ने जीता रजत पदक

नयी दिल्ली : भारतीय पुरुष अंडर-20 टीम ने बहरीन के रिफा में आयोजित 21वीं एशियाई वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किया। भारतीय टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में ईरान से 3-1 से (12-25, 19-25, 25-22, 15-25) हार गई। भारत ने 20 साल के अंतराल के बाद 17 एशियाई देशों के बीच चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

भारतीय टीम के कप्तान दुष्यंत सिंह जाखड़ को 'बेस्ट ब्लॉकर ऑफ एशिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जबकि कार्तिकेयन को एशियाई वॉलीबॉल परिसंघ द्वारा 'बेस्ट लिबरो ऑफ एशिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भारतीय अंडर -20 वॉलीबॉल टीम ने 'एफआईवीबी वॉलीबॉल मेन्स यू 21 वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023' के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम के कप्तान दुष्यंत सिंह जाखड़, अमन कुमार, तनिश, समीर चौधरी, अजीत शेखो, हर्षित गिरी, सचिन डागर और लिबरो कार्तिकेयन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

• 20 साल के अंतराल के बाद 17 एशियाई देशों के बीच जीता पदक

भारतीय टीम द्वारा रजत पदक हासिल करने पर प्रो. (डॉ.) अच्युत सामंत, (संसद सदस्य और अध्यक्ष, वीएफआई), रामावतार सिंह जाखड़ (कार्यकारी उपाध्यक्ष - सीजेड, एवीसी), अनिल चौधरी (महासचिव) और सुनील तिवारी (कोषाध्यक्ष और सदस्य वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने सभी खिलाड़ियों और कोचों को उनके जबरदस्त और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

यूएस ओपन : मेदवेदेव, किर्गियोस, सेरेना व कोको गफ ने अपने-अपने मैच जीते

मेदवेदेव, किर्गियोस दूसरे दौर में, सितसिपास बाहर

न्यूयॉर्क : यूएस ओपन के वर्तमान चैंपियन डेनिल मेदवेदेव ने यूएस ओपन के पहले दौर में अमेरिका के स्टेफान कोजलोव को 6-2 से मात देकर अपने अभियान की शुरूआत की। ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के पिछले आयोजन में नोवाक जोकोविच को हराकर अपना पहला प्रमुख खिताब जीतने वाले मेदवेदेव ने सोमवार को कोजलोव को 6-2, 6-4, 6-0 से मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने हार्ड कोर्ट पर अपनी लय जल्दी हासिल करते हुए नियमितता के साथ ग्राउंडस्ट्रोक खेले और कोजलोव के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में दो घंटे एक मिनट बाद जीत दर्ज की। 26 वर्षीय मेदवेदेव यूएस ओपन में अब 21-4 का रिकॉर्ड बना चुके हैं।

इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने अपने हमवतन थनासी कोकिनाकिस को 6-3, 6-4, 7-6(4) से हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया। कोलंबो के क्वालीफायर डेनियल इलाही गलान ने बड़े उलटफेर में विश्व के चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-0, 6-1, 3-6, 7-5 से मात दी। विश्व के 94वें नंबर के खिलाड़ी ने लूइस आर्मस्ट्रॉंग स्टेडियम में अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के लिये 41 विजयी शॉट लगाए।

दूसरे दौर में सेरेना, कोविनिक को दी मात

न्यूयॉर्क : ग्रैंड स्लैम आयोजन यूएस ओपन की छह बार की विजेता सेरेना विलियम्स ने अपने करियर के आखिरी टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत करते हुए पहले दौर में मॉन्टेनेग्रो की डान्का कोविनिक को मात दी। विलियम्स ने सोमवार को आर्थर एश स्टेडियम में डान्का को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में कदम रखा। इस जीत के साथ यूएस ओपन के पहले दौर में सेरेना का रिकॉर्ड 21-0 का हो गया और वह अपनी बहन वीनस विलियम्स, मार्टिना नवरातिलोवा और जापान की किमिको डेट की सूची में शामिल हो गयीं। इस जीत के साथ विलियम्स ओपन एरा में 20, 30 और 40 की उम्र में मुकाबले जीतने वाली सिर्फ चौथी महिला खिलाड़ी भी बन गयीं। 40 वर्षीय विलियम्स ने यूएस ओपन में 107 मुकाबले जीते हैं, जिनमें से 102 जीत आर्थर एश स्टेडियम में हासिल हुई हैं।

जीनजीन को हराकर दूसरे दौर में गफ

न्यूयॉर्क : अमेरिका की युवा सनसनी कोको गफ ने यूएस ओपन अभियान की विजयी शुरूआत करते हुए पहले दौर में फ्रांस की लियोलिया जीनजीन को मात दी। गफ ने सोमवार को खेले गये मुकाबले में जीनजीन को 6-2, 6-3 से मात दी। इस मुकाबले में गफ की चुस्ती और फुर्ती के आगे उनकी फ्रेंच प्रतिद्वंदी पस्त नजर आयीं। गफ ने 91 प्रतिशत सर्व पॉइंट जीते, और एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं दिया। युवा अमेरिकी खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा, 'मैं वास्तव में घबराई हुई थी। मैं दबाव महसूस कर रहा थी। (फ्रेंच ओपन) फाइनल के बाद यह घर में मेरा पहला ग्रैंड स्लैम है। स्पष्ट रूप से, मुझे नहीं लगता था कि मैं आज (आर्थर) ऐश स्टेडियम में मुकाबला करूंगी।'

लायंस क्लब ऑफ रांची ने किया स्वर्ण विजेता रूपा रानी तिर्की को सम्मानित

रांची : लायंस क्लब ऑफ रांची द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 लॉन बॉल प्रतियोगिता की गोल्ड मेडलिस्ट रूपा रानी तिर्की को अभिनंदन एवं सम्मानित किया गया। लायंस क्लब में आयोजित अभिनंदन समारोह में स्वर्ण पदक विजेता रूपा रानी तिर्की को लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश मोर एवं पूर्व अध्यक्षों ने रूपा को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक निर्मल मान पुरिया ने रूपा रानी का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन- सचिव डॉ पूनम सखूजा ने किया तथा धन्यवाद- ज्ञापन डॉ हरविंदर वीर सिंह ने किया।

स्वर्ण पदक विजेता रूपा रानी तिर्की ने लायंस क्लब ऑफ रांची के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार की ओर से समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने 2007 से 2022 तक कि अपनी संघर्षपूर्ण भरी जिंदगी का पूरी यात्रा के बारे में बताई तथा कहीं की कॉमनवेल्थ गेम में खेलना एवं गोल्ड मेडल जीतना मेरे सपने जैसा था। गोल्ड मेडल जीतना मेरे लिए सबसे गौरव का क्षण था।

लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश मोर ने कहा कि रूपा रानी ने स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित की है इन्हें सम्मानित कर हम सभी अपने आप में गौरव महसूस कर रहे हैं। अमन सर्राफ, आशीष सर्राफ एवं संजय सर्राफ ने रूपा रानी को स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तुलस्यान, चेयर पर्सन डायरेक्टर निर्मल मानपुरिया, सिद्धार्थ मजूमदार, राजेश चौधरी, एच. बी. सिंह, अजय सखूजा, शुभ्रा मजूमदार, अनिल गोयल, भावेश मेहता, अरुण सिंह, डॉ.प्रदीप कुमार, पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ, अमित सेन, संजय सरावगी, बबीता मानपुरिया, कृष्णा, निकिता, रजनी मोर, कुसुम तुलस्यान, अजय सिंह, डॉ पूनम निगम, अनिकेत सराफ, एवं रूपा रानी की दोनों बहने आदि उपस्थित थे।

पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुण्डा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता

दुबलिया को हरा मेकॉन ने जीता खिताब

रांची। डॉ. रामदयाल मुण्डा क्रीड़ा केंद्र एवं रूम्बुल के तत्वाधान में 23.08.22 से 30.08.22 तक डॉ. रामदयाल मुण्डा स्टेडियम, रांची में आयोजित 08वीं पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुण्डा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का समापन हो गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेकॉन बनाम बीपीएसएस दुबलिया के बीच खेला गया। खिताब पर कब्जे के लिए हुए रोमांचक खिताबी मुकाबले में मेकॉन की टीम ने बीपीएसएस दुबलिया को 01 के मुकाबले 00 गोल से हरा कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम मेकॉन की ओर से लक्ष्मीकांत ने पहला गोल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो, पद्मश्री राम दयाल मुंडा की धर्मपत्नी अमिता मुंडा, रांची के उपनगर आयुक्त कुंवर पाहन, लिटिल विंग स्कूल के निदेशक रमेंद्र कुमार, झारखंड आंदोलनकारी संजय बसु मालिक, डॉ. देवशरण भगत, डब्लू जॉन बोर्डिंग स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुफल एक्का, अध्यक्ष कृष्णा भगत, अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

विजेता टीम मेकॉन को विजेता ट्रॉफी के साथ कैश अवार्ड के रूप 1,50,001 से नवाजा गया, वहीं उपविजेता टीम बी.पी.एस.एस. दुबलिया को उपविजेता ट्रॉफी के साथ कैश अवार्ड के रूप में रु.1,00,001 से नवाजा गया। वहीं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को ट्राफी एवम स्मार्ट टीवी वहीं प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर ऑफ फाइनल को ट्राफी एवम कैश अवार्ड रु. 2000 से सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के और से राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाने वाले खिलाड़ी दिनेश कुमार जी को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के परिणाम

विजेता : मेकॉन फुटबॉल अकादमी
उपविजेता : बीपीएसएस दुबलिया
बेस्ट उदीयमान खिलाड़ी : मधु, बीपीएसएस दुबलिया
सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड : बेताल, बी.पी.एस.एस. दुबलिया
सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर : एडविन, बी.पी.एस.एस. दुबलिया
सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर : मंजीत, मेकॉन फुटबॉल क्लब
सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर : अमित, बी.पी.एस.एस. दुबलिया
प्लेयर ऑफ द फाइनल : लक्ष्मीकांत, मेकॉन फुटबॉल क्लब
प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : रोहित, मेकॉन फुटबॉल क्लब
सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम : हुलहुंडू एफ.सी. टीम

इंग्लैंड दौरा. भारतीय महिला टीम को आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने वाले खिलाड़ी की तलाश

हरमनप्रीत ने टीम में संतुलन हासिल करने पर दिया जोर

मुंबई : भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड दौरे से पहले मंगलवार को कहा कि इस दौरे पर टीम का लक्ष्य ऐसे खिलाड़ी ढूंढना होगा जो आखिरी ओवरों में तेजी से रन बना सकें।

हरमनप्रीत ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'ऐसे कुछ खिलाड़ियों को शामिल किया गया जो हमारी टीम की खाली जगहों को भर सकते हैं, पिछले कुछ सालों की कमियों को पूरा कर सकते हैं। आखिरी ओवरों में तेज रन बनाने वाले खिलाड़ी हमारे पास हैं, तो हम नये खिलाड़ियों को मौका दे सकते हैं। टीम के अन्य खिलाड़ी अपनी भूमिका सही तरह निभा रहे हैं, अब हमें उन्हें मैदान पर समय देने की जरूरत है ताकि टी20 विश्व कप से पहले टीम तैयार की जा सके।'

उन्होंने कहा, 'आप कोई भी प्रारूप खेलें, आपको कम से कम छह बल्लेबाजों की जरूरत होती है। मेरे अनुसार तीन गेंदबाज और तीन ऑलराउंडर आपकी टीम को मजबूती और संतुलन देते हैं। मैं टीम में आने वाले खिलाड़ियों को लेकर बहुत उत्साहित हूं। वह टीम को बहुत कुछ दे सकते हैं। खासकर केपी (किरण प्रभु नागविरे) और (दयालन) हेमलता ने घरेलू सत्र में जिस तरह बल्लेबाजी की, मेरे अनुसार यह उनके लिये सही मंच है और उनके लिये अच्छा अवसर भी साबित होगा।'

भारतीय टीम 10 सितंबर को पहले टी20 मैच से इंग्लैंड दौरे की शुरूआत करेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैच खेले जाने हैं। इससे पहले भारतीय टीम राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल हुई थी, जहां उसे फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

कप्तान हरमनप्रीत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के बारे में कहा, 'फाइनल हारने के बाद हम काफी निराश थे। वह ऐसा मैच था जो हम आसानी से जीत सकते थे। लेकिन वापस आने के बाद हमने देखा कि लोग हमारा समर्थन कर रहे थे। कई सरकारों ने भी हमारे खेल की सराहना की, जिससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ा। जब आपके खेल को सराहा जाता है तो आप मजबूत होते हैं और आपके पास काम करने के लिये बहुत कुछ होता है। पहले राष्ट्रमंडल खेलों में टीम ने बहुत अच्छा खेला, और अब हम उसी प्रदर्शन को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे।'

भारत का इंग्लैंड दौरा अनुभवी तेज गेंदबाज और झूलन गोस्वामी का आखिरी दौरा होगा। झूलन 18 सितंबर को होने वाले पहले एकदिवसीय मैच के बाद संन्यास ले लेंगी। हरमनप्रीत ने कहा कि वह झूलन के आखिरी मैच को खास बनाना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, 'उनकी (झूलन) उपस्थिति टीम को बहुत संतुलन और समर्थन देती है। यह उनका आखिरी दौरा होगा। यह उनके साथ-साथ हमारे लिये भी खास होगा। अगर मैं अपनी बात करूं तो जब मैंने पदार्पण किया था, तब वह कप्तान थीं, और जब वह संन्यास ले रही हैं तो कप्तानी मेरे पास है। हम उनके आखिरी मैच में कुछ अच्छी यादें देना चाहेंगे, ताकि वह जाते हुए खास महसूस कर सकें।'

हरमनप्रीत ने कहा, 'हर दौरे पर झूलन के प्रयास अद्वितीय होते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उनकी जगह कोई नहीं भर सकता। वह ऐसी खिलाड़ी हैं जो शुरूआती दिनों से मेहनत कर रही हैं। वह अभ्यास के दौरान दो-तीन घंटे गेंदबाजी करती हैं, नेट्स में बल्लेबाजी करते हुए भी लगातार मेहनत करती हैं। क्रिकेट के लिये उनका जोश प्रेरणादायक है।'

वर्ष 2022 महिला क्रिकेट टीम के लिए अच्छा रहा है : स्मृति मंधाना

नयी दिल्ली : राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस लय को आगे बढ़ाने और अच्छे परिणाम देने के लिए तैयार है। भारतीय टीम का अगला मुकाबला अब इंग्लैंड से होगा। दोनों टीमों के बीच तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच पहला टी-20 10 सितंबर को रिवरसाइड ग्राउंड में खेला जाएगा।

मंधाना ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, 'वर्ष 2022 महिला क्रिकेट टीम के लिए अच्छा रहा है, और हम इंग्लैंड के आगामी भारत दौरे के साथ इस गति को जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं। हम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के बाद उत्साहित हैं, हम आगामी श्रृंखला में भी अपनी सफलता को दोहराने की कोशिश करेंगे।' बहुप्रतीक्षित सीरीज में एक बार फिर भारतीय महिला टीम की परीक्षा होगी जो इंग्लैंड को उनके घरेलू मैदान पर हराने की कोशिश करेगी।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-

भारत की टी-20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राधा यादव, सबिनेनी मेघना, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर) के.पी. नवगिरे।

भारत की वनडे टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, सबिनेनी मेघना, दीप्ति शर्मा, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, हरलीन देओल, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, झूलन गोस्वामी, जेमिमा रोड्रिग्स।

महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भाजपा नगर मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

गढ़वा। राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, शोषण एवं दमन के खिलाफ मंगलवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेष कष्यप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त रमेष घोलप से मिलकर राज्यपाल के नाम एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से भाजपाईयों ने कहा कि राज्य में बहू-बेटियों के ऊपर आये दिन अत्याचार बढ़ रहा है। महिलाओं के साथ रेप एवं लव जिहाद जैसी घटनाएं हेमंत सरकार में सामान्य हो चुकी है। हेमंत सरकार को तुष्टिकरण की राजनीति के वजह से एक समुदाय के लोग इस प्रकार की घटनाओं को बेखौफ हो कर अंजाम दे रहे है। ऐसी परिस्थिति में महामहिम राज्यपाल का हस्तक्षेप अति आवश्यक हो गया है। वर्तमान में दुमका की बेटी अंकिता कुमारी के साथ हुई घटना इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विशेष समुदाय के लोग हिंदू पर अत्याचार कर रहे हैं लेकिन थाना में या उच्च पदाधिकारी के पास लिखित आवेदन देने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं होती और उस घटना की लीपापोती की जा रही है। भाजपा नगर मंडल गढ़वा राज्यपाल से यह मांग करती है कि अपने स्तर से उच्च स्तरीय जांच कर ऐसे घिनौने कार्य में जो दोषी है उन्हें फास्ट ट्रैक कोर्ट चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मौके पर महामंत्री यशवंत मिश्रा, कार्यसमिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, मनीष कुमार कश्यप, अभिषेक कश्यप आदि उपस्थित थे।

1 करोड़ 17 लाख की लागत से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की नई बिल्डिंग बन कर तैयार

नई बिल्डिंग बनने के पूर्व आठ लाख की लागत से दो कमरा बनकर तैयार

लाखों रुपए की दवाइयां एवं उपकरण कमरे में बंद होने से खराब होने की संभावना है

करोड़ों की बिल्डिंग बनकर तैयार है, लेकिन चरागाह की तरह दिखता है, चार दिवारी की आवश्यकता।

नई बिल्डिंग में 24 घंटा सातों दिन होगा इलाज

नवप्रदेश प्रतिनिधि दरिहट

दरिहट डेहरी प्रखंड के दरिहट स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 1 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से बिल्डिंग बनकर तैयार हो गया है। पुराना बिल्डिंग के साथ ही विधायक मद से 8 लाख रुपए की लागत से एक और बिल्डिंग बनी है। पुराने बिल्डिंग के दो कमरों में कोविड-19 से संबंधित दवाइयां, सैनिटाइजर, बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि एक साल से कमरे में बंद हैं। सभी दवाइयां एस्पायर एवं उपकरण खराब होने की स्थिति होगी है। लेकिन उसका उपयोग आज तक नही हो पाई है। संधाधन होने बाद भी डाक्टर व कर्मियो के आभाव में समुचित इलाज नही हो पा रहा है। दरिहट के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर आयुष और दो एएनएम तथा दो जीएनएम के भरोसे अस्पताल चल रहा है। जीएनएम और एएनएम की सप्ताह में तीन तीन ड्यूटी है। बाकी दिन सीएचसी में कार्यरत है। ओपीडी में रोज करीब 20 से 25 की संख्या मरीज आते है। जो कुछ दवाई उपलब्ध है वो मिलती है। जो दवाई उपलब्ध नहीं है वह पुर्जा पर लिखा कर मरीजों को दे दी जाती है। जिसे बाहर मेडिकल से खरीदना पड़ता है।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाई उपलब्ध है : अस्पताल में 12 प्रकार की दवाई उपलब्ध है. जिसमे सर्दी, बुखार, दर्द, चर्म रोग की महरम, विटामिन, एंटीबैटिक आदि दवाई उपलब्ध है.

बिलिंग की स्थितिः पुराना बिलिंग में अस्पताल चल रहा है. इसके सटे इसी वर्ष 8 लाख की लागत से एक बिल्डिंग बना है। जिसमे ताला बंद रहता है। वही सरकार की मॉडल बिल्डिंग 1 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से बनाकर तैयार है। जिसमें ऐसी रूम, मरीज रूम, डाक्टरों का रूम, आपरेशन रूम, ओपडी काउंटर बनकर तैयार है।

वहीं ग्रामीण अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरिहट डेहरी नासरीगंज के बीच एकलौता अस्पताल है, दोनो की दूरी 10 से 12 किलोमीटर है। पहले इस अस्पताल में दूर दूर के गांवों का इलाज कराने मरीज आते है। लेकिन अस्पताल में डाक्टरों की कमी के कारण धीरे धीरे हालत खस्ता होते जा रहा है। यदि डाक्टरों की नियुक्ति हो तो रोज सैकड़ों मरीजों का इलाज संभव है। करोड़ो रुपया की लागत से नया बिल्डिंग बना है। इसमें 24 घंटा इलाज की चालू किया जा सकता है। वहीं ग्रामिण मिट्ठू सिंह ने कहा कि नया बिल्डिंग बना है। लाखो का समान पुराना बिल्डिंग में पड़ा खराब हो रहा है। उसे नया बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाना चाहिए साथ ही इस अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलना चाहिए। जिसमे पुरुष डाक्टरों के साथ महिला डाक्टरों की नियुक्ति किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बड़ी आबादी के स्थित इस अस्पताल में सुविधा बढ़ाने से दूर दराज के गरीब मरीजों को बेहतर इलाज संभव है। वहीं ग्रामिण सतेंद्र पांडे उर्फ मिनी पाण्डेय ने कहा कि कमरा में बंद दवाइयों को उपयोग में लाना चाहिए अन्यथा लाखो की समान खराब हो जाएगा। जिससे सरकार की संपत्ति बर्बाद हो जायेगी। अन्यथा उसे दूसरे अस्पतालों में भेज कर उपयोग में लाना चाहिए।

वहीं ग्रामीण रोहित मुकुल पाल ने कहा कि 1 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से बनी नई बिल्डिंग की चारदीवारी नहीं होने से चरागाह की तरह दिखता है। प्रतिदिन गाय, भैंस, बकरी या भेड़ आदि आवारा पशु तथा बेवजह लोग घूमते रहते हैं। सरकार और स्वास्थ्य विभाग यदि नई बिल्डिंग की सुरक्षा हेतु चारदीवारी बना दे तो चरागाह एवं बेवजह घूमने वाले लोग

इस सम्बन्ध में प्रभारी डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि कोविड के पहले रोज 60 से 70 मरीज दवा लेने आते थे। बीच में दवा की कमी हो गई थी। जिससे मरीजों की संख्या कम हो गई है। लेकिन अब रोज 20 से 25 मरीज इलाज के लिए आते है। जिन्हे दवाई दिया जाता है।

प्रखंड प्रभारी डॉक्टर अरुण चौधरी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) ने कहा कि कोविड के दौरान दवा को दरिहट अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाई गई थी। इसकी उपयोगिता अभी नही है। आवश्यकता व वरीय अधिकारियों के निर्देश पर उपयोग में लाया या कहीं दुसरी अस्पताल तक भेजा जायेगा। उन्होंने डॉक्टरों के नियुक्ति पर कहा कि एक आयुष कुमार कार्यरत है एक डॉक्टर प्रिंस कुमार तबियत खराब होने के कारण छुट्टी पर है। उन्होंने बताया कि नया बिल्डिंग में सातों दिन चौबीसों घंटा इलाज शुरू कराने की कोशिश किया जा रहा है। डाक्टरों की कमी दूर करने का प्रयास हो रहा है। इस अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रवर्तित करने का प्रक्रिया चल रहा है।

भुरकुंडा कोयलांचल में भक्तिभाव व धूमधाम से मनी हरतालिका तीज

संवाददाता (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, लपंगा, सयाल-उरीमारी सहित आसपास क्षेत्रो मे मंगलवार को हरतालिका तीज व्रत भक्तिभाव धूमधाम से मनाया गया। भुरकुंडा, भदानीनगर सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिभर साईड, सयाल, उरीमारी, सौंदा बस्ती, लादी, चिकोर, मतकमा, देवरिया सहित ग्रामीण इलाको मे हर जगह सुहागिन महिलाओ ने नियम पूर्वक तीज व्रत पर दिन रात निर्जला उपवास रखी। उपवास रखते हुए फल, फूल, पकवान, पूजा ,श्रृंगार सामग्रियो के साथ भगवान शिव माता पार्वती की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शिवमंदिरो मे पूजा अर्चना के लिए सुहागीन महिलाओ की दिन भर की भीड देखी गई। पूजा कर सोलह श्रृंगार की हुई सुहागिनो ने अपने पति की लंबी आयु की कामना की। शिवमंदिरो सहित कई जगहो पर सामूहिक रूप से हरितालिका तीज व्रत की कथा कही और सुनी गई । सुहागिनो ने अपने पति का आशीर्वाद भी लिया। वहीं बुधवार को सुबह स्नान पूजा के बाद तीज का प्रसाद का ग्रहण कर सुहागीन महिलाए पारन करेगीं। इधर हरितालिका तीज व्रत को ले भुरकुंडा बाजार मे पूजा सामाग्रियो की खरीदारी को लेकर भीड उमडी।

तेज प्रताप से संतोष यादव ने की मुलाकात

संवाददाता (रामगढ़)। बिहार सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव झारखंड के दौरे पर हैं। मंगलवार को रांची मोहराबादी गेस्ट हाउस में राजद के प्रदेश महासचिव संतोष यादव ने तेज प्रताप यादव से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए पार्टी को और मजबुत बनाने की बात मंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि पार्टी में अधिक से अधिक युवकों व महिलाओं जोड़ समस्याओं के समाधान के लिए कार्यकर्ता तत्पर रहें। वहीं प्रदेश महासचिव संतोष यादव ने मंत्री को आश्वस्त किया कि पार्टी को राज्य में और मजबुत की जायेगी। साथ ही सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़ा जायेगा।

मुण्डेश्वरी मंदिर में की पुजा अर्चना, कैमूर भगवानपुर प्रखंड स्थित मुण्डेश्वरी माता मंदिर में एमएलसी संजय पासवान देर शाम दर्शन करने के लिए पहुंचे। दौरान वैदिक मंत्रोचारण के साथ पुजारियों ने दर्शन-पुजा करवाया

फिर दहाड़े संजय पासवान, जदयू-राजद गठबंधन पर इस तरह कसा तंज

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी

डेहरी (रोहतास)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय पासवान ने जदयू-राजद गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता के साथ सीएम नीतीश कुमार ने वादाखिलाफी की है। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि बिहार विधानसभा के अगले चुनाव में बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। बिहार में पीएम मोदी के करीबी नेता के तौर पर जाने जाने वाले संजय पासवान नीतीश कुमार लगातार हमलावर रहे हैं। एक निजी यात्रा के दौरान वो डेहरी-ऑन-सोन पहुंचे थे। इस दौरान उनका बीजेपी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान बीजेपी नेता संजय पासवान, सुमित सौरभ दूबे, अभिषेक तिवारी, अमित सिंह उर्फ बिटन जी, संजय जी, शिव शंकर, रमेश कुमार आदि मौजूद थे।

संघ विचारक श्रीनाथ मिश्र को अर्पित किया श्रद्धा-सुमन

बीजेपी नेता संजय पासवान देर शाम को कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड के ईसरी गांव भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संघ विचारक श्रीनाथ मिश्र की तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि की। उन्होंने कहा कि श्री मिश्र ने अपना पूरा जीवन कार्यकर्ताओं को निष्ठावान और समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करने सदैव उत्साहित किया। इस मौके पर मंत्री अश्विनी चौबे के आप्त सचिव और श्री मिश्र के पौत्र अखिलेश मिश्रा, अनुराग मिश्रा, पत्रकार मदन कुमार, श्रीनाथ पाण्डेय सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण एक सितंबर से

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुराः सूर्यपुराः प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र सूर्यपुरा में नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण आगामी एक सितंबर से होगी। प्रखंड नाजिर फिरोज आलम ने बताया कि पंचायती राज विभाग,बिहार द्वारा आयोजित नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण जिला से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।जिसमे एक से तीन सितंबर तक अगरेड कला,सूर्यपुरा एंव शिवोबहार तथा पांच से सात सितंबर 2022 तक बलिहार एंव गोशलडीह के नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण होगा।

वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का हुआ कार्य

संवाददाता (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में मंगलवार से दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में ग्राम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 381, 382, 383, 384, 385 एवं 386 के 1134 मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का कार्य किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने पंचायत के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कही कि ग्राम पंचायत का निवासी होने तथा ग्रामसभा की सदस्य होने के लिए सभी को मतदाता सूची में अपना आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर जोड़ना आवश्यक है, अन्यथा उक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से कट जाएगा। जिसके कारण सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। इस कार्य के लिए सिर्फ और सिर्फ अपने अपने मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) से ही संपर्क करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में आधार एवं मोबाइल नंबर नहीं जुड़ने से मतदाता का नाम स्वतः कट जायेगा, इसलिए इस कार्य को गंभीरता पूर्वक लें। शिविर को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, शिक्षक बिनोद कुमार, पंचायत सचिव नरेश हजाम, राजू नायक, अविनाश सिंह, गणेश प्रसाद, बीएलओ अनीता तिवारी, रेखा देवी, सीमा देवी, सबिता देवी, प्रेमी सलोनी तिर्की, सुनीता देवी का विशेष योगदान रहा।

सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिनों ने रखा तीज व्रत

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा

सूर्यपुराः सुहागिन महिलाओं ने मंगलवार को उपवास रखकर तीज व्रत किया। महिलाओं ने शाम को नदी, तालाब एवं घर में स्नान कर विधि-विधान के साथ भगवान शंकर एवं मां पार्वती की मिटटी की प्रतिमा बनाकर पुरोहित से कथा सुन अपने सुहाग की रक्षा के लिए पूजा पाठ की। वहीं बुधवार को सुबह स्नान ध्यान के साथ पूजा-पाठ कर पारण करेंगी। सदियो से चली आ रही परम्परा के अनुसार बहुओ के मैके या ससुराल से तीज आने और जाने की परम्परा कायम रहा। पंडित मृत्यंजय पांडेय कहते है कि व्रत करने से स्त्रियो को सौभाग्य प्राप्त होता है। उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।

पल्स पोलियो के लिए दिया गया प्रशिक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली/ संझौली. मंगलवार दोपहर में निकटवर्ती प्रखंड काराकाट गोडारी के सामुदायिक अस्पताल सभागार में अगले सितंबर माह में शुरू होने वाले पल्स पोलियो खुराक के लिए सुपरवाइजरो को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण जिला से आए डॉक्टर आरकेपी साहू जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, बीसीएम अविनाश नारायण, बीएमसी अमित कुमार ने सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण डॉ साहू ने प्रशिक्षण में शामिल हुए सुपरवाइजरो को जानकारी देते हुए बताया कि एक भी बच्चा पोलियो खुराक से छूटे नहीं, नहीं तो एक बच्चा छूटा तो कई बच्चों को प्रभावित कर सकता है. सरकार की हम योजना पोलियो मुक्त भारत बनाना है को सफल बनाने लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी व अभिभावक संकल्पित है. जो भी अभिभावक अपने बच्चे को पोलियो खुराक पिलाने से मना कर रहे हैं उसकी सूचना तुरंत वरीय पदाधिकारियों को दें. प्रशिक्षण में स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा सहित प्रखंड क्षेत्र से कूल 30 सुपरवाइजर ने भाग लिया.

आम के पौधे का किया गया वितरण

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली/संझौली. मंगलवार को प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत आम का पौधा का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी सैय्यद सरफराजुद्दीन अहमद के द्वारा किसानों को दिया गया. बीडीओ अहमद ने छूलकार गांव निवासी किसान अमरनाथ सिंह को दिया. पौधा वितरण के समय उपस्थित प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत किसान, ऑनलाइन आवेदन आम, केला, स्ट्रॉबेरी,पपीता, अमरूद पौधा के लिए व खुले छेत्र में फूल की खेती, इत्यादि के लिए आवेदन कर सकते हैं. किसानों को एक एकड़ या 0.5 एकड़ जमीन का रकबा होना चाहिए. लागत खर्च 1200 प्रति एकड़ आम लिए व 1920 रुपए प्रति एकड़ केला के पौधा के लिए लगेगा, जोकि अनुदान के रूप में अगले वर्ष किसान को लागत खर्च की राशि वापस कर दी जाएगी.

डीसी के निर्देश पर सयाल हिल व्यू स्टेडियम का भवन प्रमंडल व डीएमएफटी की टीम ने किया निरीक्षण

हुई मापी, होगा जीर्णोद्धार

संवाददाता (रामगढ़)

पतरातू प्रखंड के सयाल हिल व्यू स्टेडियम का मंगलवार को भवन प्रमंडल विभाग व डीएमएफटी की टीम ने निरीक्षण किया। बताया गया कि रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर स्टेडियम का जीर्णोद्धार को ले टीम पहुंची थी। टीम में शामिल कार्यपालक अभियंता, जेई व डीएमएफटी के लोगों ने स्टेडियम के बगल में नाले, मेन रोड की पुलिया, गैलेरी के सुंदरीकरण, स्टेडियम में गेट निर्माण, बाउंड्री वाल आदि को ले मापी की। निरीक्षण के दौरान समाजसेवी अनूप कुमार उर्फ पिन्टू सिंह व स्थानीय लोगों ने टीम से स्टेडियम में पेयजल, क्लब घर, चिल्ड्रेन पार्क, शौचालय, सयाल स्टेडियम से दामोदर नदी तट पर नाली का निर्माण, लाईट लगाने आदि कार्यों के लिए भी अपने सुझाव दिए। मौके पर अनूप कुमार उर्फ पिन्टू सिंह, कृष्णा साव, छोटन सिंह, पिन्टू राय, दीपक अरोड़ा, सनी कुमार, भूषण शर्मा, बंटी कुमार, रोशन कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

पवनी पंचायत के मुखिया की गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाला अपराधी गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी

आशीष भारती, पुलिस अधीक्षक, रोहतास के द्वारा इस घटना को काफी गंभीरता से लिया गया था तथा इस काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मियों के त्वरित गिरफ्तारी एवं काण्ड के उदभेदन हेतु ओ०पी० अध्यक्ष, डालमियानगर ओ०पी०, काण्ड के अनुसंधानकर्ता एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी का एक विशेष टीम का गठन कर गठित टीम को गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। विशेष टीम के द्वारा काण्ड का अनुसंधान पारंपरिक एवं तकनीकी आधार पर किया जा रहा था। अनुसंधान के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि अपराधकर्मियों के द्वारा रेकी कर घटना को अंजाम दिया गया है। विशेष टीम के द्वारा इसमें संलिप्त अपराधकर्मियों के संबंध में पता कर उनकी गिरफ्तारी हेतु उसके ठिकानों का पता लगाकर छापेमारी किया गया जा रहा था, किन्तु पुलिस के भय से अपराधकर्मी भागे फिर रहे थे। इसी क्रम में विशेष टीम को यह सूचना मिली कि उक्त काण्ड में संलिप्त एक अपराधकर्मी डालमियानगर में छुपे होने की सूचना मिली। इस सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु ओ०पी० अध्यक्ष, डालमियानगर ओ०पी० एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी को डालमियानगर ओ०पी० क्षेत्र में घेराबंदी कर छापेमारी का निर्देश दिया गया, जहाँ सत्यापन एवं छापेमारी के दौरान अपराधकर्मी चन्द्र प्रकाश पाण्डेय उर्फ प्रकाश पाण्डेय, पे०-अरूण पाण्डेय, सा०-हाउडीह, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया। उक्त अपराधकर्मी से पूछ-ताछ के दौरान इनके द्वारा रेकी एवं लाईनर की भूमिका में काम करने की बात बताई गई, इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाईल को भी बरामद किया गया है। उक्त काण्ड में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों के संबंध में उसके नाम / पता का जानकारी प्राप्त हो चुका है, जिनके गिरफ्तारी हेतु उसके ठिकानों का पता लगाकर लगातार छापेमारी किया जा रहा, जिन्हें जल्द हीं गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इनका अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। छापेमारी दल में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी / कर्मी को पुरस्कृत किया जा रहा हैं।

रायपुर : छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य योजनाओं को डब्ल्यूएचओ ने सराहा

रायपुर : छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं पर केंद्रित होकर निरंतर कार्य कर रही है। यहां के आदिवासी अंचलों और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है, यही कारण है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत और जन-जन के लिए सुलभ हुई हैं। ऐसे में विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्थ्ड) ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलायी जा रही इन जन-स्वास्थ्य योजनाओं का उल्लेख किया है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से जारी लेख में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम और स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न अभियानों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने तस्वीरों के साथ जारी रिपोर्ट में बताया है कि दंतेवाड़ा जिले के बारसुर में लगने वाले हाट बाजार क्लिनिक में ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल की जा रही है, यहां नियमित रूप से स्वास्थ्य परामर्श, दवाएं और आवश्यक टीकाकरण मुफ्त प्रदान किए जाते हैं। दंतेवाड़ा के साप्ताहिक बाजारों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक में दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय समुदायों के लोगों को मलेरिया, एचआईवी, मधुमेह, एनीमिया, तपेदिक, कुष्ठ, उच्च रक्तचाप और नेत्र विकारों के लिए जांच एवं स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। वहीं डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में बताया गया है कि सुदूर और अंदरूनी इलाकों में हाट-बाजार के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा मिलने से लोगों को अब स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है।

एक अन्य हाट-बाजार क्लीनिक का उल्लेख डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में किया गया है, जिसमें बताया गया कि हाट-बाजार क्लीनिक में दांत दर्द से पीड़ित रोगी की डॉक्टर द्वारा प्राथमिक जांच में, समस्या की जांच की जाती है और जांच उपरांत उसे आवश्यक उपचार दिया जाता है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना दुर्गम क्षेत्रों में साप्ताहिक बाजारों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और जरूरत पड़ने पर उच्च स्तर की देखभाल के लिए रेफरल की सुविधा बढ़ाई जा सके। गौरतलब है कि 2019 से अब तक छत्तीसगढ़ में 25 लाख से अधिक लोगों ने हाट-बाजार क्लीनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक उन लोगों को स्वस्थ रखने की पहल है, जो परंपरागत रूप से दुर्गम या सुदूर क्षेत्रों में होने की वजह से स्वास्थ्य व्यवस्था के दायरे से बाहर रह गए हैं।

एक नजर

मुंबई दंगा पीड़ितों के मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करे राज्य सरकार : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई में हुए साम्प्रदायिक दंगों के 30 साल बाद महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि क्या उन्होंने दंगों में गायब हुए 168 लोगों के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजा दिया था और क्या उन्होंने मुआवजा सूची में 900 दूसरे पीड़ितों को भी शामिल किया। कोर्ट ने दो हफ्ते में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या सरकार यह बता सकती है कि घटना के कितने समय बाद मुआवजा दिया। गौरतलब है कि 1992-93 में मुंबई में हुए सांप्रदायिक हिंसा में 900 लोगों की मौत हुई थी और 168 लोग लापता हो गए थे।

देश में कोरोना के 5,439 नये मरीज मिले

नयी दिल्ली : पिछले 24 घंटे में मंगलवार सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के 5,439 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वाले लोगों की संख्या 22,031 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वालों की कुल संख्या 04 करोड़ 38 लाख 25 हजार 024 हो गई है। इस दौरान रिकवरी दर 98.66 प्रतिशत हो गई। फिलहाल देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 65 हजार 732 है। जबकि दैनिक संक्रमण दर 1.70 प्रतिशत है। आईसीएमआर के मुताबिक बीते 24 घंटों में 3.20 लाख से ज्यादा टेस्ट किए गए। अबतक कुल 88 करोड़ 55 लाख टेस्ट किए जा चुके हैं।

सीबीआई ने सिसोदिया के बैंक लॉकर खंगाले

नयी दिल्ली : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया के पंजाब नेशनल बैंक के लॉकर की मंगलवार को तलाशी ली। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने नई आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर बैंक की गाजियाबाद शाखा का दौरा किया। तलाशी के कुछ घंटे पहले श्री सिसोदिया ने ट्वीट किया, 'सीबीआई हमारे बैंक लॉकर को देखने आ रही है। गत 19 अगस्त को मेरे घर पर 14 घंटे की छापेमारी में कुछ नहीं मिला।' श्री सिसोदिया ने दावा किया, 'लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सीबीआई आपका स्वागत है। मेरा परिवार जांच में पूरा सहयोग देगा। लॉकर में मेरी पत्नी और बच्चों के गहने और कुछ अन्य सामान हैं।' गौरतलब है कि सीबीआई ने 19 अगस्त को श्री सिसोदिया के आवास पर छापा मारा था। जांच एजेंसी ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि उन्हें उसके घर से कोई सबूत मिले या नहीं।

अभिनेता कमाल रशीद खान गिरफ्तार

मुंबई : मलाड़ पुलिस ने फिल्म समीक्षक और अभिनेता कमाल रशीद खान (केआरके) को मंगलवार सुबह 2020 के पुराने ट्वीट मामले में गिरफ्तार कर लिया। शिवसेना के कार्यकर्ता राहुल कनाल ने मलाड थाने में केआरके के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। तब से वह फरार थे। केआरके ने अपने ट्विटर हैंडल से कुछ अभिनेताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी आधार पर राहुल कनाल ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। तब से खान देश से बाहर थे। पुलिस ने केआरके को समन जारीकर लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। सोमवार देररात केआरके को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हिरासत में लेने के बाद मलाड पुलिस को सौंप दिया गया। केआरके फिल्म अभिनेता शाहरुख खान और सलमान खान के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं।

हल्के वाहनों के लिए खुला जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग

जम्मू : जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार सुबह आठ बजे हल्के और निजी वाहनों के लिए दोनों तरफ से खुल गया। दोपहर एक बजे तक हल्के वाहनों को गुजरने की अनुमति दी गई है। इसके बाद अधिकारी भारी वाहनों को उधमपुर से श्रीनगर की तरफ रवाना करेंगे। अधिकारियों ने सुरक्षा बलों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करते हुए सार्वजनिक और निजी वाहनों के गुजरने और राजमार्ग की ताजा स्थिति का जायजा लेने के बाद ही अपने वाहनों को जम्मू से श्रीनगर की ओर ले जाएं। इस बीच श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी रोड को दोनों तरफ से यातायात के लिए खुला रखा गया है। राजौरी व पुंछ जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां से जोड़ने वाला मुगल रोड और एसएसजी रोड वाहनों की आवाजाही के लिए खुला है। अधिकारियों का कहना है कि तय समय के बाद किसी भी वाहन को आवाजाही की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भाजपा विधायक भातखलकर के विरुद्ध मामला दर्ज

मुंबई : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अतुल भातखलकर के विरुद्ध पुणे साइबर पुलिस ने सोनिया गांधी को बदनाम करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुणे सायबर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ के लिए जब तलब किया था, उस समय सोनिया गांधी कोरोना से संक्रमित थीं। इसके बाद अतुल भातखलकर ने ट्विटर पर इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि यह कोरोना का ईडी वेरिएंट है। इस संबंध में पुणे में कांग्रेस कार्यकताओं ने पुलिस में लिखित शिकायत दी थी। उसके बाद संदीप भुजबल ने पुणे सायबर पुलिस के समक्ष उपस्थित होकर फिर से अतुल भातखलकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले अतुल भातखलकर एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं।

संक्षिप्त

प्रशांत भूषण के खिलाफ दर्ज अवमानना केस बंद

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण के खिलाफ 13 साल पुराने अवमानना केस को बंद कर दिया है। 2009 में तहलका मैगजीन में छपे बयान में भूषण ने दो पूर्व चीफ जस्टिस को भ्रष्ट कहा था। प्रशांत भूषण पर पूर्व चीफ जस्टिस एचएस कपाडिया और केजी बालाकृष्णन के खिलाफ आरोप लगाने का मामला है। 2020 में प्रशांत भूषण ने खेद जताते हुए कहा था कि उन्होंने आर्थिक भ्रष्टाचार की बात नहीं कही थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसके आधार पर मामला बंद कर दिया।

गुजरात दंगों से जुड़े सभी केस की बंद

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के बाद दाखिल याचिकाओं की सुनवाई बंद कर दी है। कोर्ट ने नरोदा ग्राम मामले को छोड़कर 2002 के गुजरात दंगे से जुड़े बाकी सभी मामलों को बंद कर दिया।याचिकाकताओं ने कहा कि कोर्ट ने एसआईटी गठित की थी और दंगे के लगभग सभी केस में निचली अदालत का फैसला आ चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित रखना जरूरी नहीं है।

बाबरी मस्जिद से जुड़े अवमानना याचिकाएं बंद

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने 6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या में बाबरी ढांचे को ढहाए जाने के बाद दाखिल अवमानना याचिका को बंद कर दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता असलम भूरे अब इस दुनिया में नहीं हैं। साथ ही 2019 में आए फैसले के चलते भी अब इस मामले को बनाए रखना जरूरी नहीं है। असलम भूरे ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर बाबरी मस्जिद को गिराए जाने पर उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी।

पाकिस्तान में बाढ़ पीड़ितों से भरी नाव पलटी, 13 की मौत

कराची : बाढ़ की विभीषिका से घिरे पाकिस्तान में सिंधु नदी में नाव पलटने से कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। इस हादसे में कई लोग लापता हो गए। सिंधु नदी इस समय पूरे उफान पर है। पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक करीब डेढ़ हजार लोगों की जान जा चुकी है। मूसलाधार बरसात के बाद खराब हुए हालात में लाखों लोग बेघर हो गए हैं। सड़कें और पुल ध्वस्त हो चुके हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सोमवार को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधु नदी में बाढ़ प्रभावित लगभग 25 पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से यह हादसा हुआ। यह घटना सिंध के सहवान शहर के बिलावलपुर गांव में हुई है। इन बाढ़ पीड़ितों का रेस्क्यू कर नाव के जरिए राहत शिविरों में ले जाया जा रहा था। पाकिस्तान सरकार ने बाढ़ के बाद बने हालात को 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित किया है। मुल्क के करीब 110 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उदयपुर में किया मां पन्नाधाय की मूर्ति का अनावरण, बोले

भारत अब कमजोर नहीं, सभी चुनौतियों से निपटने में सक्षम

उदयपुर : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिर दोहराया है कि भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया और न ही एक इंच विदेशी भूमि पर कब्जा किया है, लेकिन अगर कोई बुरी नजर डालने की कोशिश करता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि सभी चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत और सक्षम है।

यह बात देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को उदयपुर के पन्नाधाय पार्क में मां पन्नाधाय की प्रतिमा के अनावरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का ताकतवर देश बन गया है, आत्मनिर्भर भारत रक्षा क्षेत्र में 2047 तक पौने तीन लाख करोड़ का एक्सपोर्ट करेगा। आने वाला 25 साल भारत का अमृत काल है और भारत 2040 में विश्व गुरु पद पर आसीन होगा।

उन्होंने नए भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे महापुरुषों की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। साम्राज्य और सम्राटों को सभी याद करते हैं लेकिन साम्राज्य और सम्राटों को बनाने वालों के पीछे जिन लोगों ने बलिदान दिया है उन्हें भी याद किया जाना चाहिए। धाय मां पन्ना इसी बलिदान की वेदी पर एक अमर पन्ना है। इनके समर्पण से प्रेरणा लेकर हमें देश को मजबूत बनाना है।

रक्षामंत्री ने कहा कि बेरोजगारी का संकट भाषण देने से समाप्त नहीं हो सकता, इसके लिए कठोर निर्णय की आवश्यकता होती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है, उन्होंने यह तय किया है कि 100 में से 68 फीसदी खरीद स्वदेशी ही हो। यदि कोई विदेशी कंपनी भारत में व्यापार करना चाहती है तो वह भारत में आए, फैक्ट्री लगाए, उत्पादन करे, ताकि भारत के हाथों को काम मिले।

रक्षा मंत्री ने धाय मां पन्ना सहित हाड़ी रानी, दुगार्दास राठौड़ अमृता देवी, भक्तिमती मीराबाई को भी याद किया और मेवाड़ को भक्ति और शक्ति की धरा बताते हुए कहा कि यदि धाय मां पन्ना नहीं होती तो न उदय सिंह होते और ना वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप।

समारोह में केंद्रीय भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने भी पन्ना धाय के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को सर्वोच्च बलिदान बताया। उन्होंने कहा कि नाहरी (क्षत्राणी) का जाया और गूजरी का धाया श्रेष्ठ योद्धा होता होता है।

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और उदयपुर शहर विधायक गुलाबचंद कटारिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पन्नाधाय की प्रतिमा की जरूरत और महत्व को प्रतिपादित किया। साथ ही समारोह में आए गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन भी किया।

नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टाक, डूंगरपुर बांसवाड़ा सांसद कनक मल कटारा, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी सहित उदयपुर संभाग के भाजपा विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ पदाधिकारी आदि मंच पर मौजूद थे।

नगर निगम उप महापौर पारस सिंघवी ने बताया कि पन्नाधाय की आदमकद प्रतिमा 9 फीट 6 इंच की है। तीन प्रतिमाओं के इस समूह में उदयपुर को बसाने वाले उदय सिंह की प्रतिमा 5 फीट 6 इंच की है। बलिदान हुए चंदन की प्रतिमा 4 फीट 11 इंच की है। तीनों प्रतिमाओं का कुल वजन 1130 किलो है। तेरह लाख की लागत से तीनों प्रतिमाओं का निर्माण करवाया गया है।

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व आरंभ में मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर रक्षा मंत्री ने समारोह का आरंभ किया। उदयपुर शहर भाजपा जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने रक्षा मंत्री को तलवार भेंट की। बृजलाल सोनी तथा गिरधारी लाल सोनी ने पणाधाय के शौर्य पर कविता प्रस्तुत की।

प्रधानमंत्री 1-2 सितंबर को केरल और कर्नाटक जाएंगे

राष्ट्र को समर्पित करेंगे पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1-2 सितंबर को कर्नाटक और केरल के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड में पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे मंगलुरु में करीब 3800 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1-2 सितंबर को कर्नाटक और केरल के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री 1 सितंबर को शाम 6 बजे, कोचीन हवाई अड्डे के पास कलाडी गांव में आदि शंकराचार्य के पवित्र जन्मस्थान श्री आदि शंकर जन्मभूमि क्षेत्र का दौरा करेंगे।

प्रधानमंत्री 2 सितंबर को सुबह 9:30 बजे, कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में आईएनएस विक्रांत के रूप में पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री विशेष रूप से रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मानिर्भर भारत के प्रबल समर्थक रहे हैं। आयोजन के दौरान, प्रधानमंत्री औपनिवेशिक अतीत को दूर करते हुए और समृद्ध भारतीय समुद्री विरासत के अनुरूप नए नौसेना पताका (निशान) का भी अनावरण करेंगे।

इसके बाद दोपहर 1:30 बजे प्रधानमंत्री मंगलुरु में करीब 3800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी द्वारा शुरू किए गए कंटेनरों और अन्य कार्गो को संभालने के लिए बर्थ नंबर 14 के मशीनीकरण के लिए 280 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री बंदरगाह द्वारा शुरू की गई करीब 1000 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

भारत ने अफगानिस्तान भेजा 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं

संयुक्त राष्ट्र : भारत ने क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा है कि उसने अफगानिस्तान को 40 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं भेजा है। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अफगानिस्तान को देश की ओर से पहुंचाई जा रही मदद का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने काबुल के पड़ोसी और पुराने साझेदार के रूप में अपनी स्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने वहां के गुरुद्वारों पर हो रहे हमलों पर भी चिंता जताई। रुचिरा ने कहा कि हमने सुरक्षा परिषद में बार-बार कहा है कि शांति और स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करने का भारत पक्षधर है। अफगान लोगों से हमारे मजबूत ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से की गई अपील के जवाब में हमने कदम उठाए हैं।

गृहमंत्री पहुंचे दिल्ली पुलिस मुख्यालय, ऑफिसर संग की मीटिंग

भविष्य के एक्शन प्लान पर की चर्चा

नयी दिल्ली : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जय सिंह रोड स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान वह पुलिसिंग के संबंध में वर्ष 2024 एक्शन प्लान एवं आगामी जी-20 समिट के दृष्टिगत मजबूत सुरक्षा योजना समेत अनेक बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की।

पुलिस मुख्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार गृह मंत्री अमित शाह का आने का समय दोपहर में निर्धारित था लेकिन सुबह 9:00 बजे से पहले वह पुलिस मुख्यालय पहुंचे जहां पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने प्लांट देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद अमित शाह अंदर पहुंचे और उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ सिर्फ पुलिस मुख्यालय का निरीक्षण ही नहीं किया बल्कि अधिकारियों के साथ बैठकर मीटिंग की और

कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी भी ली। आने वाले समय में होने वाले बड़े कार्यक्रम को लेकर चर्चा भी की।

इस अवसर पर गृह मंत्री ने कई महत्वपूर्ण विषयों के साथ-साथ वर्ष 2024 के दृष्टिगत समीक्षा बैठक और भविष्य के एक्शन प्लान पर भी डिस्कस किया। दिल्ली की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस द्वारा प्रस्तुत विस्तृत रोडमैप और जी-20 समिट की तैयारियों पर भी चर्चा किया। पता चला की फॉरेंसिक और कानूनी संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। आज इस अवसर पर सीडब्ल्यूजी एवं वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स सहित अन्य खेलों में मेडल जीतने वाले पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

आत्मनिर्भरता. वायु सेना अक्टूबर के पहले सप्ताह में पहली इकाई औपचारिक रूप से बनाने को तैयार

जोधपुर में बनेगी एलसीएच की पहली स्क्वाड्रन

नयी दिल्ली : स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों (एलसीएच) की पहली स्क्वाड्रन पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के जोधपुर में बनेगी। भारतीय वायु सेना 'एयर फोर्स डे' के अवसर पर अक्टूबर के पहले सप्ताह में अपनी पहली इकाई को औपचारिक रूप से बढ़ाने के लिए तैयार है। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दस एलसीएच इस स्क्वाड्रन में शामिल किये जाएंगे। वैसे वायुसेना अधिग्रहित किए जाने वाले कुल 65 एलसीएच के हिसाब से स्क्वाड्रन बनाने की योजना पर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 30 मार्च को 3,887 करोड़ रुपये की लागत से लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी) वेरिएंट के 15 स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) और 377 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे को मंजूरी दी थी। एलएसपी के तहत वायु सेना

● एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दस एलसीएच पहली स्क्वाड्रन में शामिल किए जाएंगे

और सेना के लिए पांच-पांच एलसीएच का उत्पादन करने के लिए एचएएल को कहा गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एलएसपी वेरिएंट में 10 हेलीकॉप्टर वायु सेना के लिए और पांच भारतीय सेना के लिए होंगे। वायुसेना के लिए 65 और सेना के लिए 114 एलसीएच हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता बताई गई है।

भारतीय वायुसेना को पहले बैच में तीन हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर दे दिए जायेंगे। एलएसपी श्रृंखला के तहत सेना के लिए चार और वायु सेना के लिए दो एलसीएच का उत्पादन पूरा कर लिया गया है। शेष छह एलसीएच का उत्पादन अगले साल किया जाएगा।

वायुसेना फिलहाल पुराने रूसी एमआई-25 और एमआई-35 अटैक हेलीकॉप्टरों का संचालन करती है, लेकिन बेड़े में 22 बोइंग एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों के शामिल होने के बाद एक स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से हटा दिया गया है। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि मौजूदा एमआई-35 स्क्वाड्रन को ओवरहाल के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया में है।

कोयला तस्करी केस में नोटिस

अभिषेक बनर्जी को ईडी ने किया तलब

कोलकाता : तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की 24 घंटे पहले जताई गई आशंका आखिरकार सच हो गई। तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह के ठीक एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला तस्करी केस में ममता के भतीजे और डायमंड हार्बर के अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी कर 2 सितंबर (शुक्रवार) को तलब किया है। सांसद अभिषेक बनर्जी को कोलकाता स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी उनसे पूछताछ के लिए दिल्ली से विशेष टीम भेज रही है। यह पूछताछ सीजीओ कॉम्प्लेक्स में हो सकती है। तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि अभिषेक भाजपा की राह में कांटा हैं। इसलिए एजेंसी उन्हें प्रताड़ित कर रही है। यह राजनीतिक साजिश है।

आजाद के समर्थन में आये जम्मू-कश्मीर के कई कांग्रेसी नेता

पूर्व डिप्टी सीएम ताराचंद समेत 64 वरिष्ठ नेताओं का इस्तीफा

जम्मू : जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद सहित कांग्रेस के 64 से अधिक वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को गुलाम नबी आजाद के समर्थन में पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक संयुक्त त्याग पत्र सौंपा।

एक संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को तारा चंद और पूर्व मंत्री अब्दुल मजीद वानी, मनोहर लाल शर्मा, घरू राम और पूर्व विधायक बलवान सिंह सहित कई अन्य लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित अपने इस्तीफे की घोषणा की। इस अवसर पर बलवान सिंह ने कहा कि हमने आजाद के समर्थन में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को संयुक्त त्याग पत्र सौंपा है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री 73 वर्षीय गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक के संबंधों को अपना इस्तीफा सौंप कर समाप्त कर दिया। वह जल्द ही जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रीय स्तर की पार्टी शुरू करेंगे। आजाद के समर्थन में पूर्व मंत्रियों और विधायकों सहित एक दर्जन से अधिक प्रमुख कांग्रेस नेता, सैकड़ों पंचायती राज संस्थान (पीआरआई) के सदस्यों के अलावा, नगर निगम के नगरसेवक और जिला और ब्लॉक स्तर के नेता पहले ही कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटुआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)